शर्मा हार्डवेयर
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in
हिंदी दैनिक
गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित
राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 167 | गुवाहाटी | शुक्रवार, 12 जनवरी, 2024 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

मणिपुर : गोलीबारी में चार की मौत, सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों ... पेज 3
अदाणी डिफेंस ने तैयार किया पहला स्वदेशी दृष्टि-10 स्टारलाइनर यूएवी, नौसेना... पेज 4
अयोध्या-अहमदाबाद के बीच विमान सेवा का शुभारंभ पेज 5
राजस्थान सहित छह राज्यों की चाबी अपने हाथ में रखेगी जेजेपी पेज 8

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(असमीया दैनिक)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path, ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path, Near Dona Planet ABC, G.S. Road, Guwahati - 05
97079-99344

## सुप्रभात

*एक आदर्श पत्नी वो है जो अपने पति की सुबह मां की तरह सेवा करे और दिन में एक बहन की तरह प्यार करे और रात में एक वेश्या की तरह खुश करे।*

– **आचार्य चाणक्य**

# समान नागरिक संहिता उत्तराखंड और गुजरात के बाद असम में : सीएम



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने गुरुवार को घोषणा की कि उनकी सरकार उत्तराखंड और गुजरात के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। पत्रकारों से बात करते हुए, शर्मा ने कहा कि उत्तराखंड और गुजरात सबसे पहले यूसीसी लाएंगे। असम कुछ अतिरिक्त के साथ उनका अनुसरण करेगा। मैं उत्तराखंड के यूसीसी बिल को देखने का इंतजार कर रहा हूं। हम ऐसा ही बिल लाएंगे। असम में जनजातीय समुदाय को यूसीसी के दायरे से छूट दी जाएगी। उत्तराखंड सरकार ने 23 दिसंबर, 2023 को राज्य के लिए समान नागरिक संहिता का मसौदा तैयार करने वाले एक विशेषज्ञ पैनल द्वारा अब तक लिए गए निर्णयों को मंजूरी दे दी। मुख्य सचिव एसएस संधू ने संवाददाताओं को बताया कि कैबिनेट ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में एक बैठक के दौरान मसौदा समिति के फैसलों को मंजूरी दे दी। सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता वाली समिति जनवरी में राज्य सरकार को मसौदा सौंपेगी, जिसके बाद इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू होगी। समिति का गठन मई 2022 में किया गया था। भाजपा के नेतृत्व वाली गुजरात सरकार भी राज्य में यूसीसी लागू करने के लिए काम कर रही है। गुजरात के गृह मंत्री हर्ष सांघवी ने अक्टूबर 2022 में राज्य में समान नागरिक संहिता लागू करने के -शेष पृष्ठ दो पर

# रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले दबोचा गया पाकिस्तानी एजेंट



**नई दिल्ली।** 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के पहले यूपी एसटीएफ को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। दरअसल, शामली जिले से आईएसआई एजेंट तहसीम उर्फ मोटा को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि अरेस्ट हुआ आरोपी अपने भाई कलीम के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना की साजिश रच रहा था। पकड़े गए आरोपी का पाकिस्तान भी आना जाना रहा है, लाहौर में एक महिला के पास लगभग एक माह तक रहा है। आपको बता दें कि एसटीएफ के द्वारा पकड़े गए आरोपी के खिलाफ शामली जिले में कई मुद मुकदमें दर्ज है। ये दोनों भाई मिलकर भारत देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता, तथा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की साजिश रच रहें थे। जानकारी ये भी है कि कलीम और उसका भाई अक्सर पाकिस्तान आता जाता रहता है, जहां पर उसकी पहचान आईएसआई हैंडलर से -शेष पृष्ठ दो पर

## संसद का बजट सत्र 31 से

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलने की संभावना है। बता दें कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण के साथ ही सत्र की शुरुआत होगी। सूत्रों के हवाले से बताया गया कि 31 जनवरी से लेकर 9 फरवरी तक बजट सत्र के चलने की संभावना है। सरकार एक फरवरी को अंतरिम बजट पेश करेगी। हालांकि, लोकसभा चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करेगी। बता दें कि 17वीं लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को समाप्त होने वाला है। ऐसे में लोकसभा चुनाव की घोषणा -शेष पृष्ठ दो पर

# बेदाग लोकसभा चुनाव सुनिश्चित करवाएं राज्य निर्वाचन अधिकारी : ईसी



**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने गुरुवार को सभी राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से लोकसभा चुनाव *बेदाग* तरीके से करवाने को कहा। इसी साल मार्च-अप्रैल में चुनाव होने हैं। सीईओ के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुमार ने यह भी कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए हमारे पास ठोस तैयारियां मौजूद हैं। चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जोर देते हुए कहा कि चुनाव कर्तव्य और संकल्प की यात्रा है। उन्होंने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के अनुरूप सभी हितधारकों को सर्वश्रेष्ठ संभव चुनावी अनुभव देने के लिए जरूरी कदमों को उठाने पर विश्वास जताया। यह दो दिवसीय सम्मेलन चुनावी योजना, खर्चे की निगरानी, वोटर लिस्ट, आईटी एप्लीकेशन, डेटा प्रबंधन और ईवीएम पर विषयगत चर्चा को लेकर है। इसके साथ ही सम्मेलन हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों से अनुभव और उससे मिली सीख साझा करने के लिए आयोजित किया -शेष पृष्ठ दो पर

## न्यूज गैलरी

### निमोनिया से 36 बच्चों की मौत, प्रार्थना सभाओं पर रोक

**लाहौर।** कड़ाके की ठंड के चलते पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले सप्ताह 36 बच्चों की मौत हो गई है। जिसके बाद से पाकिस्तान के अधिकारियों ने स्कूलों में होने वाली सुबह की प्रार्थना सभा को फिलहाल प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए हैं। एक आधिकारिक बयान में इस बात की पुष्टि हुई। बयान के मुताबिक कड़ाके की ठंड के चलते स्कूलों में 31 जनवरी तक प्रार्थना सभाओं पर प्रतिबंध लगाया गया है। पंजाब प्रांत में ठंड के चलते निमोनिया के मामलों में बढोतरी हुई है। जिसके कारण पाकिस्तान -शेष पृष्ठ दो पर


### राम मंदिर को सौंपा गया 500 किलोग्राम का विशाल नगाड़ा

**अहमदाबाद।** गुजरात से विशेष रथ से 500 किलोग्राम का विशाल नगाड़ा अयोध्या लाकर उसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को सौंपा गया है। लखनऊ में गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, गुजरात से विशेष रथ से 500 किलोग्राम का विशाल नगाड़ा बुधवार को अयोध्या लाया गया और इसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को सौंपा गया। बयान के मुताबिक, -शेष पृष्ठ दो पर

### महिला उद्यमिता योजना की रूपरेखा तैयार

**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि असम सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से *मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता* योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। मुख्यमंत्री डॉ शर्मा आज राजधानी दिसपुर स्थित लोक सेवा भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने इस दौरान कई योजनाओं की घोषणा की, जो आने वाले दिनों में सरकार द्वारा शुरू -शेष पृष्ठ दो पर

# कांग्रेस राम मंदिर के निमंत्रण योग्य नहीं : हिमंत



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं द्वारा राम मंदिर निर्माण के निमंत्रण को अस्वीकार करने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आज कहा कि पार्टी शुरू से ही राम मंदिर के खिलाफ अपने विचारों के कारण निमंत्रण के लायक नहीं है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया के जरिए कांग्रेस नेता जयराम रमेश के एक बयान को उद्धृत करते हुए आज कांग्रेस पार्टी की आलोचना करते हुए, कांग्रेस को हिंदू विरोधी बताते हुए कहा कि इस निमंत्रण को स्वीकार करके, वे प्रतीकात्मक रूप से हिंदू समाज से माफी मांग सकते थे। उन्होंने कहा कि जैसा पंडित नेहरू ने सोमनाथ मंदिर के साथ किया था, कांग्रेस के वर्तमान नेतृत्व ने भी वैसा ही राम मंदिर के साथ किया है।

# नड्डा ने की अरुणाचल प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी बैठक की अध्यक्षता





**इटानगर (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को राजधानी इटानगर के डीके कन्वेंशन सेंटर में अरुणाचल प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि उत्तर पूर्वी राज्य के विकास में भाजपा सरकार की दोहरी जिम्मेदारी है क्योंकि, हमें उत्तर पूर्वी राज्य में तत्कालीन सत्तारूढ़ कांग्रेस के समय नहीं किए गये विकास गतिविधियों को पूरा करना है, इसलिए अब सारी जिम्मेदारियां भाजपा पर आ गई है और राज्य के विकास के लिए और अधिक मेहनत करना -शेष पृष्ठ दो पर

## कांग्रेस का मतलब है फूट डालो और राज करो

**इटानगर (हि.स.)।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा है कि कांग्रेस का मतलब है फूट डालो और राज करो। कांग्रेस पार्टी ने राजनीति और वोट से परे कभी सोचा ही नहीं। वे *राजनीति* करते हैं, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम *राष्ट्रनीति* करते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा आज अरुणाचल प्रदेश की राजधानी इटानगर में अरुणाचल प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा -शेष पृष्ठ दो पर

## मुस्लिम लीग जे एंड के पर धारा 7 और 8 के तहत राज्य-केंद्र कर सकेंगे कार्रवाई



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मसरत आलम के संगठन जम्मू कश्मीर मुस्लिम लीग पर प्रतिबंध के बाद एक और कार्रवाई की है। केंद्र ने निर्देश दिया है कि इस अलगाववादी संगठन के खिलाफ सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेश गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम, 1967 की धारा 7 और धारा 8 के तहत कार्रवाई कर सकेंगें। बता दें कि इस संगठन पर कश्मीर घाटी की अलगाववादी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने क आरोप है। इस पर लोगों को भड़काने, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर आरोप भी हैं। मसरत आलम के संगठन को केंद्रीय – शेष पृष्ठ दो पर

# अरुणाचल से महाराष्ट्र आए 60 वाहन नकली फर्जी इंजन और चेचिस नंबर का भंडाफोड़




**मुंबई।** महाराष्ट्र के परिवहन अधिकारियों ने पिछले तीन साल में पंजीकृत अरुणाचल प्रदेश के 60 ऐसे वाहनों का पता लगाया है, जो असली नहीं हैं। पालघर जिले के वसई क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में दोबारा पंजीकृत 60 वाहनों पर फर्जी इंजन और चेसिस नंबर पाए हैं। अरुणाचल प्रदेश से आई इन गाड़ियों में अधिकांश वाहन- बस और ट्रक हैं। ट्रांसपोर्टर और वाहनों से जुड़े कार्यकर्ता इसे बहुत बड़ा *घोटाला* बता रहे हैं। वसई आरटीओ कार्यालय का क्षेत्राधिकार पालघर जिले पर है। आरटीओ का दावा है कि इन वाहनों को महाराष्ट्र में ट्रांसफर कराने से पहले अरुणाचल प्रदेश में फर्जी दस्तावेजों के साथ पंजीकृत किया गया होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि इंजन और चेसिस नंबर वाहन निर्माताओं के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते। खबरों के मुताबिक आधिकारिक दस्तावेजों से वाहनों से जुड़े फर्जीवाड़े का संकेत मिलता है। दस्तावेजों से पता चलता है कि वसई आरटीओ -शेष पृष्ठ दो पर

## चमत्कारी बुद्ध बॉय रेप के आरोप में गिरफ्तार

**काठमांडु।** नेपाल की पुलिस ने 10 जनवरी बुधवार को नेपाली व्यक्ति राम बहादुर बोमजोन को रेप के आरोप में गिरफ्तार किया है। नेपाली लोग 33 साल के बोमजोन को बुद्ध का अवतार मानते हैं और *चमत्कारी बुद्ध बॉय* के नाम से पुकारते हैं। साल 2018 में एक 18 साल की नन ने बुद्ध बॉय पर रेप करने का आरोप लगाया था। इसके अगले ही साल पुलिस ने बुद्ध बॉय के खिलाफ जांच शुरु कर दी थी। पुलिस के जांच में बुद्ध बॉय के मठ से लोगों -शेष पृष्ठ दो पर

# हर कोर्स के साथ इंटर्नशिप होगा अनिवार्य




**नई दिल्ली।** सबकुछ सही तरह परवान चढ़ा तो विश्वविद्यालयों से पढ़कर निकलने के बाद छात्रों की रोजगार को लेकर शुरू होने वाली तलाश खत्म हो सकती है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने युवाओं की इन मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए देश भर के सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों को उद्योगों के साथ ही मिलकर प्रत्येक कोर्सों के साथ ही इंटर्नशिप प्रोग्राम शुरू करने के निर्देश दिए है। इसमें छात्रों को उनकी रूचि और उद्योगों की मांग के मुताबिक संबंधित क्षेत्रों में इंटर्नशिप के मौके मुहैया कराए जाएंगे। साथ ही इसके भी -शेष पृष्ठ दो पर

# इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग असम से शुरू करेगी अपना कारोबार

**गुवाहाटी।** इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग या आईपीएम दिल्ली स्थित एक स्टार्ट-अप कंपनी है जिसे पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (मंत्रालय) द्वारा अपनी संशोधित नीति के तहत निजी संस्थाओं (स्टार्ट-अप सहित) को परिवहन ईंधन विपणन प्राधिकरण देने के लिए अपनी संकल्प संख्या पी-12029 (11)/2/2018-ओएमसी-पीएनजी दिनांक 8 नवंबर, 2019 के अनुसार परिवहन ईंधन खुदरा विपणन प्राधिकरण प्रदान किया गया है। उक्त संशोधित नीति मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रमुख *स्टार्ट-अप इंडिया* पहल के उद्देश्यों को साकार करने के लिए तैयार की गई थी,

- देश भर में खुदरा आउटलेट (पेट्रोल पंप) करेगा स्थापित
- आईपीएम अखिल भारतीय परिचालन शुरू करने वाला पहला निजी क्षेत्र
- बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक के साथ उद्यमिता विकास को भी बढ़ावा




जिसका उद्देश्य स्टार्ट-अप संस्कृति को उत्प्रेरित करना और भारत में नवाचार और उद्यमिता के लिए एक मजबूत और समावेशी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना था। आज गुवाहाटी में इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग के प्रमुख ज्ञान प्रकाश शर्मा, जतीन शर्मा, किशोर शर्मा और सुमीत बागची ने एक प्रेस वार्ता आयोजित कर कंपनी के द्वारा असम में संचालित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने बताया कि जिन व्यक्तियों के पास अपनी जमीन है वह मात्र डेढ़ करोड़ की लागत से अपना पेट्रोल पंप शुरू कर सकेत हैं।-शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc. **ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01, **Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# राज्यपाल ने उच्च शिक्षा विभाग के कामकाज का जायजा लिया

**गुवाहाटी ( हिंस )।** राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने आज राजभवन में एक ब्रीफिंग सत्र में भाग लिया, जहां उन्होंने उच्च शिक्षा में नामांकन और गुणवत्ता बढ़ाने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा की जा रही पहलों का जायजा लिया। राज्यपाल कटारिया ने उच्च शिक्षा विभाग द्वारा क्रियान्वित कार्यक्रमों का जायजा लेते हुए सावधानीपूर्वक व्यय और बजट उपयोग की निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों से विभाग के राजस्व व्यय पर विशेष ध्यान देने को कहा और उन्हें एसओपीडी परियोजनाओं और केंद्र प्रायोजित योजनाओं की बारीकी से निगरानी करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, राज्यपाल ने उच्च शिक्षा विभाग में प्राथमिक और गुणात्मक अनुसंधान की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि गुणात्मक शोध का समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। गुणवत्ता अनुसंधान एनएएसी और अन्य एजेंसियों जैसे निकायों द्वारा मान्यता और रैंकिंग पर पड़ने वाले प्रभावों को भी स्पष्ट करता है। इस संबंध में समर्पित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए उन्होंने विभाग से अनुसंधान गतिविधियों को प्राथमिकता देने को कहा। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से राज्य भर के तकनीकी संस्थानों में मौजूद बुनियादी ढांचे की कमियों को दूर करने पर ध्यान केंद्रित करने को भी कहा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को राज्य के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक महत्वपूर्ण विकास बताते हुए, राज्यपाल ने अधिकारियों से पूरे राज्य में एनईपी 2020 को लागू करने के लिए अपने प्रयास और ध्यान समर्पित करने को कहा। इसके अलावा, उन्होंने राज्य के उच्च शिक्षण संस्थानों में मल्टीपल एंट्री और मल्टीपल एग्जिट के कार्यान्वयन की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी। उच्च शिक्षा की जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, राज्यपाल ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में परिणामों की नियमित निगरानी का आह्वान किया। उन्होंने संस्थानों का व्यापक मूल्यांकन करने और गुणवत्ता का पालन करने के लिए निगरानी टीमों की स्थापना का प्रस्ताव रखा। बैठक में असम के शिक्षा मंत्री डॉ. रनोज पेगु, असम सरकार के शिक्षा सलाहकार प्रोफेसर ननी गोपाल महंत, उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विश्वरंजन सामल, उच्च शिक्षा निदेशालय और तकनीकी शिक्षा निदेशालय के अधिकारियों सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## शराईघाट एक्सप्रेस से 35 बोरी बर्मीज सुपारी जब्त

**बंगाईगांव ( हिंस )।** असम पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने आज बंगाईगांव रेलवे स्टेशन पर शराईघाट एक्सप्रेस से 35 बोरी बर्मीज (म्यांमार) सुपारी जब्त की। गुप्त सूचना के आधार पर एसटीएफ ने शराईघाट एक्सप्रेस में उसे समय अभियान चलाया, जब गाड़ी बंगाईगांव रेलवे स्टेशन पर खड़ी थी। ट्रेन से बर्मीज सुपारी को नीचे उतार कर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

অসম লোকসেৱা আয়োগ
**ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION**
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.
No. 84PSC/DR-55/2/2021-22

**NOTIFICATION**

It is for information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the Interview/Viva-Voce for the post of **Conservation Officer (Gr.II)** in the Directorate of Archaeology, Assam under Indigenous and Tribal Faith and Cultural Department **( Advt. No. : 04/2022, dated: 29-03-2022)** as per programme given below at its office at Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22. The detailed programme for the Interview/Viva-Voce is given below:

| Sl. No. | Name of the Post & Department | Date of Interview / Viva-Voce | Reporting Time |
|---|---|---|---|
| 1 | **Conservation Officer (Gr.II) in the Directorate of Archaeology, Assam under Indigenous and Tribal Faith and Cultural Department** | **22nd January, 2024** | **9.30 AM** |

Kindly note that the candidates appearing the interview/viva-voce **must bring the following testimonials in original along with self attested photocopies in chronological order, thereof for verification/scrutiny on the day of the interview :**

i. H.S.L.C Admit/Pass Certificate as a proof of age.
ii. H.S.L.C Marksheet and Pass Certificate.
iii. H.S.S.L.C Marksheet and Pass Certificate (If applicable)
iv. Diploma marksheet and Pass certificate
v. CGPA Conversion Formula of the respective universities
vi. Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID.
vii. **State Government Employees of Assam must submit No Objection Certificate from their respective employer or Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID as domicile proof.**
viii. Caste/PwBD certificate/BPL Card (if applicable).
ix. Declaration Form A *("May be downloaded from APSC's website")*
x. Any other documents that may be relevant for their candidature.

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. **The intimation letters shall be uploaded on 18-01-2024 in the APSC's website (www.apsc.nic.in).** The candidates shall have to download their own intimation letter from the aforesaid website.

Sd/-
Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

***-- Janasanyog /D/ 16134/23***

## ट्रेन परिचालन और सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए संरक्षा में सुधार

**गुवाहाटी ( हिंस )।** मानवयुक्त समपार फाटकों को हटाने के लिए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं रोड अंडर ब्रिज (आरयूबी) का निर्माण कार्य किया जाना भारतीय रेल के सभी जोनों में एक सतत प्रक्रिया है। समपार (एलसी) को समाप्त करने की प्राथमिकता ट्रेन परिचालनों में संरक्षा, ट्रेनों की गतिशीलता, सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए उपयोगी और व्यवहार्यता आदि के प्रभाव पर आधारित है। पूर्वोत्तर सीमा रेलवे (पूसीरे) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सब्यसाची दे ने आज बताया है कि वर्ष 2014-2023 (31 दिसंबर, 2023) की अवधि के दौरान पूसीरे के क्षेत्राधिकार के अधीन विभिन्न राज्यों में कुल 219 आरओबी और 640 आरयूबी का निर्माण किया गया था, जिससे ट्रेन आवाजाही की संरक्षा में काफी हद तक वृद्धि हुई है। चालू वित्तीय वर्ष में, कुल 10 आरओबी का निर्माण किया गया है, जिनमें 05 का निर्माण समपार फाटकों के बदले किया गया और चल रहे नए परियोजना स्थलों पर अन्य 05 का निर्माण किया गया। असम में 06, नगालैंड में 02 और पश्चिम बंगाल एवं बिहार में 01-01 आरओबी का निर्माण किया गया।

## कर्ण चौटाला पर भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर बचाव में उतरे दिग्विजय चौटाला

**सिरसा ( हिंस )।** जननायक जनता पार्टी के प्रदेश के प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने आम आदमी पार्टी द्वारा जिला परिषद सिरसा के चेयरमैन व अपने छोटे भाई कर्ण चौटाला के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोपों पर खुलकर बचाव किया। दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि किसी भी व्यक्ति व संगठन को बगैर किसी तथ्य अथवा प्रमाण के ऐसे आरोपों से बचना चाहिए। वे गुरुवार को गांव माधोसिंघाना में चल रही जननायक ग्रामीण कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपने चाचा व ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला पर भी तंज कसते हुए कहा कि वे भी हरियाणा विधानसभा के पटल पर उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला पर बगैर तथ्य के आरोप लगाते रहे हैं लेकिन कोई प्रमाण नहीं दे पाए, जो एक गलत परंपरा है। इस दौरान उन्होंने जेजेपी द्वारा खेल व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के अपने संकल्प को मजबूती देते हुए कहा कि क्रिकेट के बाद आगामी फरवरी में सिरसा में कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित करवाई जाएगी। उन्होंने ग्रामीण आंचल में जारी कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता के भव्य आयोजन के लिए आयोजकों व ग्रामवासियों का आभार जताते हुए कहा कि जिस मेहनत से ये आयोजन करवाए जा रहे हैं। उस के लिए सभी युवा व पार्टी पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में 208 टीमें अपना दमखम दिखा रही हैं। खिलाड़ियों के साथ साथ उनके परिवार व अन्य ग्रामीणों की गिनती की जाए तो करीब 40 हजार लोग सीधे इस प्रतियोगिता से जुड़ते हैं जो नशे के खिलाफ बड़ी चोट है।

# पृष्ठ एक का शेष

### समान नागरिक संहिता ...

लिए एक समिति बनाने की घोषणा की थी। विधि आयोग को जुलाई 2023 तक लगभग 46 लाख प्रतिक्रियाएं मिलीं क्योंकि आयोग ने लोगों से विवादास्पद प्रस्तावित कानून पर अपनी राय देने की अपील की थी। 14 जून को, विधि आयोग ने राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दे पर सार्वजनिक और मान्यता प्राप्त धार्मिक संगठनों सहित हितधारकों से विचार मांगकर समान नागरिक संहिता पर एक नई परामर्श प्रक्रिया शुरू की। इससे पहले, 21वें विधि आयोग, जिसका कार्यकाल अगस्त 2018 में समाप्त हो गया था, ने इस मुद्दे की जांच की और दो अवसरों पर सभी हितधारकों के विचार मांगे। इसके बाद, अगस्त 2018 में *पारिवारिक कानून में सुधार* पर एक परामर्श पत्र जारी किया गया।

### रामलला के प्राण...

मुलाकात हुई थी। आईएसआई हैंडलर ने कलीम को पैसों का लालच दिया था, जिसके बाद से कलीम के भारत में जिहाद फैलाने के लिए असलहा वा गोला बारूद दिया था। आईएसआई हैंडलर के कहने पर भारत की सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए अपने लोगों को तैयार किया जाना था। कलीम द्वारा तैयार किए गए लोगों को भारत के अलग अलग जगहों पर दंगा फसाद कर अपराधिक घटनाओं को अंजाम देना था। वहीं, इस पूरे मामले को लेकर यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस करते हुए बताया कि कलीम अपने लोगों को तैयार कर भारत को इस्लामिक देश बनाने के लिए जिहाद फैलाने के लिए प्रेरित कर रहा था। तहसीम और उसका भाई कलीम फर्जी सिम कार्ड हासिल कर पाकिस्तान में आईएसआई हैंडलर को व्हाट्सएप से सूचनाएं भेज जा रहा था। नफीस कांधला का रहने वाला है जो कलीम को भारत की फेक करेंसी देकर इमरान के साथ आस पास के जनपदों में सप्लाई करने की जिम्मेदारी दी गई थी।

### संसद का बजट ...

से पहले सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी। सनद रहे कि 2019 में 10 मार्च को लोकसभा चुनावों का एलान हुआ था। इस दौरान 11 अप्रैल से लेकर 19 मई के बीच सात चरणों में चुनाव संपन्न हुआ था।

### बेदाग लोकसभा चुनाव...

जा रहा है। राजीव कुमार ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों में आयोग मतदाताओं को सर्वोत्तम अनुभव सुनिश्चित करने पर जोर देगा। वहीं, चुनाव आयुक्त अनूप चंद्र पांडे ने कहा कि यह सम्मेलन 2024 के चुनावों की तैयारियों के तहत पिछले छह महीनों में आयोजित विभिन्न सम्मेलनों, कार्यशालाओं, प्रशिक्षणों, सेमिनारों के साथ शुरू हुई कवायद का समापन है। चुनाव आयुक्त अरुण गोयल ने कहा कि यह सम्मेलन लोकसभा चुनाव को संपन्न करवाने से पहले टीम निर्माण के लिए एक मंच प्रदान करता है। गोयल ने सभी प्रतिभागियों से अपने विचारों और चुनौतियों को स्वतंत्र रूप से शेयर करने और चर्चा करने का भी आग्रह किया। इसके अलावा जिन राज्यों में हाल ही में विधानसभा चुनाव हुए हैं वहां के सीईओ ने अपने अनुभवों, सीखों और चुनाव के दौरान अपनाई गई नई प्रथाओं को लेकर पीपीटी प्रस्तुती दीं। इससे पहले लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में चुनाव आयोग के अधिकारियों और राज्य के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ एक सम्मेलन आयोजित करवाया गया था।

### नड्डा ने की अरुणाचल...

होगा। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस हमेशा भारत को तोड़ने का काम किया है, कभी जोड़ने का काम नहीं किया है। उन्होंने राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा की। नड्डा आज भाजपा कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पार्टी के साथ-साथ राज्य के उत्थान के लिए और सभी प्रमुख कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए कड़ी मेहनत करने की सलाह दी हैं। उन्होंने उगते सूरज की शांतिपूर्ण भूमि पर यात्रा करने के लिए अपने को सौभाग्यशाली माना। उन्होंने प्रदेश के भाजपा कार्यकर्ताओं के अनुशासन की भी सराहना की। बैठक में हिस्सा लेते हुए मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह बैठक ऐतिहासिक है, क्योंकि बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष के शामिल होने से राज्य के पार्टी कार्यकर्ताओं की ऊर्जा बढ़ेगी। उन्होंने भाजपा के कार्यों को वरिष्ठों से सीखने का भी आग्रह किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बियूराम वाहगे ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य में भाजपा एक मजबूत पार्टी बन गई है और राज्य में भाजपा के शासन से राज्य का विकास तेजी से हो रहा है और भाजपा सरकार के 7 वर्षों के भीतर कई विकासात्मक गतिविधियां देखी गई हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू, उप मुख्यमंत्री चोना मीन, राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा, राष्ट्रीय सचिव ऋतुराज सिन्हा और सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कांग्रेस का मतलब ...

कि मोदी सरकार ने हाशिए पर और वंचित लोगों को सशक्त बनाया है और उन्हें मुख्यधारा में लाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की परिभाषा बदल दी है- *अंतिम गांव* को अब *पहला गांव* कहा जाता है। पार्टी अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में हमारी डबल इंजन सरकार 3डी तरीके से काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्वोत्तर में अभूतपूर्व विकास के युग की शुरुआत की है और इसे मुख्यधारा में लाया है। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में हमारी डबल इंजन सरकार ने राज्य की सर्वांगीण प्रगति सुनिश्चित करके लोगों के जीवन को आसान बना दिया है और हम इस विकास को और आगे ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### अरुणाचल से महाराष्ट्र...

ने संबंधित ऑटोमोबाइल निर्माताओं के अधिकृत डीलरों से संपर्क कर वाहन रिकॉर्ड का सत्यापन कराया। गड़बड़ी का पता लगने के बाद आरटीओ ने पिछले महीने पुलिस के पास मामला दर्ज कराया। महाराष्ट्र के अन्य जिलों और आरटीओ को भी इस संबंध में आगाह किया गया है। वसई आरटीओ ने इन 60 वाहनों में शामिल, 34 बसों और 26 ट्रकों को ट्रैक करने की जरूरत पर जोर दिया है। बड़े पैमाने पर वाहनों के कथित फर्जीवाड़े को लेकर पिछले साल, वाशी आरटीओ ने मामला दर्ज किया था। अरुणाचल में पंजीकृत लगभग आधा दर्जन बसों के संबंध में नकली कागजातों के आरोप में यह मामला दर्ज किया गया था। ट्रांसपोर्टरों और कार्यकर्ताओं के मुताबिक आरटीओ के अधिकारियों और कर्मचारियों को वाहन के चेसिस और इंजन नंबर से छेड़छाड़ के मामले पकड़ने की ट्रेनिंग दी जाती है। केवल एक नजर में छेड़छाड़ पकड़े जा सकते हैं। उन्होंने हैरानी जताई है कि वसई आरटीओ के अधिकारी इतनी बड़ी संख्या में वाहनों के नकली चेसिस और इंजन नंबरों को पकड़ने में कैसे नाकाम रहे? अधिकारियों को संदेह है कि टैक्स से बचने या कानून के अनुपालन से बचने के लिए वाहनों को पूर्वोत्तर राज्य से बाहर भेजे जाने की आशंका है। वसई आरटीओ के उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी दशरथ वाघुले ने कहा कि परिवहन आयुक्त कार्यालय के निर्देश पर, उन्होंने पिछले तीन वर्षों में इन 60 वाहनों के बारे में पता चला। इनका अरुणाचल प्रदेश में पंजीकरण हुआ है। वाघुले ने कहा कि पुलिस इस मामले में गहन जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया लगता है कि वाहनों को फर्जी दस्तावेजों के सहारे अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत कराया गया। आम तौर पर वाहन खरीदने-बेचने या मालिक का पता बदलने पर वाहन पंजीकरण दूसरे राज्यों में कराए जाते हैं। वाहनों से जुड़े कार्यकर्ता शिरकांत कर्वे ने सवाल किया कि एक विशेष राज्य से फर्जी चेसिस और इंजन नंबर वाले इतने सारे वाहन वसई आरटीओ में कैसे पंजीकृत करा लिए गए। हर वाहन का फिटनेस रिन्यू कराना पड़ता है। महाराष्ट्र स्थानांतरित होने पर मोटर वाहन कानून के कई प्रावधानों का पालन करना होता है। आरटीओ निरीक्षकों को पूरी जांच करनी होती है। उन्होंने सवाल किया कि 60 वाहनों के कागज नकली पाए गए हैं, ऐसे में क्या वसई आरटीओ के वरिष्ठ अधिकारियों को कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला? गोपनीयता की शर्त पर एक वरिष्ठ आरटीओ निरीक्षक ने बताया कि वाहन मालिक पहले उस कार्यालय के सहायक आरटीओ के पास आवेदन करता है जहां दोबारा पंजीकरण कराना है। पहले से जिस आरटीओ के पास पंजीकरण है, वहां से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) सहित दूसरे जरूरी दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाता है। सहायक आरटीओ निरीक्षक वाहन की फिटनेस की जांच करते हैं। चेसिस और इंजन नंबर का सत्यापन भी होता है। इतने चरणों के बाद ही दोबारा पंजीकरण का नियम है। आरटीओ अधिकारियों और एजेंटों के अनुसार, जिन बसों की बात हो रही है, फाइनांस के बाद बैंक लोन का भुगतान न होने की सूरत में, बैंकों ने इनकी नीलामी कराई होगी। ट्रक बीएस-फोर इंजन वाले हैं। डीलर सरकार की तरफ से समय सीमा से पहले इन्हें बेचने में विफल रहे होंगे। उन्होंने कहा कि फर्जी दस्तावेजों के आधार पर वाहनों को पहले अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत कराया गया। इसके बाद महाराष्ट्र में वाहनों के दोबारा रजिस्ट्रेशन के लिए वहां से एनओसी का जुगाड़ किया गया। इस समय राष्ट्रव्यापी ऑनलाइन वाहन पंजीकरण प्रणाली की शुरुआत नहीं हुई थी। बस ऑपरेटरों के अनुसार, वसई आरटीओ में अरुणाचल प्रदेश-पंजीकृत बसों की सूची और भी लंबी हो सकती है। अभी उन वाहनों का डेटा उपलब्ध नहीं होने की आशंका है, जिनका महाराष्ट्र या पड़ोसी राज्यों के दूसरे आरटीओ में ट्रांसफर करा लिया गया है। बस ऑपरेटरों के नेता केवी शेट्टी ने दावा किया कि उन्होंने अरुणाचल-पंजीकृत बसों के बारे में वसई आरटीओ सहित परिवहन अधिकारियों को सचेत किया था, लेकिन अधिकारियों ने इसे नजरअंदाज कर दिया। शेट्टी के मुताबिक, यह बड़ा घोटाला है जिसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अब आरटीओ बसों के मौजूदा मालिकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। सबसे पहले उचित सत्यापन के बिना वाहनों का दोबारा पंजीकरण करने वाले निरीक्षकों और एआरटीओ के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। इस मामले में एक आरटीओ एजेंट ने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान, बैंकों ने मासिक किश्त का भुगतान न होने पर बसें जब्त कर लीं। बैंकों ने वाहनों की नीलामी कराई, लेकिन उन पर सरकारी टैक्स बकाया था। बसों को खरीदने वाले लोगों ने टैक्स चुकाने के बजाय चेसिस और इंजन नंबर के साथ छेड़छाड़ कर इन्हें दूसरे राज्यों में पंजीकृत करा लिया। अरुणाचल प्रदेश में पंजीकरण से पहले, नीलाम की गई बसों के पंजीकरण आधिकारिक तौर पर रद्द नहीं किए गए थे, क्योंकि उन पर टैक्स बकाया थे। इस सूरत में एक ही बस दो चेसिस और इंजन नंबरों के साथ दो आरटीओ में पंजीकृत है। आरटीओ अधिकारियों के अनुसार, 8 साल से अधिक पुराने वाहनों को मुंबई में चलने की अनुमति नहीं है। ऐसे में आठ साल से अधिक समय पहले खरीदे गए वाहनों के फर्जी दस्तावेज तैयार कराए गए। खरीदने की तारीख से छेड़छाड़ के बाद इन्हें अरुणाचल प्रदेश में पंजीकृत कराया गया। महाराष्ट्र में फिर से पंजीकृत कराने के लिए कागजात से फिर छेड़छाड़ की गई।

### चमत्कारी बुद्ध बॉय ...

के गायब होने की भी बात सामने आई थी। इससे पहले साल 2010 में कई लोगों ने बोमजोन के खिलाफ मामला दर्ज कराया था कि वो अपने आश्रम में लोगों को पीटते हैं। नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने कहा कि उन्होंने बोमजोन को 9 जनवरी को गिरफ्तार किया। वह काठमांडू के बाहरी इलाके में एक घर में छिपा हुआ था। सीबीआई टीम को देखकर उसने भागने की कोशिश की लेकिन धरा गया। गिरफ्तारी के समय उसके पास से 30 मिलियन (तीन करोड़) नेपाली रुपए बरामद हुए। राम बहादुर बोमजोन ने किशोरावस्था में ही लोगों को ध्यान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर आकर्षित किया था। बोमजोन ने 2005 में अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियां बटोरीं ।उसके अनुयायियों का कहना था कि वो कई दिनों तक बिना पानी, भोजन या नींद के निश्चल ध्यान कर सकता है। इस रेप के आरोप पर बयान लेने के लिए बोमजोन से संपर्क नहीं किया जा सका है। सीआईबी प्रवक्ता नवाज अधिकारी ने कहा कि बोमजोन को सरलाही जिला अदालत भेजा जाएगा, जिसने उसके लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### मुस्लिम लीग जे ...

गृहमंत्रालय ने 27 दिसंबर, 2023 को एक गैरकानूनी संघ घोषित किया था। इसकी जानकारी केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म *एक्स* पर पोस्ट साझा कर दी थी। मुस्लिम लीग जम्मू-कश्मीर( मसरत आलम गुट) पर यूएपीए के तहत कार्रवाई की गई है। उन्होंने लिखा कि इस संगठन पर लोगों को भड़काने, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के गंभीर आरोप हैं। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी का साफ संदेश है कि राष्ट्र की एकता, सम्प्रभुता और अखण्डता के खिलाफ काम करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। साथ ही कहा कि ऐसे लोगों, संगठनों को सख्त कानूनों का सामना करना पड़ेगा। मसरत आलम भट 2019 से जेल में बंद है। वह जम्मू कश्मीर मुस्लिम लीग के अध्यक्ष और ऑल पार्टीज हुर्रियत कांफ्रेंस के गिलानी गुट का अंतरिम अध्यक्ष माना जाता है। मसरत को गिलानी के काफी नजदीकी माना जाता रहा है।

### इंडो पेट्रोलियम मार्केटिंग ...

फर्स्ट स्टार्ट-अप ओएमसी : यह विपणन प्राधिकरण इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और रिलायंस, नायरा और शेल जैसी निजी क्षेत्र की ओएमसी जैसी अन्य ओएमसी की तरह आईपीएम को तेल विपणन कंपनी (ओएमसी) का दर्जा देता है। आई.पी.एम. ईंधन की खुदरा बिक्री के लिए देश भर में खुदरा आउटलेट (पेट्रोल पंप) स्थापित करेगा। पहले चरण में, मंत्रालय ने आईपीएम को 5 वर्षों के भीतर 100 आउटलेट स्थापित करने की अनुमति दी है। वास्तव में, आईपीएम जमीनी स्तर पर परिचालन शुरू करने वाला पहला मंत्रालय-अधिकृत स्टार्ट-अप निजी ओएमसी है।

**रिफ्यूल... रीचार्ज...रीफ्रेश :** रिफ्यूल... रीचार्ज...रीफ्रेश की अपनी टैगलाइन के साथ, आईपीएम ने तेल विपणन क्षेत्र में ताजी हवा वाली सांस की तरह होने का प्रस्ताव रखा है। सभी आईपीएम खुदरा दुकानों में ईंधन बिक्री, एक नए युग, पर्यावरण के अनुकूल हरित ईंधन विकल्प जैसे सीएनजी या बायो डीजल और/या इलेक्ट्रिक वाहन बैटरी प्रबंधन विकल्प होंगे। ईंधन/ऊर्जा विकल्पों के अलावा, आई.पी.एम. आउटलेट्स को ग्राहक सुविधा विकल्पों से लैस करने का प्रस्ताव है ताकि आई.पी.एम. आउटलेट्स की यात्रा से मानव और मशीन दोनों का कायाकल्प होने की उम्मीद है। वास्तव में, सभी आई.पी.एम. आउटलेट अब तक के अनुभवहीन स्तर की प्रौद्योगिकी और नवाचार-संचालित ग्राहक अनुभव प्रदान करेंगे। आईपीएम के पास तेल क्षेत्र के अनुभवी पेशेवर हैं, जिन्हें ईंधन खुदरा बिक्री में बहुत गहरा अनुभव है, दोनों आउटलेट-स्तर, हाथ से अनुभव के साथ-साथ वरिष्ठ ओएमसी स्तर पर रणनीतिक विपणन और व्यवसाय विकास का अनुभव है। इसके अलावा, आई.पी.एम. प्रवर्तकों के पास आतिथ्य क्षेत्र और प्रौद्योगिकी में व्यापक व्यावसायिक अनुभव है।

**असम के लिए कई उल्लेखनीय प्रथम :** उपरोक्त नीतिगत पहल के अनुसार, असम की नुमलीगढ़ रिफाइनरीज लिमिटेड (एनआरएल) ऐसी नई स्वीकृत निजी तेल विपणन कंपनियों को ईंधन की आपूर्ति के लिए ईंधन बिक्री/खरीद समझौते पर सक्रिय रूप से हस्ताक्षर करने वाली देश की पहली तेल आपूर्तिकर्ता है। इसके अलावा, असम देश का पहला राज्य है जिसने जिला स्तर पर ऐसे निजी ओएमसी के निर्माण के संबंध में संदेश का सक्रिय रूप से प्रचार किया है और जिलों को सलाह दी है कि वे ऐसे निजी ओएमसी द्वारा खुदरा आउटलेट विकास के लिए उपयुक्त सरकारी साइट उपलब्ध कराने की संभावना पर विचार करें। तीसरा, आई.पी.एम. असम राज्य से अपना अखिल भारतीय परिचालन शुरू करने वाला पहला निजी क्षेत्र का ओ.एम.सी. है।

**लाल नदी और नीली पहाड़ियों की भूमि :** आईपीएम अपना सफर असम से (जो आज रसद और बुनियादी ढांचे के लिए *संपन्न केंद्र* माने जाते हैं) शुरू करने के लिए उत्सुक है। प्रमुख स्थानों पर आउटलेट के अलावा, आईपीएम असम के दूरदराज के इलाकों में आउटलेट स्थापित करके अपने *दूरस्थ क्षेत्र* दायित्व को भी पूरा करेगा, जिससे बुनियादी ढांचे और लॉजिस्टिक को बढ़ावा मिलेगा, उद्यमिता विकास को बढ़ावा मिलेगा (महिला उद्यमियों पर ध्यान केंद्रित करने सहित) और प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा। सरकारी स्तर पर मदद और मार्गदर्शन, अन्य एजेंसियों के सहयोग और असम के लोगों की शुभकामनाओं के साथ हम उम्मीद के साथ आगे बढ़ रहे हैं। तो दिल हुम हुम करे... हां, उत्साह और प्रत्याशा के साथ, लेकिन घबराय...निश्चित रूप से नहीं, क्योंकि हमने मां कामाख्या की पवित्र भूमि से अपनी यात्रा शुरू की है।

### निमोनिया से 36 ...

पंजाब सरकार ने स्कूल में होने वाली प्रार्थना सभाओं पर फिलहाल रोक लगा दी है। वहीं छोटे बच्चों की कक्षाओं के लिए भी 19 जनवरी तक छुट्टियों की घोषणा की गई है। आधिकारिक बयान में निमोनिया से बचने के लिएसलाह दी गई है, जिसमें कहा गया कि बच्चों को मास्क पहनना चाहिए, हाथ धोकर खाना खाएं और अधिक से अधिक गर्म कपड़े पहने ताकि निमोनिया से बचाया जा सके। बयान में कहा गया कि लाहौर के चिल्ड्रन अस्पताल में 10 में से आठ बच्चे निमोनिया से पीड़ित हैं। अधिकारियों ने बच्चों को ठंड के मौसम से सुरक्षित रखने के लिए बुनियादी स्वास्थ्य दिशा निर्देश भी जारी किए। जारी बयान में खांसी, बुखार और गले में खराश होने पर बच्चों को स्कूल न भेजने की सलाह दी है। गौरतलब है कि पिछले साल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में निमोनिया से 990 बच्चों की मौत हो गई। बच्चों में निमोनिया के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त की गई।

### राम मंदिर को ...

राय ने आश्वासन दिया है कि इस नगाड़े को उचित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। गुजरात विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र मंत्री अशोक रावल ने पत्र भेजकर नगाड़ा स्वीकार करने की सिफारिश की है। नगाड़ा लेकर अयोध्या आए चिराग पटेल ने बताया कि इस पर सोने और चांदी की परत चढ़ाई गई है। ढांचे में लोहे और तांबे की प्लेट का भी इस्तेमाल किया गया है। इसकी आवाज करीब एक किलोमीटर तक गूजेंगी। इसका निर्माण डबगर समाज के लोगों ने किया है। उन्होंने बताया कि राम मंदिर में स्थापित करने के लिए हिंदू संस्कृति के प्रतीक इस विशाल नगाड़े का निर्माण कर्णावती महानगर के दरियापुर विस्तार में किया गया है।

### महिला उद्यमिता योजना...

की जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जल्द ही राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूहों के लिए मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता शुरू करेगी। इस योजना के तहत पहले साल में सरकार 10 हजार रुपए की शुरुआती राशि दी जाएगी। दूसरे वर्ष में राज्य सरकार और 12 हजार पांच सौ रुपए देगी तथा 12 हजार पांच सौ रुपए बैंक ऋण राशि के रूप में लाभार्थियों को देगी। बैंक ऋण लाभार्थी को चुकाना होगा। मुख्यमंत्री ने इस योजना का लाभ पाने के लिए लाभार्थियों के लिए कुछ मानदंड निर्धारित किए। इस योजना के तहत सामान्य और ओबीसी वर्ग की महिलाओं के 3 से अधिक बच्चे नहीं होने चाहिए। योजना का लाभ पाने के लिए मोरान, मटक, चाय समुदाय और एससी/एसटी की महिला लाभार्थियों के अधिकतम् चार बच्चे होने चाहिए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि इस साल स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी सात लाख महिलाओं की वार्षिक आय एक लाख रुपए हो गई है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने पत्रकारों के अन्य कई सवालों के सीधे-सीधे उत्तर दिए।

### हर कोर्स के ...

प्रयास किए जाएंगे कि उद्योग इंटर्नशिप करने वाले छात्रों को अपने यहां नौकरियां में भी प्राथमिकता दें। फिलहाल यूजीसी ने इस पहल तो रफ्तार देने के लिए विश्वविद्यालयों व उद्योगों के बीच जुड़ाव बढ़ाने को लेकर एक गाइडलाइन जारी की है। इसके तहत प्रत्येक विश्वविद्यालय को सबसे पहले अपने आसपास के उद्योगों और उनकी जरूरतों की पहचान करना होगा। साथ ही उन्हें शोध, तकनीक से जुड़ी हर संभव मदद भी देनी होगी। विशेष रूप से उन छोटे उद्योगों को चिन्हित करने और उन्हें मदद देने के लिए कहा है, जो अभी भी पुराने तरीके से चल रहे है। यूजीसी इसके तहत उच्च शिक्षण संस्थानों से उद्योगों पर केंद्रित शोध प्रोजेक्टों पर काम करने की भी सलाह दी है। इसके बदले उद्योगों से कॉर्पोरेट सोशल रीस्पांसबिलिटी (सीएसआर) फंड लिया जा सकता है। इसके लिए सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में एक रिलेशन्स सेल खोलने के लिए कहा है। इस दौरान उद्योगों से जुड़े प्रमुख लोगों को विश्वविद्यालयों में बतौर प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस नियुक्ति देने जैसी सुझाव दिया है। युवाओं के भटकाव को रोकने के लिए यूजीसी ने सभी विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों में एक काउंसलिंग सेल भी स्थापित करने के निर्देश दिए है। जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही इंटर्नशिप व क्षेत्र आदि के चुनाव को लेकर जरूरी सलाह दी जा सके। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रत्येक कोर्स के साथ इंटर्नशिप को अनिवार्य करने की यह पहल को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत शुरू की गई है। हाल ही में यूजीसी ने नीति के तैयार किए गए चार वर्षीय नए स्नातक कोर्सों में इसे अनिवार्य रूप से शामिल किया है। मौजूदा समय में तकनीकी शिक्षा को छोड़ दें कि विश्वविद्यालयों में संचालित ज्यादातर कोर्सों में इंटर्नशिप जैसी कोई व्यवस्था नहीं है।

## महिला ड्रग्स तस्कर गिरफ्तार



**गुवाहाटी ( हिंस )।** असम-मेघालय के सीमावर्ती इलाका बर्नीहाट के आमतोला बस्ती में पुलिस ने अभियान चलाकर एक महिला ड्रग्स तस्कर को ड्रग्स समेत गिरफ्तार किया हैं। एसटीएफ ने बताया कि इंस्पेक्टर कपिल पाठक के नेतृत्व में सोनपुर थाना क्षेत्र के बर्नीहाट इलाके के आमतोला बस्ती में चलाया गया अभियान के दौरान महिला ड्रग्स तस्कर सबीना गिरी (32 आमतोला) को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के पास एक साबुनदानी में छुपा कर रखी गई हेरोइन, ड्रग्स से भरा 10 प्लास्टिक के छोटे-छोटे सीसी, एक खैनी के डिब्बी, नगद 12, 400 रुपए, छह चोरी की मोबाइल फोन , 5 सीरीज और 18 खाली प्लास्टिक के छोटे-छोटे सीसी बरामद की गई है। महिला ड्रग्स तस्कर के पास की गई हीरोइन की वजह लगभग 70.5 ग्राम आंकी गई है। गिरफ्तार आरोपी को एसटीएफ की टीम ने सोनपुर पुलिस को सौंप दिया।

# मणिपुर : गोलीबारी में चार की मौत, सौ से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाए गए

**इंफाल ( हिंस )।** मणिपुर में एक बार फिर बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिलों के सीमावर्ती गांवों में गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हुई। शुरू में चार लोगों के लापता होने की जानकारी सामने आई थी, लेकिन गुरुवार को पुलिस ने चारों के शव मिलने की सूचना दी है। बिष्णुपुर के कुंबी पुलिस थाने के अनुसार हिंसा की यह घटना बुधवार की दोपहर करीब साढ़े तीन बजे बिष्णुपुर और चुराचांदपुर जिले की सीमा पर स्थित हाउतक फाइलेन गांव में हुई। बिष्णुपुर जिले के हाउतक फाइलेन गांव में मैतेई समुदाय के लोग रहते हैं। यह गांव बिष्णुपुर जिला मुख्यालय से करीब 38 किमी दूर स्थित है। ग्रामीणों के अनुसार कुकी समुदाय के बंदूकधारियों का एक समूह हाउतेक फाइलेन गांव के उत्तर-पूर्व में स्थित पास के गांव तम्फा खुनौ से गांव में घुसा। उन्होंने गांव के जंगलों में लकड़ी काटना और अदरक को निकालना शुरू कर दिया। गांव के स्वयंसेवकों ने अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी मिलने के बाद उन्हें पेड़ काटने और अदरक निकालने से रोक दिया। अवैध गतिविधि को विफल होते ही बदमाशों ने फायरिंग शुरू कर दी। गोलीबारी एक घंटे से अधिक समय तक चली। इसमें चार लोगों की मौत गोली लगने से हुई है। गोलीबारी में मारे गए चारों लोग मैतेई समुदाय के है। मृतकों की पहचान ओइनम रोमेन मैतेई (45), अहानथेम दारा मैतेई (56), थौदाम इबोमचा मैतेई (53) और थौदाम आनंद मैतेई (27) के रूप में हुई है। इनमें से अहानथेम और उनका बेटा आनंद भी शामिल है। सुरक्षा बलों ने एक सौ से अधिक निवासियों को भी सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया है। शुरुआत में उक्त चारों के लापता होने को लेकर बिष्णुपुर के कुंबी पुलिस थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। बाद में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया तो मृतकों के शव बरामद हुए। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा बल मौके पर पहुंच गया। उन्होंने हवा में गोलियां चलाकर स्थिति को नियंत्रण में किया।

## होजाई में तीन बंदूक के साथ एक व्यक्ति चढ़ा पुलिस के हत्थे

**होजाई ( हिंस )।** अवैध आग्नेयास्त्रों के खिलाफ होजाई जिला पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने आज बताया कि होजाई जिले की अपराध नियंत्रण शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पल्लब तमुली के नेतृत्व में एक व्यापक अभियान चलाकर लमडिंग जंगल और लमडिंग वन क्षेत्र के पास सरठेगांव इलाके में एक व्यापक अभियान चलाया गया और एक व्यक्ति को हाथ से बनी तीन बंदूक के साथ गिरफ्तार किया गया। एक गुप्त सूचना सूत्र पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने बुधवार की रात लमडिंग वन क्षेत्र और आसपास के सरथेगांव क्षेत्र में छापा मारा और तीन हाथ से बनी बंदूकें जब्त कीं। एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा इस सिलसिले में आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

## 24वीं वाहिनी की एसएसबी रंगिया का मेगा रक्तदान शिविर आयोजित




**रंगिया ( विभास )।** श्री दीपक सिहं, कमांडेंट 24वी वाहिनी रंगिया (असम) के मार्गदर्शन में दिनांक 11.01.24 को वाहिनी अस्पताल में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में अभिज्ञ चिकित्सकों ने जवानो की जांच कर रक्त संग्रह किया। इस रक्तदान शिविर का आयोजन 24वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज असप्ताल, गुवाहाटी (असम) की ओर से रक्तकोष विभाग के डॉ. दिपांकर बोरा, निलय तालुकदार एवं उनकी टीम के सदस्यों के सहयोग से किया गया। श्री जसबीर सिहं द्वितीय कमान अधिकारी 24वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रंगिया (एसएसबी) द्वारा बताया गया कि इस शिविर का उद्देश्य रक्त शिविर में संग्रह किए गए रक्त को संबंधित अस्पताल के रक्तकोष में संचित कर जरूरतमंद लोगों की सहायता करना है, एवं हम अपने देश के नागरिकों की जीवन रक्षा हेतु हर संभंव प्रयासरत हैं। यह शिविर डॉ. महेश चौधरी, सहायाक कमांडेट (चिकित्सा) की उपस्थिति व देखरेख में हुआ तथा इस शिविर में बल कर्मियो ने स्वेच्छा से बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस शिविर में लगभग 40 एसएसबी कार्मिकों के द्वारा रक्तदान किया गया। इस प्रकार के कार्यक्रम नागरिकों के सहायता हेतु 24वीं वाहिनी द्वारा पूर्व में भी समय-समय पर कराये जाते रहे हैं एवं भविष्य में भी नागरिकों की सहायता हेतु इस प्रकार के रक्तदान शिविर लगाये जाते रहेंगे। इस शिविर के दौरान श्री मोती लाल, श्री विश्व नाथ मिश्रा उप-कमांडेंट 24वी वाहिनी, अन्य कार्मिक उपस्थित रहे ।

# अरुणाचल में 20 को आयोजित होगी भारत जोड़ो न्याय यात्रा

**इटानगर ( हिंस )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रवक्ता हरीश शंकर गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि पार्टी पूर्वोत्तर के कई राज्यों के बाद अरुणाचल प्रदेश में भी भारत जोड़ो न्याय यात्रा आयोजित करेगी। इटानगर स्थित राजीव गांधी भवन में आज मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) ने राज्य की राजधानी में यात्रा आयोजित करने की तैयारीयां शुरु कि है और अनुमति के लिए आवेदन भी सरकार को दे दिया है। यात्रा का नेतृत्व करते हुए राहुल गांधी अपनी *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* के दूसरे चरण के तहत अगले 20 जनवरी को अरुणाचल प्रदेश का दौरा करेंगे। यात्रा 14 जनवरी को मणिपुर से शुरू होकर नगालैंड, असम होते हुए यहां अरुणाचल प्रदेश राज्य में समाप्त होगी। उन्होंने कहा कि हमें भारत जोड़ो न्याय यात्रा आयोजित करने में बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, देश के कुछ हिस्सों में भाजपा सरकार परेशान कर रही है, वे यात्रा आयोजित करने की अनुमति नहीं दे रही हैं, लेकिन हम रुकने वालो में से नहीं हैं, हम राहुल गांधी के नेतृत्व में अपनी यात्रा जारी रखेंगे। वर्तमान भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को विकास विरोधी, किसान विरोधी, युवा विरोधी और धर्मनिरपेक्ष विरोधी और पिछले 10 वर्षों में युवाओं के सपनों और भविष्य को पूरी तरह से चकनाचूर कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने सभी नागरिकों से देश के लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया। इस मौके पर विधायक लोम्बो तायेंग, एपीसीसी महासचिव ज़रिगी कड्डू, बोसीराम सिरम पूर्व मंत्री आदि उपस्थित थे।

## एसएसबी ने खेल सामग्री वितरण और स्वास्थ्य शिविर का किया संचालन

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कामरूप (मेट्रो), नलबाड़ी और मोरीगांव जिले के गांवों के लिए फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह का आज आयोजन किया गया। टूर्नामेंट गत 08 जनवरी को यहां शुरू हुआ था। वहीं इस मौके पर सोनापुर स्पोर्ट्स एसोसिएशन ग्राउंड में खेल सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम की शुरुआत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) प्रथम वाहिनी ने अपने सिविक एक्शन कार्यक्रम के तहत कार्यवाहक कमांडेंट अनुज कुमार के नेतृत्व में हुआ था। फाइनल मैच कलिताकुची और गोजयगांव के बीच खेला गया जहां कलिताकुची ने पेनल्टी शूट में मैच जीता। फाइनल मैच को विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में लोगों ने देखा। फुटबॉल टूर्नामेंट के अलावा, लालुंग गांव और खेपिनी जल गांव लोखरा में मेडिकल सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत गांव में ओपीडी खोली गई। इसके अलावा, 20 जनवरी को एक कृषि कार्यशाला और ग्रामीणों में बीज का वितरण आयोजित किया जाएगा। आरएसईटीआई कामरूप (मेट्रो) के समन्वय से मुर्गी पालन पर 10 दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण 22 जनवरी से शुरू होगा और ग्रामीणों के कल्याण के लिए चूजों को वितरित किया जाएगा।

## सरकार राहुल की यात्रा में पैदा कर रही है कानूनी अड़चनें : कांग्रेस

**गुवाहाटी ( हिंस )।** कांग्रेस के विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता देवब्रत सैकिया ने आरोप लगाया है कि सरकार राहुल गांधी की *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* में बाधा डालने के लिए कानूनी अड़चनें पैदा कर रही है। देबब्रत सैकिया आज असम प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि असम सरकार ने *भारत जोड़ो न्याय यात्रा* के दौरान कांग्रेस पार्टी की गाड़ियों को दो जिलों में सार्वजनिक मैदानों में रात भर रुकने को लेकर अर्चन पैदा कर रही है। सैकिया ने संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि पार्टी अपने कंटेनर वाहनों को पार्क करने के लिए वैकल्पिक स्थानों के रूप में निजी कृषि भूमि पर विचार कर रही है, जहां राहुल गांधी सहित वरिष्ठ नेता रात भर रुकेंगे। सैकिया ने आरोप लगाया कि उन्हें शुरुआत में रात्रि प्रवास के लिए धेमाजी जिले के गोगामुख में एक स्कूल मैदान का उपयोग करने की अनुमति मिली थी, लेकिन बाद में अनुमति रद्द कर दी गई।

# श्री ढांढ़ण शक्ति सत्संग समिति का 48वां वार्षिक उत्सव कल

**गुवाहाटी ( विभास )।** श्री ढांढ़ण शक्ति सत्संग समिति व महिला समिति की संयुक्त तत्वावधान में शक्ति की दादी टीडा-गेला का 48वां वार्षिकोत्सव आगामी 13 जनवरी से आयोजित किया जाएगा। फैंसी बाजार के एसआरसीबी रोड स्थित सांगानेरिया धर्मशाला में दो दिवसीय इस वार्षिकोत्सव के पहले दिन शनिवार को प्रात: 8 बजे महिलाओं द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। फैंसी बाजार के एसआरसीबी रोड स्थित बजाज कटरा से कलश यात्रा का शुभारंभ होगा, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए आयोजन स्थल पहुंचेगी। आयोजकों ने बताया कि महोत्सव के दूसरे दिन 14 जनवरी को पूजा अर्चना व ज्योत प्रज्ज्वलित कर दोपहर 2 बजे से भजन कीर्तन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा, जिसमें महिलाओं द्वारा संगीतमय मंगल चालीसा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर जयपुर से साक्षी अग्रवाल, कोलकाता से अभिषेक मिश्रा, आयुष्मान, शरद आनंद के अलावा स्थानीय गायक विशाल बजाज व महेंद्र गौड़ अपने-अपने भजन के प्रस्तुति देंगे। इस मौके पर दादीजी को प्रसाद भी चढ़ाया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने में श्री ढांढ़ण शक्ति सत्संग समिति व महिला समिति के सभी सदस्य जुटे हुए हैं।

## जागरूकता लाने के उद्देश्य से कोकराझाड़ में खुला ईवीएम प्रदर्शन केंद्र



**कोकराझाड़ ( विभास )।** कोकराझाड़ जिला आयुक्त कार्यालय परिसर में आज एक *ईवीएम प्रदर्शन केंद्र* का उद्घाटन किया गया। जिला आयुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी की सलाह पर सहायक आयुक्त सौरभज्योति देउरी ने फीता काटकर केंद्र को जनता के लिए खोल दिया। इच्छुक लोग केंद्र पर जाकर ईवीएम में वोट डालने का तरीका सीख सकेंगे। बंद बार को छोड़कर केंद्र प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3.30 बजे तक खुला रहेगा। जिला आयुक्त ने लोगों से सहयोग करने का अनुरोध किया है। इस अवसर पर जिला आयुक्त प्रदीप कुमार द्विवेदी आईएएस, चुनाव अधिकारी केशवानंद टाइडे, अतिरिक्त आयुक्त शुभराम आदित्य बोरा, वादीउल इस्लाम, सहायक आयुक्त सौरभज्योति देउरी के साथ साथ अधिकान्स जनता उपस्थित थे। *सिखीरी और दवामिलु* कोकराझाड़ निर्वाचन क्षेत्र का प्रतीक है।

## विश्वनाथ गुणोत्सव : जिला उपायुक्त ने विद्यार्थियों से पूछे सवाल-जवाब



**विश्वनाथ ( विभास )।** राज्य के अन्य जिलों की तरह विश्वनाथ जिले में भी कल से गुणोत्सव शुरू हो गया। विश्वनाथ जिला आयुक्त डॉ. नेहा यादव ने कल जिले में गुणोत्सव के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। तीन दिवसीय गुणोत्सव का पहला दिन कल विश्वनाथ जिले के प्रतापगढ़ चाय बागान आदर्श विद्यालय में उपस्थि थी। बाह्य (बाहरी) मूल्यांकनकर्ता के रूप में विश्वनाथ जिला आयुक्त डॉ. नेहा यादव एवं जिला सहायक योजना पदाधिकारी मुनींद्र कुमार शर्मा उपस्थित थे। जिला आयुक्त ने सबसे पहले सुबह की प्रार्थना सभा में भाग लिया और विद्यालय की दीवार पत्रिका का लोकार्पण किया। तब विद्यालय के हिंदी शिक्षक संतोष कुमार महतो ने अपनी स्वरचित काव्य पुस्तक *शब्द संजीवनी* से जिला आयुक्त को अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हिरण्य बरठाकुर, नॉडल शिक्षक बाबुल तेरांग, शिक्षक राजू छेत्री, शिक्षक संगीता बोरा, मैयत्री हजारिका, गुनमी शिकिया, साकोमठा चाय बागान आदर्श स्कूल के शिक्षक, अभिभावक, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य और संपर्क अधिकारी के रूप में अपूर्व शर्मा उपस्थित था। आयुक्त ने परीक्षा की पूर्व कक्षा 9 एवं 6 के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से आत्मीय बातचीत की एवं विद्यार्थियों से अपने अनुभव साझा किये। बाह्य मूल्यांकन के बाद बाह्य मूल्यांकनकर्ता डॉ. नेहा यादव एवं जिला मुनींद्र कुमार शर्मा ने दोपहर का भोजन किया। इसके बाद में जिला आयुक्त ने छात्रों को विश्वनाथ चारिआलि के पाभाई टॉकीज में *12वीं फेल* फिल्म देखने के लिए ले गई। फिल्म का आनंद लेने से पहले जिला पुलिस अधीक्षक शुभाशीष बरुवा ने छात्रों को पुलिस अधिकारी बनने के नियमों की जानकारी दी और यातायात जागरूकता पर टिप्पणी की। शिक्षक संतोष कुमार महतो ने विद्यालय की ओर से आभार व्यक्त किया। विद्यार्थी सिनेमा का आनंद लेने के बाद जिला आयुक्त ने उन्हें सच्चाई के रास्ते पर आगे बढ़ने को कहा। विद्यार्थी के पुलिस बनने की इच्छा देख स्कूल में एनसीसी की व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने नकल न करने की सलाह भी दी। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला जिला आयुक्त (शिक्षा) ध्रुवज्योति दास, जिला प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा अधिकारी उपस्थित थे। जिला आयुक्त ने जिले में गुणोत्सव सुचारू रूप से आयोजित होने की कामना की। इस वर्ष, विश्वनाथ जिले के कुल 1, 035 स्कूलों का मूल्यांकन 435 बाहरी मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा किया जाएगा। इस वर्ष, विश्वनाथ जिले में कुल 95, 626 छात्रों को गुणोत्सव में शामिल किया गया है। पहले दिन 356 स्कूलों के कुल 32, 485 छात्रों को शामिल किया गया। गुणोत्सव के दूसरे दिन 356 स्कूलों के 35, 889 छात्रों को कवर किया गया, जबकि अंतिम दिन 323 स्कूलों के 27, 252 छात्रों को कवर किया गया।

## मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की पूर्वी कमान के लेफ्टिनेंट जनरल ने

**इंफाल ( हिंस )।** भारतीय सेना की पूर्वी कमान के जनरल आफिसर कमांडिंग (जीओसी-इन-सी) लेफ्टिनेंट जनरल राम चंद्र तिवारी ने बुधवार को मणिपुर के कांगपोकपी, सेनापति, ज्वालामुखी और चुराचांदपुर में असम राइफल्स की संरचनाओं और इकाइयों का दौरा किया। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल ने राज्य की मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। भारतीय सेना की पूर्वी कमान के सूत्रों ने आज कहा कि आरसी तिवारी ने शांति और स्थिरता बनाए रखने की दिशा में उनके अथक प्रयासों के लिए सभी रैंकों की सराहना की। सेना कमांडर ने सभी समुदायों के नेताओं और सीएसओ के साथ भी बातचीत की और उनसे शांति और सद्भाव बनाए रखने की दिशा में काम करने का आग्रह किया।

## पत्रकार पेंशन समेत अन्य कई मांगों को लेकर आप्कू ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन




**नगरबेड़ा ( विभास )।** असम प्रेस संवाददाता संघ, राज्य में सरकारी-बेरोजगार मुफसलीय पत्रकारों के संघर्षशील मंचों में से एक और असम सरकार के ट्रेड यूनियन अधिनियम के तहत पंजीकृत एक पत्रकार संगठन, संक्षेप में, कुल 11 मांगों वाला एक ज्ञापन राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा को भेजा गया। आपकू के केंद्रीय समिति के अध्यक्ष स्वपन कुमार राभा, कार्यकारी अध्यक्ष मौसमज्योति बैश्य और महासचिव शरत शेनसावा द्वारा हस्ताक्षरित एक ज्ञापन में आपकू केंद्रीय कार्यालय स्थापित करने के लिए गुवाहाटी शहर के आसपास कम से कम 3 (तीन) कट्ठा सरकारी भूमि आवंटित करने, पत्रकारों की पेंशन प्रणाली को फिर से शुरू करने की मांग की गई है। 60 वर्ष से अधिक आयु के कम से कम 40 पत्रकारों को प्रतिवर्ष पत्रकार पेंशन के लिए चयनित करना, राज्य के पिछले बजट में घोषित पत्रकारों को एकमुश्त सहायता जारी करना, सरकारी मान्यता प्राप्त मुफस्सिल पत्रकारों और उनके परिवार के सदस्यों के सभी मेडिकल रिकॉर्ड सही और कानूनी रूप से प्रस्तुत करने के बाद हर साल 100 प्रतिशत चिकित्सा सहायता जारी करना, उचित योग्यता के आधार पर असम में पत्रकारों को हर साल मीडिया फैलोशिप का प्रावधान करना। पिछली सरकार द्वारा लागू की गई सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त ग्रामीण पत्रकारों की पड़ोस यात्रा योजना (गुड विल टूर) को फिर से शुरू करना, भारतीय रेलवे में यातायात प्रणाली में पिछली 50 प्रतिशत की छूट सिस्टम को फिर से पेश करना, असम के समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कार्यरत सभी सरकारी सेवकों को पत्रकारिता के पेशे से तत्काल मुक्त करना, असम से प्रकाशित होने वाले समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया को जल्द ही सूचना और जनसंपर्क विभाग से विज्ञापन के लिए जारी करना, उन गैर-नियोजित मुफस्सिल पत्रकारों के लिए जिन्हें असम सरकार के सूचना और जनसंपर्क विभाग से सरकार के सूचना और जनसंपर्क प्रमाण पत्र नहीं मिले हैं। समाचार सेवाओं के नाम पर कुछ प्रभावशाली व्यक्तियों और संस्थाओं के संरक्षण में जिला और उपमंडल मुख्यालयों से नए आवेदकों से आवेदन मांगने के लिए जिला और उप-मंडल मुख्यालयों से आवेदन की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक उपाय करने के लिए, असम सरकार के सूचना और जनसंपर्क विभाग द्वारा सरकारी पंजीकरण के बिना सभी *वेब पोर्टल* तैयार किए गए हैं। आज आपकू के केंद्रीय समिति की ओर से कार्यवाहक अध्यक्ष मौसमज्योति बैश्य के नेतृत्व में आपकू का एक प्रतिनिधिमंडल दिसपुर में उन्होंने मुख्यमंत्री सचिवालय के माध्यम से असम के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा। आज समानांतर में आपकू चराइदेव, डिब्रूगढ़, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, शिवसागर, गोलाघाट, तिनसुकिया, बिश्वनाथ, दरांग, उदालगुड़ी, कार्बी आंग्लांग, शोनितपुर, जोरहाट, माजुली जिला समितियों के साथ-साथ गहपुर और धनसिरी उप-मंडल समितियों ने अलग-अलग स्थानीय जिला आयुक्त, उप-विभागीय मजिस्ट्रेट और सर्कल अधिकारियों के माध्यम से असम के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजे। उधर, संगठन के शीर्ष नेताओं ने उम्मीद जताई कि असम के मुख्यमंत्री ज्ञापन में उल्लिखित मांगों को लागू करने के लिए जल्द ही उचित कदम उठाएंगे । असम प्रेस कॉरेस्पोंडेंट यूनियन आपकू केंद्रीय समिति के साथ-साथ संगठन की विभिन्न जिला और उप-विभागीय समितियों के समानांतर से सौंपा है। आपकू कामरूप जिला समिति भी आज उन्होंने असम के मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन भी भेजा, जिसमें पत्रकारों की पेंशन सहित पत्रकार कल्याण योजनाओं को लागू करने और असम में मीडिया आउटलेट्स को विज्ञापन राशि जारी करने की मांग की गई। आपकू के कामरूप जिला समिति के अध्यक्ष हसनुल अहमद और कार्यकारी अध्यक्ष हितेन माली और सचिव निरेन चंद्र माली ने हस्ताक्षर किए। 11 मांगों वाला ज्ञापन जिले के नगरबेड़ा राजस्व अंचल अधिकारी के कार्यालय के माध्यम से असम के मुख्यमंत्री को भेजा गया।

অসম লোকসেৱা আয়োগ
**ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION**
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.
No.104PSC/DR-23/2/2022-23

**NOTIFICATION**

It is for information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the Interview/Viva-Voce for the post of **Inspector of Statistics in the Directorate of Economics & Statistics under Transformation and Development Department, Government of Assam** (Advt. No.04/2023, dated 23rd March/2023) as per programme given below at its office at Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22. The detailed programme for the Interview/Viva-Voce is given below: .

| Sl. No. | Name of the Post & Department | Date of Interview / Viva-Voce | Reporting Time |
|---|---|---|---|
| 1 | **Inspector of Statistics in the Directorate of Economics & Statistics under Transformation and Development Department, Government of Assam.** | **29th January, 2024** | **9.00 AM** |

Kindly note that the candidates appearing the interview/viva-voce **must bring the following testimonials in original alongwith self attested photocopies in chronological order, thereof for verification/scrutiny on the day of the interview :**

i. H.S.L.C Admit/Pass Certificate as a proof of age.
ii. H.S.L.C Marksheet and Pass Certificate.
iii. H.S.S.L.C Marksheet and Pass Certificate
iv. Degree Marksheet (All Semester) and Pass Certificate.
v. Master Degree Marksheet (All Semester) and Pass Certificate.
vi. CGPA Conversion Formula of the respective universities.
vii. Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID.
viii. **State Government Employees of Assam must submit No Objection Certificate from their respective employer or Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID as domicile proof.**
ix. Caste/PwWBD certificate/BPL Card (if applicable).
x. Declaration Form A *("May be downloaded from APSC's website").*
xi. **Ex-Servicemen Identity Card issued by Zila Sainik Welfare Office of the state of Assam and Discharge Book (for Ex-Servicemen category candidates).**
xii. Any other documents that may be relevant for their candidature.

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. **The intimation letters shall be uploaded on 25-01-2024 in the APSC's website (www.apsc.nic.in).** The candidates shail have to download their own intimation letter from the aforesaid website.

Sd/-
Under Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- Janasanyog /D/16182/23*

# अदाणी डिफेंस ने तैयार किया पहला स्वदेशी दृष्टि-10 स्टारलाइनर यूएवी, नौसेना प्रमुख ने किया लॉन्च




**अहमदाबाद, (हि.स.)।** अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस द्वारा निर्मित दृष्टि 10 स्टारलाइनर अनमैन्ड एरियल व्हीकल (यूएवी) को भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने हैदराबाद में लॉन्च किया। दृष्टि 10 स्टारलाइनर एक उन्नत रूप से इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस (आईएसआर) प्लेटफॉर्म है, जो 36 घंटे की सहनशक्ति और 450 किलोग्राम पेलोड क्षमता से परिपूर्ण है। यह यूएवी सिस्टम की उड़ान योग्यता के लिए नाटो के स्टैनएग 4671 (स्टैंडर्डाइज्ड एग्रीमेंट 4671) प्रमाणन के साथ सभी मौसमों के लिए एकमात्र उपयुक्त सैन्य मंच है, जिसे सेग्रीगेटेड और अनसेग्रीगेटेड दोनों हवाई क्षेत्रों में उड़ान भरने की मंजूरी दी गई है। यूएवी को अब हैदराबाद से पोरबंदर ले जाया जाएगा, ताकि इसे नौसेना के समुद्री अभियानों में शामिल किया जा सके। मुख्य अतिथि नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण अवसर और परिवर्तनकारी कदम है, जो आईएसआर टेक्नोलॉजी और समुद्री प्रभुत्व में आत्मनिर्भरता की भारत की खोज में महत्वपूर्ण योगदान देगा। दृष्टि 10 का एकीकरण हमारी नौसैनिक क्षमताओं में वृद्धि करने का माध्यम बनेगा, जिससे निरंतर रूप से विकसित होने वाली समुद्री निगरानी और सैनिक परीक्षण में हमारी तैयारियों को मजबूती मिलेगी। अनमैन्ड सिस्टम्स के लिए एक जीवंत और सुदृढ़ इकोसिस्टम स्थापित करने के लिए अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस टीम को बधाई देते हुए तेलंगाना के उद्योग और वाणिज्य, आईटी, इलेक्ट्रॉनिक्स और विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू ने कहा कि हैदराबाद में अदाणी एयरोस्पेस पार्क एक विश्व स्तरीय सुविधा है, जो न सिर्फ भारतीय प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि नवाचार और स्वदेशीकरण पर भी ध्यान केंद्रित करती है।

यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि हमने रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने की दिशा में सभी उचित कदम उठाने के प्रयास किए हैं और अदाणी डिफेंस जैसी कंपनियों द्वारा की जाने वाली पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा निर्धारित दृष्टिकोण को पूरी क्षमता से हासिल करने में योगदान देंगी। अदाणी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष जीत अदाणी ने कहा कि वर्तमान समय की वैश्विक घटनाओं से पता चलता है कि भौतिक, सूचनात्मक और संज्ञानात्मक रणनीतियां एक साथ आ रही हैं। यह अभिसरण बुद्धिमत्ता, सूचना प्रसंस्करण क्षमताओं और अनमैन्ड और साइबर सिस्टम्स के उपयोग द्वारा समर्थित है। इन सिस्टम्स का उपयोग सटीक और भ्रामक दोनों तरह की जानकारी के प्रसार के लिए किया जाता है। सशस्त्र बलों की सेवा करने और भारत को निर्यात हेतु वैश्विक मानचित्र पर स्थापित करने के लिए भूमि, वायु और नौसैनिक सीमाओं पर इंटेलिजेंस, सर्विलांस और रिकॉनिसेंस प्लेटफॉर्म्स अदाणी की एक प्रमुख प्राथमिकता है। हमें गर्व है कि हम भारतीय नौसेना की सेवा करने में सक्षम हैं।" अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि दृष्टि 10 स्टारलाइनर यूएवी आत्मनिर्भरता और उन्नत टेक्नोलॉजीस के स्वदेशीकरण को अपनाने की हमारी यात्रा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। नौसेना को हमारी समय पर डिलीवरी, न सिर्फ हमारी सुदृढ़ गुणवत्ता प्रबंधन प्रक्रियाओं को, बल्कि हमारे भागीदारों के उत्कृष्ट समर्थन को भी दशार्ती है, जिन्होंने इस कॉन्ट्रैक्ट से लेकर इसकी डिलीवरी तक विगत 10 महीनों में कड़ी मेहनत और लगन से काम किया है।

# राष्ट्रपति ने स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किये




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को नई दिल्ली में आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार प्रदान किए। इंदौर और सूरत को संयुक्त रूप से देश के सबसे स्वच्छ शहर घोषित किये गये। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि व्यापक भागीदारी के साथ किया गया स्वच्छ सर्वेक्षण और पुरस्कार समारोह भी स्वच्छता के स्तर को ऊंचा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने स्वच्छता से संपन्नता की राह पर आगे बढ़ने के लिए सभी की सराहना की। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छता अभियान महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता के अवसर पैदा कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे सफाई मित्र हमारे स्वच्छता अभियान के अग्रिम पंक्ति के सैनिक रहे हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मशीनीकृत सफाई के माध्यम से मैनहोल को खत्म करके और मशीन-होल के माध्यम से स्वच्छता के लक्ष्य को प्राप्त करके ही हम एक संवेदनशील समाज के रूप में अपनी सही पहचान बना सकेंगे। राष्ट्रपति यह जानकर प्रसन्न हुईं कि स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण में अपशिष्ट प्रबंधन में चक्रीयता पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सर्कुलर इकोनॉमी की अधिक से अधिक वस्तुओं के पुनर्चक्रण और पुनः उपयोग के तरीके सतत विकास के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी प्रणाली अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में भी बहुत उपयोगी साबित होगी। राष्ट्रपति ने कहा कि यदि हम अपशिष्ट से मूल्य की अवधारणा पर गहराई से विचार करें तो यह स्पष्ट हो जाता है कि सब कुछ मूल्यवान है, कुछ भी अपशिष्ट नहीं है। हरित कचरे से बायोगैस बनाने और कूड़े से प्राप्त ईंधन से बिजली बनाने के पीछे यही समग्र और प्रगतिशील सोच काम करती है। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारी लगभग एक-तिहाई आबादी शहरी क्षेत्रों में रहती है। शहरों और कस्बों की स्वच्छता उनके स्वास्थ्य और विकास के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में शहरी भूमि कूड़े के पहाड़ों के नीचे दबी हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि कूड़े के ऐसे पहाड़ बहुत बड़ी शहरी आबादी के स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक हैं। उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत ऐसी डंप-साइटों को खत्म किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी शहरी क्षेत्रों में प्रभावी कार्य किया जाएंगे और जीरो डंप-साइट का लक्ष्य हासिल किया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि युवा हमारे सबसे महत्वपूर्ण हितधारक हैं। यदि युवा पीढ़ी सभी शहरों और पूरे देश को स्वच्छ रखने की ठान ले तो 2047 का भारत निश्चित ही विश्व के सबसे स्वच्छ देशों में शामिल होकर अपनी स्वाधीनता की शताब्दी मनाएगा। उन्होंने देश के सभी युवाओं से भारत को दुनिया का सबसे स्वच्छ देश बनाने के बड़े लक्ष्य के साथ आगे बढ़ने का आग्रह किया।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण लॉन्च




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** आम चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने आज इंडिया इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट, नई दिल्ली में सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के साथ एक सम्मेलन का आयोजन किया। आयोग के अनुसार इस अवसर पर ईसीआई वेबसाइट का नया संस्करण भी लॉन्च किया गया। ईसीआई वेबसाइट को सभी हितधारकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए बेहतर अनुभव और जानकारी तक आसान पहुंच के लिए फिर से डिजाइन किया गया है। वेबसाइट में एक समर्पित अनुभाग है, जहां मतदाता, राजनीतिक दल और उम्मीदवार एक ही स्थान पर सभी प्रासंगिक जानकारी, सेवाओं, आईटी प्लेटफार्मों और उनकी सुविधा के लिए डिजाइन किए गए ऐप्स तक पहुंच सकते हैं। आयोग के अनुसार 11-12 जनवरी तक दो दिवसीय सम्मेलन 2023 में हाल ही में हुए राज्य विधानसभा चुनावों के अनुभवों और सीखों को साझा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है। साथ ही चुनाव योजना, व्यय निगरानी, मतदाता सूची, आईटी अनुप्रयोगों, डेटा प्रबंधन, ईवीएम/ वीवीपैट, स्वीप रणनीति, मीडिया और संचार पर विषयगत चर्चा भी की जाएगी। सीईसी राजीव कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, सहभागी, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सफलतापूर्वक कराने के लिए चुनाव वाले राज्यों के सीईओ की सराहना की।

# संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा, एक फरवरी को अंतरिम बजट



**-वित्त मंत्री सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट करेंगी पेश**

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। केंद्रीय वित्त निर्मला सीतारमण एक फरवरी को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अंतरिम बजट बजट पेश करेंगी। यह मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का आखिरी केंद्रीय बजट होगा। साथ ही 17वीं लोकसभा का ये आखिरी सत्र भी होगा। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 9 फरवरी तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 31 जनवरी को संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और अंतरिम बजट एक फरवरी को पेश होगा। जानकारी के मुताबिक वित्त मंत्री बजट सत्र के पहले दिन संसद के दोनों सदनों में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। निर्मला सीतारमण एक फरवरी को संसद में वित्त वर्ष 2024-25 के केंद्रीय बजट पेश करेंगी।

# सोलन में विक्रमादित्य सिंह करेंगे जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की अध्यक्षता



**सोलन, ( हि. स.) ।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह इस वर्ष सोलन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यातिथि होंगे। मुख्य संसदीय सचिव (उद्योग, राजस्व एवं नगर नियोजन) राम कुमार उनके साथ सोलन में होने वाले जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि हर वर्ष की भान्ति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को सोलन के ऐतिहासिक ठोडो मैदान में आयोजित किया जाएगा। इस सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि मुख्यातिथि सर्वप्रथम सुबह 10.40 बजे कारगिल शहीद स्मारक पर कृतज्ञ प्रदेश वासियों एवं जिला वासियों की ओर से शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उसके उपरांत मुख्यातिथि 11.00 बजे ठोडो मैदान में ध्वजारोहण करेंगे और पुलिस तथा गृह रक्षा एवं एनसीसी सहित अन्य टुकड़ियों द्वारा प्रस्तुत भव्य मार्च पास्ट की सलामी लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए पूर्वाभ्यास 22 जनवरी को सुबह 11.00 बजे से ठोडो मैदान में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा। इस सम्बन्ध में गठित समिति द्वारा उचित निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची सभी विभाग सहायक आयुक्त सोलन के कार्यालय को प्रेषित कर सकते हैं।

# चीन सीमा पर हालात स्थिर लेकिन संवेदनशील: सेनाध्यक्ष

**- म्यामांर सीमा की हालिया घटनाओं और पाकिस्तान से घुसपैठ पर जताई चिंता**



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने गुरुवार को सालाना प्रेस कांफ्रेंस में भूटान, चीन, पाकिस्तान और म्यांमार सीमाओं के मौजूदा हालात पर बातचीत की। उन्होंने चीन सीमा के हालात को स्थिर लेकिन संवेदनशील बताया। पूर्वोत्तर में म्यांमार सीमा पर हालिया घटनाओं के मद्देनजर सेना प्रमुख ने चिंता जताते हुए कहा कि यहां बाड़ को और मजबूत किया जाएगा। पाकिस्तान से घुसपैठ और आतंकी घटनाएं बढ़ने की बात मानते हुए जनरल पांडे ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियां हमारे लिए चिंता का विषय हैं। सेना दिवस के मद्देनजर मानेकशॉ सेंटर में प्रेस कॉन्फ्रेंस में सेना प्रमुख ने देश की सीमाओं पर मौजूदा स्थिति, आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, सेना के पुनर्गठन, हिंद-प्रशांत क्षेत्र की चुनौतियों, सेना के आधुनिकीकरण, नई तकनीकों को शामिल करके युद्ध का स्वरूप बदलने की तैयारियों, पाकिस्तान और चीन से मिल रही चुनौतियों के अलावा सेना को आधुनिक बनाने के लिए नई तकनीकों को शामिल किए जाने के मद्देनजर किए गए सवालों के साफगोई से जवाब दिए। सीओएएस जनरल मनोज पांडे के अनुसार भारत-म्यांमार सीमा पर स्थिति हमारे लिए चिंता का विषय है।

पिछले कुछ महीनों में म्यांमार सेना और जातीय सशस्त्र संगठन की गतिविधियों से अब तक म्यांमार सेना के लगभग 416 जवान सीमा पार कर चुके हैं। इसके अलावा भूटान के कुछ नागरिकों ने मिजोरम के साथ-साथ मणिपुर में भी शरण ली है। चिंता की बात यह है कि भारत-म्यांमार की स्थिति को देखते हुए सीमा पर हमारे पास कुछ विद्रोही समूह भी हैं, जो दबाव महसूस कर रहे हैं। इन्होंने अब मणिपुर राज्य में सीमा की हमारी तरफ आने का प्रयास किया है। हालांकि हम मणिपुर की स्थिति पर नजर रख रहे हैं। हमारे पास करीब 20 असम राइफल बटालियन हैं, जो भारत-म्यांमार सीमा पर तैनात हैं। सीमा पर हमारी बाड़ को और मजबूत करने की भी बात चल रही है।

# अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने किया प्रदर्शन



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अग्निवीर भर्ती के खिलाफ कांग्रेस ने युवाओं के साथ मिलकर गुरुवार को जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष सेवानिवृत्त कर्नल रोहित चौधरी ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी के वादे के मुताबिक युवाओं के हक की लड़ाई कांग्रेस पार्टी जारी रखी है। मोदी सरकार ने अग्निवीर की आड़ में सेना में चयनित 1.5 लाख से ज्यादा युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया है लेकिन कांग्रेस युवाओं के साथ है। उनके हक की लड़ाई जारी रखेगी। चौधरी ने कहा कि राहुल गांधी ने इन युवाओं के डेलिगेशन से 26 दिसंबर को मुलाकात की थी व इनके न्याय के लिए सड़क से संसद तक का साथ देने का वादा किया था। उसी कड़ी में आज ये युवा और कांग्रेस के पूर्व सैनिक विभाग प्रकोष्ठ ने जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बड़ी संख्या में युवा मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण किया अस्वीकार, भाजपा हुई हमलावर




**नई दिल्ली, (हि.स.)।** अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के निमंत्रण को कांग्रेस द्वारा अस्वीकार करने पर भारतीय जनता पार्टी ने उसकी तीखी आलोचना की है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने गुरुवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कांग्रेस ने नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। कांग्रेस ने जीएसटी लागू करने के ऐतिहासिक फैसले का बहिष्कार किया। जी20 शिखर सम्मेलन का बहिष्कार किया। कांग्रेस ने कारगिल विजय दिवस का भी बहिष्कार किया। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के नेतृत्व में मई 1998 में किए गए पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद कांग्रेस ने 10 दिनों तक कोई बयान नहीं दिया। यहां तक कि कांग्रेस ने अपनी पार्टी के पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के भारत रत्न समारोह का भी बहिष्कार किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इसी बहिष्कार मानसिकता के कारण जनता भी उनका सत्ता से बहिष्कार कर रही है। यहां एक बात स्पष्ट है कि कांग्रेस अपने प्रवृत्ति के अनुरूप काम कर रही है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि 500 सालों के संघर्ष के बाद राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है लेकिन कांग्रेस अपनी प्रवृत्ति के अनुरूप काम कर रही है। सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का भी जवाहरलाल नेहरू ने बहिष्कार किया था। नेहरू द्वारा 24 अप्रैल, 1951 में लिखे पत्र में प्राण प्रतिष्ठा का बहिष्कार किया गया था। फिर इंदिरा के जमाने में अयोध्या में 1976 में राम मंदिर साक्ष्य निकल रहे थे तो वहां काम रुकवा दिया गया था। सोनिया गांधी के जमाने में राम को काल्पनिक बता दिया गया लेकिन राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कांग्रेस के लिए मौका था कि वे अपने आप को बदल सकते थे। उन्होंने कहा कि यह नेहरू की कांग्रेस है, यह महात्मा गांधी की कांग्रेस नहीं है। रामराज की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण अस्वीकार करना कांग्रेस के अंदर के हिन्दू धर्म विरोध को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के मुख्य पक्षकार अंसारी ने भी निमंत्रण स्वीकार किया है। कांग्रेस की परंपरा के सारे दल आज हाहाकार मचा रहे हैं। कांग्रेस गोत्र के सभी दलों ने स्पष्ट कर दिया है कि राजनीतिक दृष्टि से वे निष्प्राण होते जा रहे हैं। वे लोग प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में भगवान के विरोध तक चले गए। हर ऐतिहासिक अवसर का विरोध करते-करते आज भारतीयता के मूल्यों पर उनकी कट्टरपंथ की राजनीति अधिक महत्वपूर्ण नजर आती है।

# हिमाचल में कुप्रबंधन का दौर, अस्पतालों में नहीं हो रहे 56 निःशुल्क टैस्ट : भाजपा



**शिमला, (हि.स.)।** हिमाचल प्रदेश में इस समय नया दौर नहीं कुप्रबंधन का दौर चला है और प्रदेश सरकार को आम आदमी के हितों की चिंता नहीं है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ राजीव सहजल ने गुरूवार को एक संयुक्त बयान में कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाएं ठप पड़ गई हैं। पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में जहां अस्पतालों में सरकार द्वारा अधिकृत क्रसना लैब में 56 प्रकार के टेस्ट निशुल्क होते थे, वहीं अब यह सब टेस्ट करवाने के लिए आम आदमी को निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है। निजी लैब के बाहर लोगों की कतारें लगी हुई हैं और महंगे दरों के ऊपर लोगों को यह टेस्ट करवाने पड़ रहें। भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश की मौजूदा कांग्रेस सरकार के कुप्रबन्ध से ये दौर शुरू हुआ है और यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2021 में कॉन्ट्रेक्ट टेंडर प्रक्रिया के द्वारा क्रसना लैब ने कार्य करना प्रारम्भ किया था। क्रसना लैब पूरे प्रदेश के अंदर सभी मुख्य अस्पतालों को अधिकृत किया गया था। आम आदमी के सभी टेस्ट करने का और इसमें छोटी इन्वेस्टिगेशन से लेकर के हाई एंड इन्वेस्टिगेशन में जैसे सीटी स्कैन तक का सारा कार्य क्रसना लैब को दिया गया था। परन्तु आज क्रसना लैब का तकरीबन 54 करोड़ रुपए देय है और बार-बार कंपनी के नोटिस दिए जाने के बावजूद यह पैसा प्रदेश सरकार ने इस लैब को दिया नहीं गया है। उन्होंने कहा कि क्रसना लैब के माध्यम से 56 प्रकार के टेस्ट हिमाचल प्रदेश में फ्री होते हैं। यह व्यवस्था भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सन-2018 में जनहित में की थी । परन्तु आज यह सब टेस्ट करवाने के लिए आम आदमी को निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है। वहीं भाजपा मीडिया विभाग प्रभारी रणधीर शर्मा ने कहा कि क्रसना लैब के माध्यम से हिमाचल प्रदेश के सभी हॉस्पिटल्स में मरीज अपना टेस्ट मुक्त करवा सकते थे और उन टेस्टों का खर्चा सरकार वहन करती थी, परंतु जब से यह सरकार आई है, तो इस लैब को इस सरकार ने पैसा देना बंद कर दिया और ऐसे में क्रसना लैब ने 2 दिन पहले से टेस्ट करने बंद कर दिए। जिससे हिमाचल प्रदेश की जनता बहुत ही परेशान हो रहे। उन्होंने राज्य सरकार से मांग की है कि क्रसना लैब की देनदारी को अदा करके फ्री टेस्ट की सुविधाएं मरीजों को तुरंत मुहैया करवाई जाए।

# मूसेवाला हत्याकांड में एनआईए ने हरियाणा व पंजाब में की छापेमारी, परिजनों के दर्ज किए बयान




**चंडीगढ़, (हि.स.)।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में जांच कर रही राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार को पंजाब व हरियाणा में करीब आधा दर्जन स्थानों पर छापेमारी की। एनआईए के अधिकारियें ने मूसेवाला हत्याकांड में आरोपितों के घरों की तलाशी ली और उनके परिजनों से पूछताछ की। सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड की जांच एनआईए कर रही है। गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे एनआईए की एक टीम ने सोनीपत के गांव सेरसा पहुंचकर आरोपित अंकित सेरसा के पिता जगबीर से पूछताक्ष की। घर में कुछ समय पूछताछ के बाद एनआईए के अधिकारी उन्हें अपने साथ कुंडली पुलिस थाने में ले गई। जहां करीब दो घंटे उनके साथ पूछताछ की गई। बाद में उन्हें घर भेज दिया गया। इस संबंध में अंकित के पिता जगबीर ने बताया कि अंकित को लेकर उनसे पूछताछ की गई, जो पूछा उन्होंने बता दिया। उनका अब अंकित से संपर्क नहीं है। इससे पहले भी एनआईए की टीम दोनों के घरों पर तीन बार दबिश दे चुकी है। पंजाबी सिंगर को गोलियां मारने वाला शूटर अंकित सोनीपत के गांव सेरसा और प्रियव्रत फौजी गांव गढ़ी सिसाना का रहने वाला है। अंकित सेरसा नौवीं कक्षा तक ही पढ़ा लिखा है। जिसने मर्डर से पहले गोलियों से सिद्धू मूसेवाला का नाम लिखकर तस्वीर भी खिंचवाई थी। मूसेवाला के सबसे नजदीक जाकर अंकित ने ही गोलियां मारी थीं। पुलिस जांच में पता चला था कि उसने दोनों हाथ में पिस्टल लेकर मूसेवाला पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गई। हत्या के बाद वह गुजरात भाग गया। गुजरात से दिल्ली आने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस बीच एनआईए की एक टीम ने पलवल के होडल उपमंडल के गांव करमन में सरपंच के घर पर भी छापा मारा। सरपंच सरोज के देवर अनिल के बंबीहा गैंग के गैंगस्टर नीरज फिरोजपुरिया से संबंध बताए जा रहे हैं। सिद्धू मूसेवाला की हत्या के मामले में झज्जर के गांव बेरी के रहने वाले कुलदीप उर्फ कशिश के घर पर एनआईए ने करीब दो घंटे तक सर्च की। हरियाणा के साथ-साथ एनआईए की एक टीम ने पंजाब के बठिंडा में गैंगस्टर हैरी मौड़ के घर पर भी छापा मारा।

# चेक गणराज्य के पीएम और सीएम भजनलाल की होगी संवाद बैठक, पर्यटन-लघु उद्योग को बढ़ावे पर होगी चर्चा



**जयपुर, (हि.स.)।** चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र पियाला गुरुवार को राजस्थान दौरे पर रहेंगे। दोपहर में चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जयपुर के कूकस स्थित होटल लीला पैलेस में संवाद बैठक होगी। बैठक में पर्यटन और लघु उद्योग को बढ़ावा देने पर संवाद होगा। प्रधानमंत्री पेट्र पियाला बैठक में पर्यटन और लघु उद्योग से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में पर्यटन और रोजगार के प्रोत्साहन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और राजस्व सृजन के साथ ही संस्कृति का आधान प्रदान होगा। राजस्थान में पर्यटन के साथ ही उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में औद्योगिक विकास और प्रदेश में लघु और कुटीर उद्योग के माध्यम से शहरी और दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजित करने जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही, राजस्थान में विदेशी निवेश से विभिन्न प्रकार की इंडस्ट्रीज कंपनी स्थापित हो ऐसा प्रयास रहेगा। राजस्थान में विदेशी तकनीक को बढ़ावा मिले, जिससे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आईटी, दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवाओं और साइबर क्षेत्र में अधिक से अधिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जा सके।

पर्यटन, उद्योग, निवेश और तकनीकी के आदान-प्रदान के लिए चेक गणराज्य में प्रतिनिधि मंडल का आदान-प्रदान होगा। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग और राजस्थान की राजधानी जयपुर दोनों का ही समृद्धि इतिहास रहा है। राजनीतिक सांस्कृतिक और आर्थिक मामले में दोनों ही शहर हमेशा से केंद्र में रहे हैं। संवाद बैठक के दौरान चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के साथ चेक गणराज्य के विदेश मंत्री, एंबेसडर, राजदूत, राजकीय प्रवक्ता, स्ट्रेटजी एक्सपर्ट्स और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे. राजस्थान सरकार की ओर से मुख्य सचिव, पर्यटन, उद्योग, रीको, उच्च शिक्षा, गृह, वाणिज्य उद्योग विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के सम्मान में राजस्थान के मुख्यमंत्री की ओर से होटल लीला पैलेस में दोपहर का भोज दिया जाएगा।

# अयोध्या-अहमदाबाद के बीच विमान सेवा का शुभारंभ

**नई दिल्ली/लखनऊ, (हि.स.)।** अयोध्या-अहमदाबाद के बीच गुरुवार को विमान सेवा का शुभारंभ किया गया। अहमदाबाद से इंडिगो की पहली फ्लाइट को केंद्रीय नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने नई दिल्ली से वर्चुअली हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस कार्यक्रम से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ स्थित सरकारी आवास से वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे। दोनों शहरों के बीच यह विमान सेवा सप्ताह में तीन दिन मिलेगी। इस अवसर पर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने मंत्रालय में पत्रकारों से कहा कि आगामी 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की न केवल 140 करोड़ भारतीयों बल्कि विदेशों में भी बड़ी प्रतीक्षा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भव्य एवं नव्य अयोध्या बनाई है। उनके सहयोग से ही महज 20 महीने में यह एयरपोर्ट बन सका। इतनी कम अवधि में हवाईअड्डा बनना एक रिकॉर्ड है। अहमदाबाद और अयोध्या के बीच इंडिगों की फ्लाइट सेवा के शुभारंभ पर सभी को बधाई देते हुए सिंधिया ने कहा कि इस फ्लाइट के जरिए वाइब्रेंट गुजरात और आध्यात्मिक अयोध्या का संगम हो रहा है। जिस उत्तर प्रदेश में 2014 में 700 एयरक्राफ्ट प्रति सप्ताह था, आज 137 गुना बढ़कर 1654 एयर मूवमेंट प्रति सप्ताह तक पहुंच गया है। सिंधिया ने कहा कि अगले एक महीने में उत्तर प्रदेश में पांच नए हवाई अड्डों का उद्घाटन किया जाएगा। बहुत जल्द अलीगढ़, आजमगढ़, चित्रकूट, श्रावस्ती और मुरादाबाद से हवाई सेवा शुरू होगी, जिससे राज्य में हवाई अड्डों की कुल संख्या 19 हो जाएगी। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि इस विमान सेवा से भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या सीधे अहमदाबाद से जुड़ गई है। अयोध्या से दिल्ली के बाद अहमदाबाद दूसरा कनेक्टेड स्थल है। आगामी 15 जनवरी से मुंबई के लिए उड़ान सेवा आरम्भ हो जाने के बाद मुंबई तीसरा कनेक्टेड स्थल हो जाएगा। इसके अतिरिक्त 16 जनवरी से दिल्ली के लिए एक और उड़ान आरम्भ होगी। मुख्यमंत्री ने बेहतर हवाई सेवाओं को पर्यटन और व्यापार की गतिविधियों को इससे बड़ा प्रोत्साहित करने वाला बताया।



उत्तर प्रदेश में बेहतर होती हवाई सेवाओं की चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2016-17 में प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या 59.97 लाख थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में बढ़कर 96.02 लाख हो गयी। विगत 03 वर्षों में उत्तर प्रदेश में हवाई यात्रियों की संख्या में 29.46 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। वर्ष 2016-17 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या 39.68 लाख, वाराणसी में 19.16 लाख, गोरखपुर में 54 हजार तथा प्रयागराज में 45 हजार थी जबकि वर्ष 2022-23 में लखनऊ एयरपोर्ट पर यात्रियों की संख्या बढ़कर 52.20 लाख, वाराणसी में 25.21 लाख, गोरखपुर में 7.18 लाख तथा प्रयागराज में 5.71 लाख हो गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में 5 वर्ष पहले तक एक छोटी सी एयरस्ट्रिप थी। आज वहां महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहा है। आज हर व्यक्ति अयोध्या आने का इच्छुक है, इसलिए प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप सरकार ने सड़क, रेल और वायु मार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी दी है। अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए 821 एकड़ की भूमि राज्य सरकार ने उपलब्ध कराई और केंद्रीय नागर विमानन मंत्रालय ने समयबद्धता के साथ विश्वस्तरीय एयरपोर्ट तैयार कराया। उत्तर प्रदेश में इंडिगो एयरलाइन्स की उपस्थिति का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इंडिगो द्वारा उत्तर प्रदेश के 8 नगरों- लखनऊ, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बरेली तथा अयोध्या से उड़ान सुविधा दी जा रही है। इसमें लगातार बढ़ोतरी भी हो रही है।

कार्यक्रम में वर्चुअली जुड़े इंडिगो एयरलाइंस के स्पेशल डायरेक्टर आरके सिंह ने देश के सिविल एविएशन सेक्टर में इंडिगो एयरलाइंस की मजबूत उपस्थिति का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में इंडिगो हर दिन उत्तर प्रदेश के 7 हवाईअड्डों से 165 उड़ानें भर रहा है। आने वाले दिनों में इसमें और बढ़ोतरी सुनिश्चित है। अयोध्या-अहमदाबाद के बीच शुरू हुई नई फ्लाइट के बारे में उन्होंने बताया कि दोनों ओर से फ्लाइट सप्ताह में तीन दिन उपलब्ध होगी। वर्चुअल माध्यम से हुए इस कार्यक्रम में अयोध्या के सांसद लल्लू सिंह और सांसद किरीट प्रेमजीभाई सोलंकी और इंडिगो के प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही।

# अटल आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 17 फरवरी को

**- बच्चों को 26 जनवरी के परेड में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर**

**वाराणसी, (हि.स.)।** अटल आवासीय विद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2024-25 की प्रवेश परीक्षा के लिए गुरूवार को मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। कमिश्नर कौशल राज शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक में प्रवेश परीक्षा के लिए निर्धारित मानक संचालन पर चर्चा हुई। इसमें प्रक्रिया (एस0ओ0पी0) के अनुसार कक्षा-6 में 140 उम्मीदवार (70 छात्र एवं 70 छात्रायें) एवं कक्षा-9 में 140 उम्मीदवार (70 छात्र एवं 70 छात्रायें) का चयन प्रवेश परीक्षा के माध्यम से किया जाना है। प्रवेश परीक्षा में जनपद वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर एवं चन्दौली के परीक्षार्थी शामिल होंगे। बैठक में मंडलायुक्त ने अधिक से अधिक बच्चों को फॉर्म भरवाने के लिए आदेशित किया। मंडलायुक्त ने



शिथिलता बरतने व वेंडरों का पेमेंट नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की तथा गठित कमेटी की रिपोर्ट शाम तक देने के लिए आदेशित किया। अन्यथा सभी का वेतन रोकने के लिए निर्देशित किया। मंडलायुक्त ने आवासीय विद्यालय के बच्चों को 26 जनवरी के परेड में भाग लेने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया। सीएमओ को विद्यालय में मेडिकल कैंप लगाने के लिए निर्देशित किया।

**आवेदन करने के लिए पात्रता -** कक्षा-6 में प्रवेश के लिये उम्मीदवारों का जन्म दिनांक 01.05.2012 से पहले और 31.7. 2014 के बाद नहीं होना चाहिये, कक्षा-9 में प्रवेश के लिये उम्मीदवारों का जन्म दिनांक 01.05.2009 से पहले और 31.7.2011 के बाद नहीं होना चाहिये।

**अनाथ के बच्चों के लिए -** विधिवत पंजीकृत निर्माण श्रमिक जो पंजीयन के उपरान्त दिनांक 31.12.2023 को कम से कम 03 वर्ष बोर्ड की सदस्यता अवधि पूर्ण कर चुके हों, उनके प्रति परिवार अधिकतम 02 बच्चे पात्र होंगे। इसी तरह अनाथ श्रेणी से संबंधित उम्मीदवार वह बच्चे जो कोविड से अनाथ हुए हैं, जिनका महिला एवं बाल कल्याण विभाग में पंजीयन हो अथवा मुख्यमंत्री बाल सेवायोजना के लिए ऐसे पात्र बच्चे कक्षा-6 के लिए जिनकी जन्म तिथि 01.05.2012 से पहले और 31.07.2014 के बाद नहीं होना चाहिए एवं कक्षा-9 के लिए जिनकी जन्म तिथि 01.05.2009 से पहले और 31.7. 2011 के बाद नहीं होना चाहिए।

# शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट की जिला कार्यकारिणी घोषित

**मेरठ, (हि.स.)।** शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट के मेरठ जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने गुरुवार को जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी। जिला प्रमुख ने कार्यकारिणी की सूची प्रदेश महासचिव धर्मेंद्र तोमर को सौंपी। जिला प्रमुख संदीप गर्ग ने जिला कार्यकारिणी में आठ जिला उप प्रमुख, चार जिला महासचिव, चार जिला संगठक, आठ जिला सचिव, चार जिला प्रवक्ता, दस जिला संयुक्त सचिव, पांच जिला मीडिया प्रभारी, एक जिला कोषाध्यक्ष, चार जिला आईटी प्रमुख, एक जिला कार्यालय प्रभारी और एक जिला सह कार्यालय प्रभारी घोषित किया गया है। इस कार्यकारिणी में डॉ. अरविंद शर्मा, पंडित देवदत्त शास्त्री, पंकज गुप्ता, राम सिंह यादव, कृष्ण तोमर, डॉ.



संजीव मुंडे व ओमवीर शर्मा को जिला उप प्रमुख बनाया गया है। अवनीश आर्य, प्रदीप सक्सेना, कमल प्रजापति, पिंटू त्यागी को जिला महासचिव, अमित कन्नौजिया, प्रदीप कुमार, प्रेम शंकर व हरीश कुमार को जिला संघटक, राजेश तोमर, बाली कश्यप, सहेंद्र तोमर, स्वामी सोमदेव महाराज, अमित तोमर, इसराईल, गुलशन कुमार व दीपक कुमार को जिला सचिव घोषित किया गया है। आरपी सिंह, अतुल सिंघल, आजम प्रधान व सनी लोधी को जिला प्रवक्ता घोषित किया गया है। इसी तरह से अनिल शर्मा, विशाल वैशोनी, ज्योति प्रसाद, मनीष शर्मा, सत्यवीर कश्यप, प्रवीण तोमर, दीपक वैश्य, अमित पाल, सुमन तोमर को जिला संयुक्त सचिव, योगेश कौशिक, आदित्य जैन, अर्पित सिंघल, मोहन देव, विपिन प्रजापति को जिला मीडिया प्रभारी, मुकेश वर्मा जिला कोषाध्यक्ष, सनी प्रधान, आकाश कन्नौजिया, प्रदीप नाहर व मदन पाल प्रजापति को जिला आईटी प्रमुख बनाया गया है। रामखेलावन पाल को जिला कार्यालय प्रभारी व अमरनाथ को जिला सह कार्यालय प्रभारी घोषित किया गया है।

# डिम्पल यादव की होर्डिंग बनी चर्चा का केन्द्र




**लखनऊ, (हि.स.)।** लखनऊ के विक्रमादित्य मार्ग स्थित समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर अक्सर होर्डिंग के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता अपने संदेश देते रहे हैं। गुरुवार को सुबह समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता अब्दुल अजीम की होर्डिंग चर्चा में आ गयी। डिम्पल यादव को भावी मुख्यमंत्री के रुप में दशार्ते हुए लगी होर्डिंग चर्चा का केन्द्र बनी। लोकसभा मैनपुरी से सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश की धर्मपत्नी डिम्पल यादव का 15 जनवरी को जन्मदिन है। डिम्पल के जन्मदिन के चार दिन पहले उनके समर्थक एवं पार्टी कार्यकर्ता अब्दुल ने अपनी भावनाओं को व्यक्त करते हुए होर्डिंग लगायी तो स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थक चौंक गये। डिम्पल यादव के अयोध्या में राम मंदिर के दर्शन करने वाले बयान के बाद से स्वामी प्रसाद मौर्य के समर्थकों में रोष रहा, जिसे स्वामी ने शांत करने के लिए कारसेवकों पर गोली चलवाने वाले बयान से शांत किया।

समाजवादी पार्टी के कार्यालय के बाहर इससे पहले अयोध्या में श्रीराम मंदिर के चित्र वाली एक होर्डिंग भी कार्यकताओं ने लगायी थी, जिसे उस मार्ग से गुजरने वाले लोगों के बीच आर्कषण का केन्द्र माना गया। पार्टी कार्यालय के बाहर इससे पहले अखिलेश यादव, शिवपाल यादव पर संदेश देते हुए होर्डिंग को भी कार्यकताओं ने लगाया है।

# रामनगरी पहुंचा सोना-चांदी चढ़े परत वाला 500 किलो का नगाड़ा

**- राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री ने किया स्वीकार**

**अयोध्या, (हि.स.)।** श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सृष्टि पुलकित है। हर जीव का रोम रोम रोमांचित है। ऐसे में भला भारतीय सीमाओं में भीतर रहने वाले लोग भला अह्लादित क्यों न हों ? अपने आराध्यदेव और जन-जन में बसे श्रीराम के स्वागत की तैयारी कैसे न करें ? कोई घी भेजकर श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा का भागी बन रहा है तो कोई अगरबत्ती भेजकर। अब गुजरात से एक विशेष रथ से 500 किलो का विशाल नगाड़ा रामनगरी अयोध्या पहुंचा है। इसे



श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने स्वीकार किया है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि इसे उचित स्थान पर स्थापित किया जाएगा। इधर, गुजरात विश्व हिन्दू परिषद के क्षेत्र मंत्री अशोक रावल ने पत्र भेजकर नगाड़ा स्वीकारने की संस्तुति की है।

**चिराग ने कहा, "सोने-चांदी की चढ़ी है परत"** - नगाड़ा लेकर अयोध्या आए चिराग पटेल ने बताया कि इस पर सोने और चांदी की परत चढ़ाई गई है। ढांचे में लोहे और तांबे की प्लेट का भी इस्तेमाल किया गया है। इसका निर्माण डबगर समाज के लोगों ने किया है। राम मंदिर में स्थापित करने के लिए हिंदू संस्कृति के इस प्रतीक विशाल नगाड़ा का निर्माण कर्णावती महानगर के दरियापुर विस्तार में किया गया है।

# सपा विधायक इरफान सोलंकी कड़ी सुरक्षा के बीच न्यायालय में पेश हुए



**कानपुर, (हि.स.)।** आगजनी एवं आचार संहिता मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान को गुरुवार दोपहर कड़ी सुरक्षा के बीच कानपुर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय में पेशी के दौरान उनके समर्थकों की भारी भीड़ जमा रही। समर्थकों से विधायक ने कहा कि मेरे अल्लाह को हर चीज की खबर है और इंसाफ हो कर रहेगा। उल्लेखनीय है कि एक घर में आगजनी मामले सहित अन्य मामलों सपा विधायक इरफान सोलंकी वर्तमान में महाराजगंज जनपद की जेल में बंद है।

जहां से उन्हें न्यायालय में पेशी के लिए गुरुवार को भारी पुलिस बल सुरक्षित लेकर आई और न्यायालय में पेश किया। इस दौरान न्यायालय परिसर में उनके परिवार के सदस्य और समर्थक भी पहुंचे रहें।

# साहिबगंज डीसी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार को समन पर कैबिनेट सचिव ने ईडी को लिखा पत्र




**रांची, (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के साहिबगंज डीसी रामनिवास यादव और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को किये गए समन पर कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने ईडी को पत्र लिखा है। पत्र लिखकर उन मामलों की जानकारी मांगी है, जिनमें साहिबगंज के उपायुक्त राम निवास यादव को समन किया गया है। सूत्रों के अनुसार ईडी को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि उस एफआईआर के बारे में अस्पष्टता है, जिसमें डीसी और मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार अभिषेक प्रसाद उर्फ पिंटू को समन किया गया था। उल्लेखनीय है कि कुछ समय पहले भी डीजीपी ने ईडी को ऐसा ही पत्र लिखा था, जब केंद्रीय एजेंसी ने अवैध खनन मामले में साहिबगंज में तैनात दो डीएसपी प्रमोद मिश्रा और राजेंद्र दुबे को तलब किया था। दूसरी ओर कैबिनेट की बैठक में गत 9 जनवरी को एक प्रस्ताव पास किया गया, जिसमें कोई भी बाहरी जांच एजेंसी के बुलावे पर अब झारखंड के पदाधिकारी को सीधा जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होने को नहीं कहा गया है।

# झारखंड हाई कोर्ट का बड़ा आदेश, उपायुक्त रद्द नहीं कर सकते सेल डीड


**रांची, (हि.स.)।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य में सेल डीड को कैंसिल करने का अधिकार जिलों के उपायुक्त को दिए जाने को चुनौती देने वाली विभिन्न याचिकाओं पर गुरुवार को फैसला सुनाया। हाई कोर्ट ने सेल डीड रद्द करने से संबंधित राज्य की उपायुक्तों को मिले अधिकार को निरस्त कर दिया है। जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने सेल डीड निरस्त करने से संबंधित डीसी के आदेश के खिलाफ दायर 33 याचिकाओं को स्वीकृत कर लिया। कोर्ट ने जिले के उपायुक्तों को सेल डीड को निरस्त करने से अधिकार से संबंधित राज्य सरकार के पत्र को निरस्त कर दिया। हाई कोर्ट ने यह भी कहा कि उपायुक्तों द्वारा सेल डीड निरस्त करने से संबंधित किए गए एफआईआर भी निरस्त हो जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि यदि फजीवाड़ा कर जमीन की खरीद बिक्री की गई है और उसके दस्तावेज को निबंधन कराया जाता है तो उपायुक्त को उसे निरस्त करने का पॉवर संबंधी जारी सरकार का पत्र गलत है, यह कानून के



खिलाफ है। कोर्ट ने कहा कि यदि किसी को लगता है कि उनके साथ गलत हुआ है और सेल डीड निरस्त होना चाहिए तो उसे सिविल कोर्ट में पिटीशन दाखिल करना होगा। राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में एक नोटिफिकेशन निकाला था, जिसके तहत फजीवाड़ा कर जमीन का गलत ढंग से ट्रांसफर की शिकायत मिलने पर जिलों के उपायुक्त को सेल डीड कैंसिल करने का अधिकार दिया गया था। साथ ही उपायुक्त को एफआईआर करने का भी अधिकार मिला था। राज्य के अन्य जिलों के डीसी द्वारा कई लोगों के सेल डीड कैंसिल किए जाने से संबंधित 33 याचिकाओं की सुनवाई पूरी होने के बाद मामले में कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा था। इसी मामले में ऑनलाइन एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक अनामिका गौतम (सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी) की ओर से भी देवघर स्थित जमीन की सेल डीड कैंसिल किए जाने को चुनौती दी गई है। याचिककताओं का कहना था की कानून के अनुसार एक बार सेल डीड हो जाने पर उसको कैंसिल करने का पावर राज्य में सिविल कोर्ट के पास है। याचिका में संसद की पत्नी अनामिका गौतम का आरोप है कि देवघर डीसी ने श्यामगंज मौजा, देवघर की उनकी जमीन का सेल डीड कैंसिल कर दिया है। गोड्डा के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे की रजिस्ट्री तत्कालीन डीसी मंजूनाथ भजंत्री ने रद्द कर दी थी। डसी की यह कार्रवाई काफी चर्चा में भी रही थी। डीसी द्वारा रजिस्ट्री करने के बाद सांसद निशिकांत दुबे की पत्नी ने झारखंड हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था, जहां से उन्हें बड़ी राहत मिली है। वर्ष 2016 में विभाग ने एक पत्र जारी कर डीसी को यह अधिकार दिया था कि वे कपटपूर्ण निबंधित दस्तावेजों को जांच के बाद रद्द कर सकते हैं।

# पलामू के एके सिंह कॉलेज में नियमों की अनदेखी कर प्राचार्य पद पर जूनियर शिक्षक को प्राथमिकता

**पलामू, (हि.स.)।** नीलाम्बर-पीताम्बर विश्वविद्यालय से संबद्ध पलामू जिले के जपला स्थित एके सिंह कॉलेज में विश्वविद्यालय अधिनियम एवं राजभवन से आए निर्देश को ताक पर रखकर प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति की गई है। जून 2023 में राज्यपाल सचिवालय ने राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को एक निर्देश जारी किया था, जिसमें कहा गया है कि विश्वविद्यालय अधिनियम के तहत सभी श्रेणी के संबद्ध कॉलेजों में प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति में वरीयता का अनुपालन करना अनिवार्य है लेकिन नियम और निर्देश की अनदेखी कर पूर्व शासी निकाय द्वारा प्राचार्य की नियुक्ति कर दी गयी। इस मामले में नीपी विश्वविद्यालय प्रशासन भी तीन साल से मौन है। बहुत दिनों तक कॉलेज में शासी निकाय का गठन नहीं होने से जूनियर को प्राचार्य बनाने का मामला ठंडे बस्ते में था। राजभवन से आए निर्देश के आलोक में नीपी विश्वविद्यालय ने भी शासी निकाय पर ही मामले को थोपकर इसे टाल दिया। अब नए सिरे से कॉलेज में शासी निकाय का गठन किया गया है, जिसके अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अधिकारी



व सांसद वीडी राम एवं सचिव शिक्षाविद प्रफुल्ल कुमार सिंह हैं। इनके अलावा सदस्य के रूप में आईएएस अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार हैं। शासी निकाय की बैठक भी हो चुकी है लेकिन जूनियर को प्राचार्य बनाने के मामले में अबतक कोई पहल नहीं की गयी है। सूत्रों के अनुसार कॉलेज के शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों ने शासी निकाय के अध्यक्ष एवं सचिव को पत्र लिखकर प्रभारी प्राचार्य सूर्यमणि सिंह पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें अविलंब हटाने की मांग की है। राजभवन द्वारा जारी पत्र में प्रभारी प्राचार्य बनाए जाने में कॉलेज के वरीय शिक्षक को प्राथमिकता देने की बात कही गई है लेकिन नीपी विश्वविद्यालय से संबंध एके सिंह कॉलेज, जपला में दर्जनों वरीय शिक्षकों को दरकिनार कर बहुत ही जूनियर को प्रभारी प्राचार्य बनाया गया है। जानकारी के अनुसार वर्तमान प्रभारी प्राचार्य की नियुक्ति में विश्वविद्यालय के नियमों एवं कुलाधिपति सह राज्यपाल के निदेशों की अनदेखी करते हुए बहुत ही जूनियर शिक्षक सूर्यमणि सिंह को प्रभारी प्राचार्य बना दिया गया है। सिंह की कॉलेज में योगदान की तिथि 28 जून, 2010 है तथा वह पीएचडी डिग्रीधारक भी नहीं है जबकि कॉलेज के स्थापना काल से कार्यरत एवं पीएचडी डिग्रीधारक एक महिला शिक्षिका की योगदान तिथि 16 जुलाई 1984 है। इसी प्रकार कॉलेज में आठ अन्य पीएचडी डिग्रीधारक शिक्षक सहित 12 से ज्यादा शिक्षक वर्तमान प्रभारी प्राचार्य से सीनियर हैं। जानकारी के अनुसार एक अन्य शिक्षक डॉ. अजय कुमार सिंह के योगदान की तिथि 12 मई, 1992 है। एक अल्पसंख्यक वर्ग के शिक्षक मो. अयूब सहित दो शिक्षकों के योगदान का वर्ष सितंबर 1997 है। इसके बावजूद प्रो. सूर्यमणि को शासी निकाय ने सभी सारे नियम को ताक पर रखकर जूनियर को प्रभारी प्राचार्य बना दिया। इससे कॉलेज कर्मियों में भी असंतोष व्याप्त है।

# बूढ़ी काली मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में अमावस्या पर हुई पूजा

**किशनगंज, (हि.स.)।** लाइन स्थित बूढ़ी काली मंदिर व रुईधासा कालितला मंदिर में गुरुवार को नए वर्ष के पहले माह को अमावस्या पूजा आयोजित की गई। बूढ़ी काली मंदिर में मंदिर के पुरोहित मलय मुखर्जी के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा अर्चना की गई। पूजा को लेकर मंदिर में आने वाले श्रद्धालु उत्साहित थे। भक्त सुबह से ही माता के दर्शन के लिए मंदिर पहुंच रहे थे। भक्त बढ़ चढ़ कर पूजा में शामिल हुए थें। मंदिर में मां काली की पूजा की गई। पूजा के दौरान पुष्पांजलि भी दी गई।

मंदिर समिति के मनोज मजूमदार, कल्याण बोस व साधन दास ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे या अंतिम सप्ताह में अमावस्या पूजा आयोजित की जाती है। अमावस्या पूजा धूमधाम से की जाती है। पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। रुईधासा कालितला मंदिर में पुरोहित प्रणव चक्रवर्ती के द्वारा अमावस्या पूजा की गई। यहां भी मां काली की पूजा अर्चना की गई। इसके अलावे डुमरिया, रोलबाग व नेपालगढ़ कॉलोनी में भी अमावस्या पूजा की गई।

# सहरसा से पटना जा रही जनहित एक्सप्रेस दो हिस्सों में बंटी, टला बड़ा हादसा

**पटना, (हि.स.)।** बिहार के सहरसा से पटना के पाटलिपुत्र जंक्शन जा रही जनहित एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार देर रात चलते चलते दो हिस्सों में बंट गई, जिसका कारण कपलिंग टूटना बताया जा रहा है। ट्रेन की लगभग 13 बोगियों को लेकर इंजन आगे की तरफ निकल गया और 14 वीं बोगी एस 2 पीछे ही छूट गई। हालांकि ट्रेन के कुछ दूर बढ़ते ही प्रेशन जीरो होने के कारण ट्रेन की रफ्तार में ब्रेक गया और बड़ा हादसा होने से बच गया। बताया जा रहा है कि जनहित एक्सप्रेस ट्रेन के स्लीपर कोच एस 3 को एस 2 से जोड़ने वाली कपलिंग कोपरिया के होम सिग्नल फाटक संख्या 12 के पास टूट गई और ट्रेन दो भागों में बंट गई। घटना की सूचना



मिलते ही रेल कर्मी कपलिंग जोड़ने के काम में लग गये। इसके बाद साढ़े तीन बजे जनहित एक्सप्रेस पाटलिपुत्र के लिए खुली।

समस्तीपुर मंडल के डीआरएम विनय श्रीवास्तव के अनुसार बुधवार की देर रात 12.05 बजे जनहित एक्सप्रेस की एस 3 और एस 2 बोगी के बीच का कपलर टूट गया था। एस 2 बोगी को हटाकर जांच के लिए सहरसा कोचिंग डिपो भेजा गया है। मध्य रात्रि ढाई बजे लाइन क्लियर हो गई। साढ़े तीन बजे जनहित एक्सप्रेस पाटलिपुत्र के लिए खुली। हटायए गए कोच के यात्रियों को खाली बर्थ पर एडजस्ट करके पटना की ओर भेजा गया। तब यात्रियों ने चैन की सांस ली।

# नवादा के राकेश बनें लेफ्टिनेंट, बढ़ाया जिले का गौरव

**नवादा , (हि. स.)।** नवादा जिले के नक्सल प्रभावित कौआकोल प्रखण्ड के नावाडीह गांव के राकेश कुमार ने लेफ्टिनेंट बन जिला में अपना एवं अपने परिवार का नाम रौशन किया है। उनके इस सफलता पर प्रखण्ड के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। बता दें कि नावाडीह गांव निवासी व स्वतंत्रता सेनानी रहे स्वर्गीय रामनाथ सिंह के पौत्र व किसान कुमुद कुमार सिंह के पुत्र राकेश कुमार का चयन 23 बिहार बटालियन एनसीसी में भारतीय सेना द्वारा लेफ्टिनेंट के पद पर किया गया है। अभी वर्तमान में वे मुरारका महाविद्यालय,सुल्तानगंज में भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं एनसीसी के कम्पनी कमांडर हैं। राकेश का चयन नागपुर में नब्बे दिन के प्रशिक्षण को कठिन परिश्रम कर सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद भारतीय सेना द्वारा किया गया। बता दें कि इसके पूर्व राकेश बिहार सरकार



में वरीय उप समाहर्ता के पद एवं भारत सरकार में उत्पाद निरीक्षक के पद पर भी कार्य कर चुके हैं। राकेश कुमार को लेफ्टिनेंट बनने पर प्रखण्ड के लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है। स्थानीय ग्रामीण एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक अनूप प्रसाद, पंचायत समिति सदस्य नोमिंता कुमारी, शिक्षक अरुण कुमार, शम्भू मेहता, अशोक समदर्शी समेत अन्य ग्रामीणों ने राकेश की इस सफलता पर उन्हें बधाई दिया है।

# शिक्षा के विकास से जीवन में फैलेगा ज्ञान का प्रकाश : कौशल यादव

**-पूर्व विधायक ने किया विद्यालय का उद्घाटन**

**नवादा, (हि.स.)।** नवादा-गोविंदपुर के पूर्व विधायक जदयू नेता कौशल यादव ने गुरुवार को कहा कि शिक्षा के विकास से ही जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलेगा। जिससे समृद्ध भारत का निर्माण संभव हो सकेगा। वे जिले के कौवाकोल में पाली पंचायत में रेनबो विद्यालय के उद्घाटन के बाद छात्र तथा शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज बेहतर शिक्षा का अभाव होता जा रहा है। जिसके लिए समाज के हर वर्ग के लोगों को सजग बनकर काम करना होगा। शिक्षा तिजारत का माध्यम नहीं



होना चाहिए, बल्कि समाज निर्माण के लिए ज्ञान का प्रकाश फैलाने का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने विद्यालय को व्यवसाय बनाने वाले लोगों को आगाह करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के सहारे ही सब कुछ का निर्माण संभव है। जो लोग बेहतर शिक्षा देने में विश्वास करते हैं। उनकी सभी जरुरतें पूरी हो जाती है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस स्कूल से इलाके में बेहतर शिक्षा बच्चों को मिल पाएगी। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के शैक्षणिक संस्थान खुलने से विद्यार्थियों को काफी फायदा होता है तथा लोगों में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलती है। मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता व प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि संजय यादव,पूर्व जिला पार्षद नारायण स्वामी मोहन, प्रखण्ड जदयू अध्यक्ष रामाश्रय सिंह आदि मौजूद थे।

संपादकीया

# रिहाई रद्द होने से बिलकिस को राहत

एक बड़ी गलती को सुधारते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो मामले में उम्रकैद की सजा पाए ग्यारह दोषियों को सजा में छूट देने के गुजरात सरकार के फैसले को रद्द कर दिया है। गुजरात में वर्ष 2002 के दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस के साथ सामूहिक दुराचार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन जघन्य अपराधों के लिये ग्यारह लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। जिन्हें वर्ष 2022 में चौदह साल की सजा पूरी होने पर रिहा कर दिया गया था। दरअसल, गुजरात सरकार ने उम्रकैद की सजा के मामले में अपराधियों को छूट देने वाली 1992 की नीति के आधार पर यह रिहाई की थी, जबकि वर्ष 2014 में नई नीति ने जघन्य अपराधियों की रिहाई पर रोक लगाई थी।

गुजरात में वर्ष 2002 के दंगों के दौरान गर्भवती बिलकिस के साथ सामूहिक दुराचार और उसके परिवार के सात सदस्यों की हत्या कर दी गई थी। इन जघन्य अपराधों के लिये ग्यारह लोगों को उम्रकैद की सजा दी गई थी। जिन्हें वर्ष 2022 में चौदह साल की सजा पूरी होने पर रिहा कर दिया गया था। दरअसल, गुजरात सरकार ने उम्रकैद की सजा के मामले में अपराधियों को छूट देने वाली 1992 की नीति के आधार पर यह रिहाई की थी, जबकि वर्ष 2014 में नई नीति ने जघन्य अपराधियों की रिहाई पर रोक लगाई थी। यही वजह है कि कोर्ट ने भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून के शासन का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई देने का अधिकार ही नहीं था क्योंकि निष्पक्ष न्याय के लिये इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और सजा सुनाई गई। ऐसे में केवल महाराष्ट्र सरकार ही दोषियों की रिहाई का फैसला ले सकती थी। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काटने वाले ग्यारह लोगों को दो सप्ताह में जेल वापस जाने को कहा है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का फैसला गुजरात सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। दरअसल, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी थी कि सजा पाने वाले लोगों ने जेल में 14 साल पूरे कर लिये थे, उनका आचरण अच्छा पाया गया तथा केंद्र सरकार ने समयपूर्व रिहाई के संबंध में सहमति दी थी।

यही वजह है कि कोर्ट ने भ्रमित करने का आरोप भी लगाया। साथ ही कोर्ट ने कहा कि राज्य सरकार ने कानून के शासन का उल्लंघन किया है। कोर्ट ने कहा कि गुजरात सरकार को रिहाई देने का अधिकार ही नहीं था क्योंकि निष्पक्ष न्याय के लिये इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और सजा सुनाई गई। ऐसे में केवल महाराष्ट्र सरकार ही दोषियों की रिहाई का फैसला ले सकती थी। कोर्ट ने उम्रकैद की सजा काटने वाले ग्यारह लोगों को दो सप्ताह में जेल वापस जाने को कहा है। निश्चित रूप से शीर्ष अदालत का फैसला गुजरात सरकार की विश्वसनीयता और निष्पक्षता पर सवाल उठाता है। दरअसल, राज्य सरकार ने शीर्ष अदालत में दलील दी थी कि सजा पाने वाले लोगों ने जेल में 14 साल पूरे कर लिये थे, उनका आचरण अच्छा पाया गया तथा केंद्र सरकार ने समयपूर्व रिहाई के संबंध में सहमति दी थी। हालांकि, सीबीआई ने तर्क दिया था कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए दोषियों के साथ कोई रियायत नहीं बरती जानी चाहिए। लेकिन इसके बावजूद उन्हें रिहा कर दिया गया था। इतना ही नहीं, गोधरा उप-जेल से बाहर निकलने के बाद दोषियों का माला पहनाकर अभिनंदन तक किया गया था। दरअसल, उम्रकैद की सजा पाए लोगों को समय से पहले रिहा करने के खिलाफ पीड़िता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी। आखिरकार उसे न्याय मिला, बल्कि इससे खुद सर्वोच्च न्यायालय की गरिमा फिर स्थापित हुई। समाज में व्याप्त अन्याय के खिलाफ न्याय की उम्मीद से लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाते हैं। निस्संदेह, इस मामले में गठित खंडपीठ ने सही मायनों में कानून के शासन को ही प्रतिष्ठा दी है। उसने शीर्ष अदालत के मई, 2022 में दिये गए फैसले को भी पलटा है, जिसमें गुजरात सरकार के छूट देने के अधिकार को मान्यता दी गई थी। यह सामान्य विवेक की बात है कि तमाम दलीलों के बावजूद सामूहिक बलात्कार व हत्या जैसे जघन्य अपराधों के दोषियों को समय से पहले रिहाई नहीं दी जानी चाहिए। रिहाई के फैसले ने राज्य सरकार के कल्याणकारी स्वरूप व निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। आरोप है कि राज्य सरकार ने जेल में रहने के दौरान भी दोषियों को लंबे-लंबे समय के लिये पेरोल पर बाहर आने की इजाजत दी थी। दरअसल, ऐसे मामलों में राज्य सरकार के विवेक की भी परीक्षा होती है कि उसके किसी निर्णय से पीड़ित पक्ष आहत न हो। सही मायनों में न्याय की प्रकृति का भी सम्मान किया जाना चाहिए। राज्य सरकार को उन भयावह स्थितियों व पीड़िता की पीड़ा का भी अहसास होना चाहिए। यह राज्य सरकार की कल्याणकारी रीतियों-नीतियों की भी परीक्षा थी। वहीं कोर्ट ने अदालत को गुमराह करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप भी राज्य सरकार पर लगाया। बहरहाल, अब दोषी दो हफ्ते के भीतर आत्मसमर्पण करेंगे और पूरी सजा होने तक जेल में ही रहेंगे। निस्संदेह, शीर्ष अदालत के फैसले से जहां रिहाई के अधिकार के प्रश्न का जवाब मिला, वहीं पीड़िता को न्याय पाने के हक की भी पुष्टि हुई। पीड़िता के अधिकार को महत्वपूर्ण मानने से सही मायनों में उसे न्याय मिल पाया। बहरहाल, देश में कानून के राज को प्रतिष्ठा देकर न्यायालय ने एक आदर्श मार्गदर्शक की भूमिका का भी निर्वहन किया है।

## आजादी के बावजूद आज भी हम विदेशी दासता का दंश ही झेल रहे हैं और उसमें सबसे बड़ी भूमिका पुलिस की ही है

# नये भारत की पुलिस में बड़े बदलाव जरूरी

ललित गर्ग

प्रधानमंत्री की पुलिस अफसरों को दी गई नसीहत ने कई विचारणीय सवाल भी खड़े किए हैं। पहले भी पुलिस सुधारों को लेकर काफी विचार-विमर्श व सरकारी स्तर पर फैसले हुए हैं। मोदी ने कहा कि तीनों नए आपराधिक न्याय कानूनों को 'नागरिक प्रथम, गरिमा प्रथम, न्याय प्रथम' की भावना से बनाया गया है और पुलिस को अब डंडे के बजाय डाटा के साथ काम करना होगा।



पुलिस की भक्षक छवि आजादी के अमृतकाल की सबसे बड़ी विडम्बना एवं त्रासदी है, पुलिस की रक्षक छवि कैसे स्थापित हो, वे खलनायक नहीं, नायक बने, आज के इस सबसे बड़े राष्ट्रीय प्रश्न पर जयपुर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पुलिस के बड़े अधिकारियों के बीच नसीहत देने की जरूरत पड़ी। मोदी ने देश भर के पुलिस मुखियाओं को सीख दी कि पुलिस जनता को बताए कि उसकी शिकायतों पर क्या कार्रवाई हुई। मतलब साफ है कि अभी शायद पुलिस इस काम को पूरी तरह से अंजाम नहीं दे पा रही है। बड़ा सवाल है कि आज़ाद होने के बाद जब हम एक धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र बनाने चले, तब हमने अपनी सबसे महत्वपूर्ण संस्था पुलिस में आमूल-चूल परिवर्तन की बात क्यों नहीं सोची? भारतीय पुलिस आज हमें जिस स्वरूप में दिखती है, उसकी नींव 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की समाप्ति के बाद पड़ी थी और इसके पीछे तत्कालीन शासकों की एकमात्र मंशा औपनिवेशिक शासन को दीर्घजीवी बनाना था और उसमें वे काफी हद तक सफल भी हुए। 1860 के दशक में बने पुलिस ऐक्ट, आईपीसी, सीआरपीसी या एविडेंस एक्ट जैसे कानूनों के खंभों पर टिका यह तंत्र ना तो कभी जनता का मित्र बन सका, ना ही जनता के रक्षक की भूमिका को निष्पक्षता से निभा सका और ना ही उसकी ऐसी कोई मंशा थी। आजादी के बावजूद आज भी हम विदेशी दासता का दंश ही झेल रहे हैं और उसमें सबसे बड़ी भूमिका पुलिस की ही है। आजाद भारत की बड़ी असफलता है कि पुलिस कानून-कायदों की धज्जियां उड़ाने वाला, भ्रष्ट और जनता के शत्रु संगठन के रूप में ही काम कर रहा है, तभी आम जनता पुलिस नाम से ही थर-थर कांपती है। जरूरत है वर्तमान थानों को अब जन-रक्षक केन्द्र के रूप में विकसित करते हुए पुलिस की नयी कार्यप्रणाली, भूमिका, छवि एवं दायित्वों को निर्धारित किया जाये। पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के 58वें अखिल भारतीय इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री की इस सीख से यह जाहिर होता है कि आजादी के 77 साल बाद भी पुलिस जनता की दोस्त एवं रक्षक के रूप में काम नहीं कर रही। इसके लिए पुलिस को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। प्रधानमंत्री की पुलिस अफसरों को दी गई नसीहत ने कई विचारणीय सवाल भी खड़े किए हैं। पहले भी पुलिस सुधारों को लेकर काफी विचार-विमर्श व सरकारी स्तर पर फैसले हुए हैं। मोदी ने कहा कि तीनों नए आपराधिक न्याय कानूनों को 'नागरिक प्रथम, गरिमा प्रथम, न्याय प्रथम' की भावना से बनाया गया है और पुलिस को अब डंडे के बजाय डाटा के साथ काम करना होगा। सवाल यह है कि इसके बावजूद क्या पुलिस अपनी कसौटी पर खरी उतर सकेगी? अहम सवाल यह भी कि क्या पुलिस को बिना राजनीतिक एवं शासन के दबाव के स्वतंत्र तरीके से काम करने के अवसर मिल सकेंगे? अगर इस सवाल का जवाब हां है तो हमें इसके कारण एवं मार्ग भी तलाशने होंगे। यह जगजाहिर है कि पुलिस को कई बार राजनीतिक दबाव में काम करना पड़ता है। पुलिस की कार्यप्रणाली बहुत जटिल है और पुलिस बल अपेक्षा से काफी कम है। बड़ा संकट यही है कि आबादी के अनुपात में जितने पुलिसकर्मी होने चाहिए, उतने आज भी नहीं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में प्रति एक लाख जनसंख्या पर 196 पुलिसकर्मी होने चाहिए जबकि वर्तमान में यह आंकड़ा 152 ही है। अनेक राज्यों में तो यह अनुपात 130 के भी नीचे है। पुलिस अफसरों की नियुक्ति में सिफारिशें एवं भ्रष्टाचार किस स्तर का होता हैं, यह भी किसी से छिपा नहीं है। विडम्बना यह है कि एक तरफ पुलिसकर्मियों की कमी है तो दूसरी तरफ मंत्री और विधायकों से लेकर पार्टी पदाधिकारी भी अपनी सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती चाहते हैं, फिर जनता की सुरक्षा-ढाल कौन और कैसे बनेगा? भारत को आजादी के अमृतकाल की सम्पन्नता यानी 2047 तक विकसित-सशक्त राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करने के लिए भारतीय पुलिस को आधुनिक, तकनीकी और विश्वस्तरीय बनाने की जरूरत है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि वे पूरी ईमानदारी से जिम्मेदारी निभा रहे हैं, लेकिन जनता का नजरिया शायद पुलिस के दावों से मेल नहीं खाता। पुलिस में सेवा, सहयोग एवं रक्षा का भाव हो तभी वह जनआकांक्षाओं के अनुरूप अपने आपको ढाल सकती है। शायद तभी प्रधानमंत्री की सीख भी कारगर साबित होगी। जरूरत इस बात की भी है कि हाईटेक हो रहे अपराधियों से निपटने के लिए पुलिस बेड़े को तकनीकी रूप से दक्ष किया जाए। पुलिस का बड़ा दायित्व है कि वह महिलाओं की सुरक्षा पर सकारात्मक एवं सुरक्षात्मक नजरिया विकसित करें ताकि वे कभी भी और कहीं भी बिना किसी भय के काम कर सकें। सरकार की माने तो महिलाओं और लड़कियों को उनके अधिकारों एवं नए कानूनों के तहत उन्हें प्रदान की गई सुरक्षा के बारे में जागरूक करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। नये भारत, सशक्त भारत की बुनियादी जरूरत है वर्तमान पुलिस व्यवस्था को भारतीय मूल्यों एवं अपेक्षाओं के अनुरूप गठित करने की। क्योंकि आज की पुलिस व्यवस्था मूलतः ब्रिटिश पद्धति पर आधारित है, यह व्यवस्था लगभग 160 वर्ष से भी पुरानी है, जो रक्षक नहीं बल्कि भक्षक बनी हुई है। किसी पर भरोसा कर रक्षा के लिए छोड़ दे और वही आपका नुकसान कर दे तो उसे भक्षक कहते है। आज भी हमारे राजनेता एवं राजनीति विदेशी मानसिकता एवं दासता से ग्रस्त है। इसलिए तो हमारे शासकों एवं राजनेताओं को आज भी ऐसी पुलिस भाती है, जो उनके इशारों पर विरोधियों के हाथ-पैर तोड़ दे, उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज कर दें या उनके समर्थकों के कानून तोड़ने पर अपनी आंखें मूंद ले? आज भी चुनाव जिताने के लिए पुलिस उनके पास सबसे कारगर औजार है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आज भी भारत में जितने भी साम्प्रदायिक दंगे हुए उनमें पुलिस की भूमिका बेहद संदेहास्पद एवं खतरनाक स्थिति में थी। पुलिस का कार्य निष्पक्ष रह कर अपने कार्यों को अंजाम देना है ना कि उसी में शामिल हो जाना। राजनीतिक दबाव के कारण पुलिस अपने कार्यों को निष्पादित नहीं कर पाती है और राजनीतिक कारणों से न्याय व्यवस्था प्रभावित होती है। सरकार को चाहिए कि पुलिस को पूरी तरह से राजनीतिक दबाव से मुक्त करे और अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करने दे। जनता की सुरक्षा के लिए आपको यह ज़िम्मेदारी दी गई है ना कि उसी का शोषण करने के लिए। पुलिस के काम करने का तरीका आज भी अंग्रेज़ों के ज़माने का है, जिसे सभी सिविल नागरिक अपराधी ही नज़र आता है।

दृष्टि कोण

# अब तक की उपलब्धियों को लेकर संतुष्ट नहीं बैठेंगे पीएम मोदी, भाजपा के लिए चलेंगे बड़ा दांव

'इंडिया' गठबंधन के भीतर सीटों के बंटवारे को लेकर चल रही खींच-तान और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने गठबंधन का चेहरा पेश करने में असमर्थता के चलते आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीतने से रोक पाना विपक्षी गठबंधन के लिए दुर्गम चुनौती बन गया है। चुनौती की विकटता इससे समझी जा सकती है कि हममें से कई आगामी चुनाव को ऐसी स्पर्धा मान रहे हैं, जिसमें 'इंडिया' गठबंधन ने अब तक पहला कदम भी नहीं बढ़ाया है, जबकि भाजपा मंजिल पर दस्तक दे रही है। लेकिन एक व्यक्ति ऐसा कभी नहीं सोचेगा, और वह हैं प्रधानमंत्री मोदी। आगामी अप्रैल-मई में होने वाले 18वें लोकसभा चुनाव में लगातार तीसरे कार्यकाल की तरफ बढ़ रहे नरेंद्र मोदी विपक्षी गठबंधन की तरफ से आने वाली हर चुनौती को, चाहे वह कितनी ही मामूली क्यों न हो, पूरी सतर्कता और गंभीरता से ले रहे हैं। नरेंद्र मोदी की तरफ से भाजपा को साफ निर्देश है कि विपक्षियों पर पूरी नजर रखें और उन्हें किसी भी हाल में अनियंत्रित न होने दें। इसलिए, वह चाहते हैं कि भाजपा उनके लिए वोट जुटाने के उद्देश्य से पूरी ताकत से काम करे। यही वजह है कि भाजपा की चुनाव-प्रबंधन रणनीति में विपक्ष के हर हमले का, वह कितना ही कमजोर क्यों न हो, मुंहतोड़ जवाब देने का संदेश जरूर शामिल होगा। चुनावी अभियानों में केंद्रीय मंत्रियों के जमावड़े और भाजपा की तरफ से खासकर ग्रामीण व शहरी गरीबों, महिलाओं, युवाओं और किसानों तक लक्षित ढंग से अपने संदेश पहुंचाने की व्यापक मुहिम देखने को मिले, तो हैरत नहीं होनी चाहिए। विभिन्न रणनीतिक सत्रों में मोदी अपनी पार्टी के नेताओं से लगातार कह रहे हैं कि उन्हें भारत के विकास की कहानी को लेकर जनता तक पहुंचना चाहिए और विपक्षियों की किसी भी चाल को हल्के में नहीं लेना चाहिए, चाहे वह 15 राज्यों की 100 लोकसभा सीटों को छूने वाली राहुल गांधी की नई यात्रा ही क्यों न हो। मोदी का भाजपा के रणनीतिकारों को संदेश साफ है कि नए और प्रभावशाली जनादेश के साथ सत्ता में लौटने के लिए हर मतदाता और हर राज्य महत्वपूर्ण है। चाहे उम्मीदवारों का चयन करना हो या क्षेत्रवार मुद्दे उठाने हों, अमित शाह की सीधी निगरानी में दोहरी जांच की व्यवस्था लागू की गई है। जब सब कुछ केंद्रीय नेतृत्व को ही करना है, तो मुमकिन है कि पार्टी के लोग आरामतलब और मनचाहे नतीजों के लिए प्रधानमंत्री की शख्सियत पर निर्भर हो जाएं। पर मोदी ऐसा होने नहीं देंगे। उन्होंने भाजपा के लिए ज्यादा संभावनाएं न रखने वाले राज्यों में भी दिखाया है कि वह कितनी ज्यादा कोशिशें करते हैं। तमिलनाडु के त्रिची में और केरल के त्रिशूर में उनकी सभाओं को ही देखें। इन राज्यों में मोदी ने हिंदुत्व के बजाय अपने विकास के एजेंडे के जरिये स्थानीय मतदाताओं से जुड़ने की कोशिश की। हां, थोड़ा-सा हिंदू पुट केवल क्षेत्र की आध्यात्मिक विरासत की ओर इशारा करने तक सीमित जरूर था। उल्लेखनीय है कि पिछले कई वर्षों से भाजपा केरल और तमिलनाडु में जमीनी स्तर पर काम कर रही है, इससे बेफिक्र कि उसे मिल रहा समर्थन संसद या राज्य विधानसभाओं में सीटों में तब्दील हो रहा है या नहीं। जाहिर है कि एक अथक प्रचारक के रूप में मोदी समय और ऊर्जा का निवेश करने को तब भी तैयार हैं, भले ही रिटर्न की गारंटी न हो। मोदी ने अमित शाह और दूसरे चुनावी योद्धाओं को एहसास दिलाया है कि आगामी चुनाव में भाजपा के लिए दूसरे दलों की तुलना में दांव कहीं ज्यादा बड़ा है। 2024 में जीत भाजपा के लिए एक नए युग का द्वार खोलेगी, जो अगले एक दशक के लिए पार्टी को निर्विवाद रूप से सबसे आगे खड़ा कर देगी। नरेंद्र मोदी के अनुसार, यही वह समय होगा, जब देश के लिए सबसे अच्छी चीजें होनी तय हैं और 2047 तक सौ वर्ष के हो चुके आजाद भारत में भाजपा ही देश में महत्वपूर्ण बदलावों की अग्रदूत के रूप में देखी जाएगी। सभी भाजपा-विरोधी वोटों को एकजुट करने में विपक्ष कई चुनौतियों से जूझ रहा है। कुछ राज्यों में गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे के विरोधी हैं, जिनमें से ज्यादातर एक खास क्षेत्र या सामाजिक समूह तक सीमित हैं, जो सहयोगियों को वोट हस्तांतरित करने की ताकत भी नहीं रखते। विपक्ष जहां नेतृत्व व आपसी संवाद के मुद्दे पर अनिश्चित है, और सिर्फ एक बात की रट लगा रहा है कि भाजपा की सीटें कम करके मोदी को रोकना होगा, वहीं, नरेंद्र मोदी की अपनी पार्टी पर पूरी पकड़ है। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी तृणमूल और विपक्षी कांग्रेस व माकपा सीटों को लेकर एक-दूसरे के दावों पर सवाल उठा रहे हैं।

कुछ अलग

# राष्ट्र के विकास की नींव है युवा


भारत के महान दार्शनिक, विचारक, युवाओं के आदर्श एवं कर्मयोगी राष्ट्र संत स्वामी विवेकानंद का जन्मदिन प्रतिवर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को हुआ था और इनका जन्मदिन राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने के पीछे मुख्य कारण उनका दर्शन, सिद्धांत, अलौकिक विचार और उनके आदर्श हैं, जिनका उन्होंने स्वयं पालन किया और भारत के साथ-साथ अन्य देशों में भी उन्हें स्थापित किया। महोत्सव का उद्देश्य, युवाओं के बीच राष्ट्रीय एकता के विचार, सामान्य एकता, भाईचारे, बहादुरी और साहस की भावना को बढ़ावा देना है। नेल्सन मंडेला की एक खूबसूरत कहावत है कि, 'आज के युवा कल के नेता हैं', और युवावस्था एक व्यक्ति के जीवन में वह मंच है जो सीखने की कई क्षमताओं और प्रदर्शन के साथ भरा हुआ है। भारत सरकार ने 1984 में उनके जन्मदिवस को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। कल भारत सहित संपूर्ण विश्व में स्वामी विवेकानंद की जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन कर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की जाएगी। उन्होंने 1893 में शिकागो धर्म संसद में भी भाग लिया था। स्वामी जी प्रबल देशभक्त, महान द्रष्टा, सच्चे राष्ट्र संत और कई धर्मग्रंथों, दर्शन, साहित्य, वेद व पुराणों के ज्ञाता थे। स्वामी विवेकानंद की जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाने का उद्देश्य भारतवर्ष की भावी पीढियों का चरित्र निर्माण करते हुए उनमें उच्च आदर्शों पर चलने की भावना का संचार करना रहा है। स्वामी विवेकानंद जी की भी उत्कट अभिलाषा थी कि युवाओं को अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए उनमें निहित अनंत ऊर्जा का उपयोग देशहित में होना चाहिए। इस वर्ष राष्ट्रीय युवा दिवस की थीम 'वैश्विक सद्भाव के लिए युवा' (यूथ फॉर ग्लोबल हारमॉनी) रखी गई है। आशानुरूप विवेकानंद के सार्वभौमिक भाईचारे के दृष्टिकोण पर आधारित, यह विषय संस्कृतियों और सीमाओं के पार शांति, सहिष्णुता और समझ को बढ़ावा देने और एक अधिक सामंजस्यपूर्ण वैश्विक समाज को बढ़ावा देने में युवाओं की भूमिका को उजागर कर सकता है। विश्व का वर्तमान परिदृश्य बीते 100 वर्षों में अभूतपूर्व रूप से परिवर्तित हो चुका है। हमारी आज की युवा पीढ़ी शिक्षा से प्राप्त ताकत के चलते सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंच चुकी है। पिछले 2-3 दशकों में इस देश में बहुत कुछ बदला है। आर्थिक मोर्चे पर बदलाव एवं पाश्चात्य देशों की तर्ज पर ब्रांड संस्कृति तथा विकास की बयार भारत में भी द्रुत गति से बह रही है। इस नए चलन और परिपाटी से हमारा मध्यमवर्गीय युवा मन भी प्रभावित हुआ है। उसकी इच्छाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को भी पंख लगे हैं। आज बड़ी संख्या में हमारी युवा पीढ़ी दूसरे राज्यों और विदेशों में पढने और रोजगार हेतु जा रही है। बड़े शहरों की चकाचौंध वाली जीवनशैली और 'मॉल कल्चर' उसे लुभाती है। वहीं दूसरी तरफ मध्यमवर्गीय परिवारों के अभिभावकों के समक्ष अपनी संतानों को पढ़ा-लिखाकर उन्हें अपने पैरों पर खड़ा करने की चुनौती है, तो युवा भी उच्च शिक्षा ग्रहण कर लुभावने पैकेज के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं। हमारा युवा आज की शिक्षा व्यवस्था की दशा और दुर्दशा को लेकर भी चिंतित और परेशान है क्योंकि एक राष्ट्र के भीतर अनेक प्रकार की शिक्षा प्रणालियां प्रचलन में हैं। एक तरफ स्कूलों तथा कॉलेजों में अध्यापकों की कमी है तो वहीं युवा डिग्री हाथ में होने के बावजूद बेरोजगार घूम रहा है। हमारा निजी और सरकारी तंत्र युवाओं को उनकी योग्यता के विपरीत बेहद कम वेतन देकर उनकी योग्यता का शोषण कर रहा है। भारत में युवाओं की संख्या विश्व के अन्य देशों के मुकाबले में ज्यादा है। यहां की 65 फीसदी आबादी 35 वर्ष से कम है, अर्थात युवा है।

देश दुनीया से

# श्रीराम की छवि को विवृत करने के प्रयासों का मूर्तरूप

श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन नहीं थे क्योंकि श्रीराम, मर्हषि वाल्मीकि के लिए 'जनश्रुति' हो गये थे। ऐसी स्थिति में यह सम्भव नहीं है कि लव और वुश मर्हषि वाल्मीकि के आश्रम में पले हों और उन्होंने ने श्रीराम के दरबार में उनके समक्ष मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का वाचन किया हो। उत्त किवदन्तियों का आधार उत्तरकाण्ड ही है। यदि श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन होते तो उत्तरकाण्ड की किवदंतियॉं वास्तविकता के साथ होतीं। ऐसी स्थिति में यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का अंग नहीं है।


शिव शंकर द्विवेदी अभी तक आपने यह पढ़ा है कि जिस वाल्मीकि रामायण से हम परिचित हैं, उसमें सर्ग 1से सर्ग 4 तथा 5वें सर्ग के प्रथम 4 श्लोक, मर्हषि वाल्मीकि और उनकी वृति रामायण के विषय में प्रचलित दंतकथा से सम्बन्धित हैं, जिसके कथाकार स्वयं मर्हषि वाल्मीकि नहीं हो सकते हैं क्योंकि, उत्त श्लोकों की शैली आत्मकथा की शैली नहीं है। श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन नहीं थे क्योंकि श्रीराम, मर्हषि वाल्मीकि के लिए 'जनश्रुति' हो गये थे। ऐसी स्थिति में यह सम्भव नहीं है कि लव और वुश मर्हषि वाल्मीकि के आश्रम में पले हों और उन्होंने ने श्रीराम के दरबार में उनके समक्ष मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का वाचन किया हो। उत्त किवदन्तियों का आधार उत्तरकाण्ड ही है। यदि श्रीराम और मर्हषि वाल्मीकि समकालीन होते तो उत्तरकाण्ड की कि व दं ति यॉं वास्तविकता के साथ होतीं। ऐसी स्थिति में यह स्वीकार किया जाना चाहिए कि उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का अंग नहीं है। उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण अंग नहीं है, इस सम्बन्ध में आपने एक अन्य तर्व को भी समझा है कि मर्हषि वाल्मीकि रामायण के युद्ध काण्ड के अनुसार श्रीराम ने अपना उत्तराधिकारी अपने अनुजों को बनाया था यदि उनके पुत्र लव और वुश होते तो वह अनुजों को उत्तराधिकारी क्यों बनाते? उत्तरकाण्ड मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण का अंग नहीं है, यह समझने के लिए यह तथ्य भी ध्यान में रखा जाना चाहिए कि रामायण एक चरित्र महाकाव्य है, इसमें महानायक के रूप में श्रीराम हैं। चरित्र-काव्य में नायक के उन गुणों को विशेष रूप से रेखांकित किया जाता है, जिनसे उसके व्यक्तित्व में निखार आ सके, उसका व्यक्तित्व आदरणीय और आचरणीय रूप से अभिव्यञ्जित हो सके, यह रेखांकन ही कवि की अभिलाषा होती है, जिसे वह काव्यवृति में चित्रित करने का प्रयास करता है। शेष काव्यगत विशेषताएं जैसे विविध छन्द एवं अलंकारों का प्रस्पुटित होना उतना अर्थ नहीं रखता है, जितना चरित्र का निखार। रसों की भी निष्पत्ति चरित्र के निखार के समक्ष गौड़ ही होती है। वैसे मर्हषि वाल्मीकि वृत रामायण में विविध छन्दों एवं अलंकारों का विधिवत प्रदर्शन हुआ है और यथावश्यकता सहज रूप से रसों की भी निष्पत्ति हुयी है। मर्हषि वाल्मीकि ने 6 काण्डों में ही यथार्थ जीवन को गरिमामय और आचरणीय विधि से जीने वाले अप्रतिम व्यत्तित्व के धनी श्रीराम का जो जीवनवृत्तान्त लिखा है, वह धीरोदात्त नायक का ही जीवनचरित्र है, जबकि उत्तरकाण्ड में जिन घटनाओं के साथ श्रीराम को चित्रित किया गया है, वह चित्रण वर्तमान युग में ही नहीं अपितु भारत की सनातन सोच के समक्ष भी उन्हें नितान्त हेय रूप में प्रस्तुत करता है। इससे भी लगता है कि 'उत्तर काण्ड' से न तो मर्हषि वाल्मीकि जी का वुछ लेना-देना है न मर्यांदा पुरुषोत्तम श्रीराम का। यदि कोईं व्यत्ति रामायण के उत्तरकाण्ड को पढ़ेगा तो उसे लगेगा कि इसमें जो वुछ भी लिखा गया है, वह सब एक स्वतन्त्र वृति का विषय हो सकता है, क्योंकि, इसके विषयों का रामायण के पूर्व काण्डों में वर्णित घटनाओं से कोईं सीधा सम्बन्ध नहीं है अपितु कहीं- कहीं तो विरोधाभासी स्थिति भी आ गईं है। उदाहरण के रूप में युद्धकाण्ड में श्रीराम के शासनकाल में किसी प्रकार के कलह आदि के न होने का उल्लेख है, जबकि उत्तरकाण्ड में श्रीराम और सीता के सम्बन्धों को लेकर ही आम जनमानस में असमंजस बना हुआ है। युद्धकाण्ड में श्रीरामराज्य का सजीव चित्रण करने वाले मर्हषि वाल्मीकि उत्तरकाण्ड में जाकर किन परिस्थितियों में श्रीराम के राजकाज के विषय में जनापवाद की स्थितियों को रेखांकित कर सकते हैं कि श्रीराम को जनापवाद से बचने के लिए अपनी पत्नी सीता का परित्याग करना पड़ता है और शम्बूक की हत्या तक करनी पड़ती है? यह सब समझ से परे है। वास्तविकता यह है कि मर्हषि वाल्मीकि ने जिस श्रीराम के चरित्र का चित्रण किया है, वह जीवन के सुख-दुःखों को एक साधरण मनुष्यों की भांति अनुभव करने वाले व्यत्ति थे। वह एक योग्य पुत्र, भरोसे-मन्द पति, राजाज्ञा पालक नागरिक एवं एक वुशल रणनीतिकार थे। वह मित्रता का मूल्य समझते थे और मित्रता का मूल्य समझाना भी जानते थे। वह रणभूमि में विजय के लिए उतरते थे।



आप का नजरीया

# गलती सुधारी गई

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बहुचर्चित बिलकिस बानो गैंगरेप मामले में गुजरात सरकार द्वारा 11 दोषियों को दी गई माफी रद्द कर दी। इन सबको एक पखवाड़े के अंदर फिर से जेल जाने के लिए कहा गया है। फैसला इस तकनीकी आधार पर दिया गया है कि माफी का यह आदेश गुजरात सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। यह महाराष्ट्र सरकार के अधिकार क्षेत्र में है क्योंकि मुकदमा गुजरात में नहीं, महाराष्ट्र में चला था। मगर इस फैसले से जो मुद्दे सामने आए हैं, उन पर गौर करने की जरूरत है। आखिर माफी के ऐसे फैसले अमूमन तत्कालीन राजनीतिक माहौल से जुड़े होते हैं। अगस्त 2022 में गुजरात सरकार द्वारा दिए गए माफी के इस आदेश पर विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि इस मामले में अपराध का स्वरूप बेहद गंभीर था। इसी वजह से अपराधियों को उम्र कैद की सजा दी गई। पिटिशनर बिलकिस रसूल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान गैंगरेप और मर्डर केस में विक्टिम थीं। इस घटना में आठ नाबालिगों की हत्या की गई थी।



**राजनीतिक पहलू:** माफी के इस पूरे घटनाक्रम पर गौर करें तो इसके राजनीतिक पहलू प्रमुखता से उभर आते हैं। CBI ने इस मामले की जांच की थी। इसलिए 2019 में माफी की अर्जी आने के बाद उससे भी राय मांगी गई। एजेंसी का कहना था कि इस मामले में ढिलाई की कोई सूरत नहीं बनती। अगले साल गुजरात के दाहोद जिले के SP और DM ने भी CBI के इस रुख की पुष्टि कर दी। उनका भी कहना था कि माफी नहीं दी जानी चाहिए।

**राज्य सरकार की खिंचाई:** माफी देने की शक्ति कार्यपालिका के पास है। 2022 में जब जांच एजेंसियों की आरंभिक आपत्तियों के बावजूद माफी का आदेश जारी हुआ, तब राज्य में विधानसभा चुनाव होने वाले थे। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात सरकार के इस फैसले को दो आधारों पर गैरकानूनी बताया है। चूंकि यह मुकदमा महाराष्ट्र में चला, इसलिए गुजरात सरकार को इस बारे में फैसला करने का अधिकार नहीं है, यह बात खुद गुजरात सरकार ने 2022 में मानी थी। इसलिए माफी का आदेश राज्य सरकार की हड़पी हुई ताकत पर आधारित है। यह सुप्रीम कोर्ट द्वारा माफी को रद्द किए जाने का एक कारण रहा।

**दिशानिर्देश की जरूरत:** माफी बेशक जुडिशल सिस्टम का अभिन्न हिस्सा है। मगर यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि इसे राजनीतिक सहूलियत का मामला न बना लिया जाए। जैसे ही सुप्रीम कोर्ट इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि गुजरात सरकार ने माफी का आदेश निकालने का अधिकार हड़प लिया है, इससे न्यायिक व्यवस्था के अवमूल्यन का खतरा भी स्पष्ट हो गया। आखिर इंसाफ को नुकसान सिर्फ मनमानी गिरफ्तारी से नहीं होता। संदिग्ध माफी भी इसके लिए उतनी ही नुकसानदेह साबित होती है।



# सहिष्णुता, संस्कृति की स्वीकृति के जश्न का दिन, अबु धाबी में बीएपीएस मंदिर के उद्घाटन से पहले बोले राजदूत

**अबु धाबी ।**
अबु धाबी में अगले महीने बीएपीएस हिंदू मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। हिंदू मंदिर के उद्घाटन से पहले भारत में यूएई के राजदूत अब्दुलनासिर अलशाली ने कहा यह सहिष्णुता और संस्कृति की स्वीकृति का जश्न मनाने के लिए एक स्मारकीय दिन होगा। इस मंदिर का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 14 फरवरी को करेंगे।

मीडिया से बात करते हुए राजदूत अलशाली ने कहा, हम 14 फरवरी को मंदिर के उद्घाटन के लिए उत्सुक है। यह एक स्मारकीय दिन और सहिष्णुता एवं संस्कृति की स्वीकृति का जश्न मनाने का विशेष अवसर होगा। पिछले महीने स्वामी ईश्वरचरणदास और स्वामी ब्रह्मविहरिदास ने बोचासनवासी श्री अक्षर पुरूषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) हिंदू मंदिर की तरफ से निमंत्रण दिया था, जिसे पीएम मोदी ने स्वीकार किया है।

### कार्यक्रम का नाम हैलो मोदी रखा गया

यूएई के राजदूत ने बताया कि 13 फरवरी को शेख जैद स्पोर्ट्स सिटी स्टेडियम में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम का शीर्षक अहलान मोदी रखा गया है, जिसका मतलब हैलो मोदी है।

संयुक्त राष्ट्र की अंतरराष्ट्रीय प्रवासन 2020 रिपोर्ट के अनुसार, दुबई में 35 लाख भारतीय रहते हैं, जो अमेरिका (27 लाख) और सऊदी अरब (25 लाख) से भी अधिक है। बता दें कि भारत और यूएई के बीच चार समझौतों पर हस्ताक्षर हुआ। पीएम मोदी और यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जैद अल नहयाम के बीच बातचीत के बाद इन समझौतों को आखिरी रूप दिया गया, जिसका उद्देश्य द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत रखना है। दोनों नेताओं के बीच तकनीक, एयरोस्पेस और अंतरिक्ष से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

### कहां स्थित है मंदिर

मंदिर अबू धाबी में अल वाकबा नाम की जगह पर 20,000 वर्ग मीटर की जमीन पर बना है। हाइवे से सटा अल वाकबा अबु धाबी से तकरीबन 30 मिनट की दूरी पर है। मंदिर में नक्काशी के माध्यम से प्रामाणिक प्राचीन कला और वास्तुकला को पुनर्जीवित किया गया है। बता दें यूएई सरकार ने अबु धाबी में मंदिर बनाने के लिए 20,000 वर्ग मीटर जमीन दी थी। यूएई सरकार ने साल 2015 में उस वक्त ऐलान किया था, जब प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय दौरे पर वहां गए थे।

## न्यूज ब्रीफ

### दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट में पहले नंबर पर छह देश, पाक कमजोर की लिस्ट में



**वॉशिंगटन ।** दुनिया के सबसे ताकतवर पासपोर्ट्स की सूची जारी हो चुकी है। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स 2024 के मुताबिक, इस बार पहले नंबर पर एक-दो नहीं बल्कि छह देश हैं। यानी इन छह देशों के पासपोर्ट सबसे ताकतवर हैं। यह पासपोर्ट अपने नागरिकों को दुनिया के 227 गंतव्यों में से 194 में बिना वीजा के एंट्री की सुविधा मुहैया कराते हैं। जिन छह देशों ने पहले नंबर पर जगह बनाई है, उनमें यूरोप के फ्रांस, जर्मनी, इटली और स्पेन शामिल हैं। वहीं, लगातार पांच वर्षों से इस स्थान पर बने रहे एशियाई देश जापान और सिंगापुर एक बार फिर नंबर-1 हैं। हेनली पासपोर्ट इंडेक्स के टॉप-10 में एक बार फिर यूरोपीय देशों ने पैठ बनाई है। लिस्ट में दूसरे स्थान पर दक्षिण कोरिया के साथ फिनलैंड और स्वीडन हैं, जजिनके पासपोर्ट 193 गंतव्यों तक बिना वीजा जाने की सुविधा देते हैं। वहीं, तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, आयरलैंड और नीदरलैंड हैं, जिनके पासपोर्ट पर नागरिक 192 गंतव्यों पर वीजा-फ्री एंट्री ले सकते हैं। 191 गंतव्यों तक बिना वीजा के जाने की छूट के साथ ब्रिटेन ने चौथे स्थान पर जगह बनाई है। वह पिछले साल छठे पायदान पर था। भारत को इस लिस्ट में 80वें स्थान पर रखा गया है। भारतीय अपने पासपोर्ट के जरिए मौजूदा समय में 62 गंतव्यों पर बिना वीजा के जा सकते हैं। इनमें थाईलैंड, इंडोनेशिया, मॉरिशस, श्रीलंका और मालदीव शामिल हैं। दूसरी तरफ भारत के पड़ोसी देशों की बात करें तो जहां 85 गंतव्यों में वीजा-फ्री एंट्री के लिए चीन को 62वें स्थान पर रखा गया है। वहीं, सबसे कमजोर पासपोर्ट की बात की जाए तो इसमें अफगानिस्तान का नंबर सबसे ऊपर है।

### अमेरिकन बुली डॉग्स होता है ज्यादा खतरनाक कुत्ता, ये डॉग्स खूंखारपने में पिटबुल के भी होते है बाप



**सैन फ्रांसिस्को ।** आज हम ऐसे कुत्ते के बारे में बताएंगे, जो साक्षात यमराज का ही अवतार है। कुत्ते की ये नस्ल ऐसी खतरनाक है कि अगर काट ले तो इंसान की मजबूत हड्डियों को भी चूर-चूर कर देता है। अपनी कद-काठी के मशहूर ये डॉग्स खूंखारपने में पिटबुल के भी बाप होते हैं। आप इसके खतरनाक होने का अंदाज़ा इस बात से ही लगा सकते हैं कि कुछ देशों में सरकारें कुत्तों की नस्ल को बैन कर चुकी हैं। हालांकि खतरों से खेलने का शौक रखने वाले लोग आज भी इसे पालने के लिए परेशान हैं।आमतौर पर पिटबुल की तरह ही दिखने वाले अमेरिकन बुली डॉग्स को लेकर लोग कनफ्यूज़ हो जाते हैं। हालांकि ये कुत्ता क्रॉस ब्रीडिंग का नतीजा है। कहा जाता है कम से कम 5 अलग-अलग नस्ल के कुत्तों की क्रॉस ब्रीडिंग के बाद इन कुत्तों की उत्पत्ति हुई। ये मूल रूप से एक शिकारी कुत्ता है और इनकी सीखने की क्षमता बहुत ज्यादा है। अगर इन्हें सही ट्रेनिंग न मिले, तो ये शेर जितने ही खतरनाक होते हैं। इनके काटने से त्वचा और मांस फट सकता है और हड्डियों को ये चूरा बना सकते हैं। इनके हमले का शिकार होने के बाद आदमी पहले की तरह ठीक नहीं हो सकता है।इस ब्रीड के कुत्तों का गुस्सा बहुत खतरनाक होता है। कई बार ये अपने मालिक या फिर केयरटेकर की ही जान के दुश्मन बन बैठते हैं।

### रिपब्लिकन पार्टी में कम हुई ट्रंप की चुनौती! इस आलोचक ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से नाम वापस लिया

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए रेस दिलचस्प होती जा रही है। खासकर विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी में, जहां पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लोकप्रियता के मामले में लगातार बाकी उम्मीदवारों पर बढ़त बनाए हुए हैं। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप डेमोक्रेट पार्टी और राष्ट्रपति जो बाइडन के लिए बड़ी चुनौती बनेंगे। इस बीच रिपब्लिकन पार्टी में उनके आलोचक क्रिस क्रिस्टी ने प्राथमिक चुनावों से पहले ही राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी से हटने का एलान कर दिया है। न्यू जर्सी के पूर्व गवर्नर क्रिस क्रिस्टी के इस फैसले के बाद रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से एक बार फिर राष्ट्रपति पद के लिए ट्रंप की दावेदारी मजबूत हुई है। क्रिस्टी ने समर्थकों को अपने इस फैसले की वजह बताते हुए कहा, यह साफ हो चुका कि मेरे पास रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए नामित होने का कोई रास्ता नहीं है। इसलिए मैं राष्ट्रपति पद के लिए अपनी उम्मीदवारी का अभियान वापस लेता हूं। क्रिस क्रिस्टी को मौजूदा समय में रिपब्लिकन पार्टी में डोनाल्ड ट्रंप का आलोचक माना जाता है। हालांकि, ऐसा हमेशा से नहीं था, बल्कि 2016 में क्रिस्टी ने राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान को खत्म कर के ट्रंप का समर्थन किया था।

# राजनाथ सिंह ने लंदन में पीएम सुनक से की मुलाकात बोले- गलवान झड़प के बाद चीन का रुख बदला

**लंदन ।**
ब्रिटेन दौरे पर गए भारतीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लंदन में प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की। दोनों नेताओं की मुलाकात ब्रिटिश पीएम के आधिकारिक निवास 10 डाउनिंग स्ट्रीट, लंदन में हुई। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि दोनों देशों ने अपने ऐतिहासिक संबंधों को आधुनिक, बहुआयामी और पारस्परिक रूप से लाभप्रद साझेदारी में ढालने में महत्वपूर्ण प्रगति की है।



### दोनों देश संबंध मजबूत करने पर सहमत

रक्षा मंत्री ने कहा कि ब्रिटेन और अन्य समान विचारधारा वाले देशों को शांतिपूर्ण और स्थिर वैश्विक नियम आधारित व्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारत के साथ मिलकर काम करना चाहिए और भारत के उत्थान में सहयोगी बन सकते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सुनक ने भी व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की। साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते को सफल निष्कर्ष पर लाया जा सकता है। मुलाकात के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक को राम दरबार की प्रतिमा उपहारस्वरूप दी। इस मुलाकात के दौरान ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार सर टिम बैरो भी मौजूद रहे।


### भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता

इससे इतर लंदन के इंडिया हाउस में एक कार्यक्रम में राजनाथ सिंह ने अपने संबोधन में चीन के मुखपत्र में प्रकाशित एक लेख का उदाहरण देते हुए कहा कि चीन का भी अब भारत को लेकर नजरिया बदल चुका है और चीन, भारत को एक उभरती आर्थिक ताकत और रणनीतिक ताकत के रूप में स्वीकार करता है। राजनाथ सिंह ने इसकी वजह देश के तेज आर्थिक विकास और मजबूत विदेश नीति को दिया। राजनाथ सिंह ने ये भी कहा कि गलवान घाटी में हुई भारतीय और चीनी सैनिकों की झड़प के बाद भी चीन का भारत के प्रति रुख बदला है। रक्षा मंत्री ने कहा कि अब भारत को कमजोर देश नहीं माना जाता बल्कि इसे उभरती हुई वैश्विक ताकत के तौर पर देखा जाता है। राजनाथ सिंह ने कहा कि अब ऐसा नहीं है कि कि भारत को आंख दिखा के जो चाहे सो निकल जाए। उन्होंने कहा कि हम किसी को भी दुश्मन देश के तौर पर नहीं देखते, लेकिन दुनिया इस बात से वाकिफ है कि भारत और चीन के रिश्तों में तनाव है। हालांकि हम चाहते हैं कि अपने पड़ोसी देशों और दुनिया के अन्य देशों के साथ दोस्ताना संबंध रखें। राजनाथ सिंह ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर हैं और यह किसी भी भारतीय विदेश मंत्री का बीते बीस सालों में यह पहला दौरा है। राजनाथ सिंह ने लंदन में ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरून से भी मुलाकात की। लंदन के ट्रिनिटी हाउस में ब्रिटिश रक्षा मंत्री ग्रांट शैप्स और राजनाथ सिंह ने भारत-ब्रिटेन के रक्षा उद्योग के सीईओ के गोलमेज सम्मेलन में भी हिस्सा लिया। दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी सहमति बनी।

### धरती के ग्लेशियरों पर नजर रखेगा भारत-अमेरिका का संयुक्त सैटेलाइट निसार, जल्द हो सकती है लॉन्चिंग

**वॉशिंगटन ।** भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो और अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा द्वारा मिलकर बनाई गई सैटेलाइट निसार लॉन्चिंग के लिए तैयार है और जल्द ही इसकी लॉन्चिंग की तारीख का एलान कर दिया जाएगा। इस सैटेलाइट की मदद से इसरो और नासा धरती पर पर्यावरण के लिए अहम वेटलैंड, ज्वालामुखी में आए बदलाव और जमीन और समुद्र की बर्फ में आए बदलावों का अध्ययन करेगी। निसार सैटेलाइट ग्लेशियरों से बर्फ पिघलने की भी निगरानी करेगी। नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेट्री ने एक बयान जारी कर इसकी जानकारी दी है। बयान में कहा गया है कि इससे वैज्ञानिकों को पता चलेगा कि कैसे एक छोटी सी प्रक्रिया से अंटार्कटिका और ग्रीनलैंड के ग्लेशियरों में बड़े बदलाव आते हैं। साथ ही इस उपग्रह की मदद से कृषि मानचित्रण और भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों की मैपिंग की जा सकेगी। नासा के बयान के अनुसार, निसार की मदद से धरती पर बर्फ से जमे क्षेत्र में आए बदलाव का सबसे विस्तृत डाटा मिल सकेगा। जिसे क्रायोस्फीयर कहा जाता है। नासा में ग्लेशियरों का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिक एलेक्स गार्डनर ने बताया कि हमारी धरती पर मौजूद बर्फ तेजी से पिघल रही है और हमें इसके पिघलने की प्रक्रिया को समझने की जरूरत है, जिसमें निसार सैटेलाइट मदद करेगी। निसार को इस साल लॉन्च किया जाना है और इसकी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। यह सैटेलाइट पूरी पृथ्वी की जमीन और बर्फ के क्षेत्र का हर 12 दिन में दो बार सर्वेक्षण करेगी।

# रामायण विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के बीच पुल की तरह, इसमें हर वर्ग के लिए शिक्षाएं', तरणजीत संधू का बयान



**वाशिंगटन ।**
22 जनवरी को राम नगरी अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन होने वाला है। इसे लेकर सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि दुनिया भर के हिंदुओं में उत्साह है। इस बीच अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू वाशिंगटन डीसी स्थित यूएस कैपिटल हिल में आयोजित रामायण: एशिया एंड बियॉन्ड कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में थाईलैंड के राजदूत ने भी शिरकत की। कैपिटल हिल में आयोजित कार्यक्रम में संधू ने कहा कि रामायण विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों के बीच एक पुल के रूप में काम करता है। रामायण की कहानियां भारत से कंबोडिया, कंबोडिया से इंडोनेशिया, इंडोनेशिया से थाईलैंड और थाईलैंड से लाओस सहित अन्य क्षेत्रों तक फैली हुई हैं। यह लोगों को मानवीय रिश्तों की जटिलताओं और अच्छे-बुरे के बीच शाश्वत संघर्ष के बारे में सिखाता है। पीढ़ी दर पीढ़ी रामायण की शिक्षाएं, सबकों और कहानियों का प्रचार-प्रसार हो रहा है, यह बता पाना मुश्किल है कि आखिर कब इसे पहली बार याद किया गया था। ऐसा लगता है कि जैसे इंसान के साथ ही रामायण की शिक्षाएं पैदा हो रही हों।

उन्होंने आगे बताया कि रामायण मानवीय रिश्तों, शासन, आध्यात्मिकता, धर्म, कर्तव्य, न्याय, बलिदान, वफादारी और जटिलताओं सहित अन्य विषयों के बारे में शिक्षा देता है। मैं व्यक्तिगत रूप से रामायण के इस प्रभाव का गवाह रहा हूं। रामायण हमें मौलिक बातों के बारे में भी बताता है। जैसे कि हम विभिन्न पृष्ठभूमि से जुड़े हुए हैं लेकिन हमारे नैतिक सिद्धांत समान हैं। रामायण में गृहस्थों, परिवारों, नीति निर्माताओं सहित सभी वर्ग के लिए कुछ न कुछ है। समाज के सभी वर्गों के लिए रामायण में शिक्षाएं हैं। रामायण राजनयिकों के लिए भी महत्वपूर्ण है। रामायण हम राजदूतों को भी शिक्षा देता है। कार्यक्रम में थाईलैंड के राजदूत तनी संग्रत भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मेरे लिए एक उत्कृष्ट अवसर है कि मैं यहां आया और रामायण की संस्कृति को साझा कर सका। कार्यक्रम में पहुंचे भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी थानेदार ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत मायने रखता है। यह ऐतिहासिक कार्यक्रम है। हर भारतीय को इस पर गर्व करना चाहिए। मैंने मंदिर की तस्वीरें देखी हैं। मंदिर शानदार है।

# फ्लाइट के उड़ान भरने से पहले ही केबिन का दरवाजा खोलकर कूदा यात्री, विमान में मचा हड़कंप

**टोरंटो ।**
**एयर कनाडा की उड़ान में सवार एक यात्री दुबई के लिए उड़ान भरने से पहले ही विमान से कूद गया। यह घटना आठ जनवरी की है, जब यात्री टोरंटो इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान में चढ़ा, लेकिन बाद में अपनी सीट पर बैठने की बजाय केबिन का दरवाजा खोलकर उसमें से बाहर कूद गया।**

### केबिन का दरवाजा खोलकर बाहर कूदा

वह 20 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरा। इस हादसे में उसे मामूली चोटें आई है। हादसे के बाद क्षेत्रीय पुलिस और आपातकाल सेवाओं को घटनास्थल पर बुलाया गया। एयर कनाडा वेबसाइट के अनुसार, इस घटना के कारण बोइंग 747 के उड़ान भरने में छह घंटे की देरी हुई।

एयरलाइन के प्रवक्ता ने कहा, इस मामले की जांच जारी है। सभी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। उनकी चोट कितनी गहरी है, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है। फिलहाल यह भी स्पष्ट नहींहो पाया है कि यात्री की इस हरकत के कारण उसे गिरफ्तार किया जाएगा या नहीं।





### 16 वर्षीय यात्री ने एक परिवार के सदस्यों पर किया था हमला

इस हादसे के कुछ दिन पहले ही एक 16 वर्षीय यात्री एयर कनाडा की फ्लाइट में एक परिवार पर हमला किया था। इस घटना के कारण अन्य यात्रियों को तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा था। रॉयल कैनेडियन पुलिस ने बताया कि जब विमान टोरंटो से कैलगरी जा रही थी, तब यह हादसा हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 16 वर्षीय यात्री को अन्य यात्रियों और स्टाफ ने रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने बताया कि इस हमले में परिवार के सदस्यों को चोटें भी आई थी। आरोपी को हिरासत में लेने के बाद उसे मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जाा गया था।

# निखिल गुप्ता पर लगे आरोपों की विस्तृत जानकारी देने से अमेरिका का इनकार, अदालत में कही ये बात

**वॉशिंगटन ।**
अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने के आरोप में चेक गणराज्य की जेल में बंद भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर लगे आरोपों की विस्तृत जानकारी देने से अमेरिकी सरकार ने इनकार कर दिया है। अमेरिका ने कोर्ट में कहा कि जब निखिल गुप्ता को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया जाएगा और उस पर मुकदमा शुरू होगा, तभी उसके खिलाफ लगे आरोपों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। दरअसल अमेरिका में निखिल गुप्ता के वकील ने अदालत में प्रस्ताव पेश कर आरोपों की जानकारी मांगी थी, ताकि वह बचाव की तैयारी कर सकें। निखिल गुप्ता के वकील ने अदालत को ये भी बताया कि चेक गणराज्य की जेल में निखिल गुप्ता के मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। वकील ने दावा किया कि निखिल गुप्ता को लंबे समय तक एकांतवास में रखा जा रहा है। कोर्ट दस्तावेजों में ये भी कहा गया है कि निखिल गुप्ता अंतिम बार साल 2017 में अमेरिका आया था।



### निखिल गुप्ता के वकील ने पेश किया प्रस्ताव

निखिल गुप्ता (52 वर्षीय) के खिलाफ बीते साल नवंबर में संघीय अभियोजक ने अमेरिका में खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। आरोप है कि निखिल गुप्ता ने भारत सरकार के एक कथित सरकारी कर्मचारी के साथ मिलकर अमेरिका में पन्नू की हत्या की साजिश रची थी। गुप्ता को बीते साल 30 जून को चेक रिपब्लिक के प्राग में गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद से वह प्राग की जेल में बंद है और अमेरिका द्वारा निखिल गुप्ता के अमेरिका प्रत्यर्पण की कोशिश की जा रही है। निखिल गुप्ता के अमेरिका में वकील जेफ चेब्रोव ने बीती 4 जनवरी को न्यूयॉर्क की सदर्न डिस्ट्रिक्ट कोर्ट में एक प्रस्ताव पेश किया।

### अमेरिकी सरकार ने दस्तावेज देने से किया इनकार

इस प्रस्ताव में मांग की गई है कि अदालत संघीय अभियोजक को निर्देश दे कि वह तत्काल आरोपों का बचाव करने के लिए संबंधित दस्तावेज मुहैया कराए ताकि बचाव के लिए तैयारी की जा सके। कोर्ट दस्तावेजों में बताया गया है कि निखिल गुप्ता के परिवार को भी उससे बहुत कम मिलने दिया जा रहा है। साथ ही गुप्ता को काउसलर एक्सेस भी नहीं दिया गया है और जेल में उसके मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है। चेक गणराज्य के सुप्रीम कोर्ट में भी निखिल गुप्ता की तरफ से बंदी याचिका दायर की गई है। जज विक्टर मारेरो ने निखिल गुप्ता के वकील के प्रस्ताव पर जवाब देने के लिए अमेरिकी सरकार को तीन दिन का समय दिया था। जिस पर अमेरिकी सरकार ने कहा कि इस प्रस्ताव में जो डिस्कवरी मैटेरियल की मांग की गई है, उसे देने से इनकार कर देना चाहिए, जब निखिल गुप्ता को न्यूयॉर्क की अदालत में पेश किया जाएगा, उसके बाद ही आरोपों की विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# अमेरिकी सांसद ने की हिंदू मंदिरों पर हमले की निंदा, राम मंदिर के उद्घाटन को बताया ऐतिहासिक

**वॉशिंगटन ।**
भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने अमेरिका में हिंदू मंदिरों पर हुए हालिया हमले की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया है। उन्होंने कहा कि हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। श्री थानेदार ने कहा, हम इस तरह के डर, हिंदू फोबिया को बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने धर्म के बारे में बताते हुए कहा कि यह प्यार, एक-दूसरे की मदद करने और एक-दूसरे के लिए अच्छे काम करने के बारे में है। जो हिंदू मंदिरों पर हमले कर रहे हैं, मैं उनकी कड़ी निंदा करता हूं। मैं होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी में काम करता हूं और मैं धार्मिक संगठनों को एकसाथ बेहतर काम करने में मदद के लिए अपनी कमेटी के सदस्यों से बात कर रहा हूं। उन्हें अपने धार्मिक संगठकों की रक्षा के लिए आवश्यक धन प्रदान करनेइसके साथ उन्हें हिंदू फोबिया से लड़ने में मदद के लिए निर्देशित कर रहा हूं।

भारतीय-अमेरिकी सांसद श्री थानेदार ने वॉशिंगटन डीसी में %रामायण अक्रॉस एशिया एंड बियॉन्ड कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात की।



इस कार्यक्रम में उन्होंने 22 जनवरी को आयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन पर भी बात की। उन्होंने राम मंदिर के निर्माण को भारतीयों के लिए गर्व का क्षण बताया है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह बहुत ज्यादा मायने रखता है। यह ऐतिहासिक है और राम मंदिर का निर्माण प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। मैंने तस्वीरें देखीं, यह बहुत शानदार है। रामायण के माध्यम से हम लोगों को एकसाथ लाते हैं। यह एक सांस्कृतिक बंधन है, जो समान विचारधारा वाले लोगों के साथ है। हम देखते हैं कि रामायण को 15 विभिन्न देशों और एशिया-प्रशांत देशों में भी सराहा गया है। मेरा जन्म एक हिंदू परिवार में हुआ है। मैंने रामायण का अध्ययन के साथ श्लोकों को भी पढ़ा है। अमेरिका में थाईलैंड के राजदूत तनी संग्राट भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का उद्घाटन कई देशों के लोगों के लिए खुशी की बात है। जैसे-जैसे उद्घाटन समारोह का समय नजदीक आ रहा है, लोगों की उत्सुकता बढ़ती जा रही है। थाईलैंड के राजदूत ने कहा, यह न केवल थाईलैंड के लोगों के लिए बल्कि दक्षिण-पूर्व एशिया और एशिया-प्रशांत देशों के लोगों के लिए भी खुशी की बात है। इस कार्यक्रम में अमेरिका में भारत के राजदूत के साथ-साथ अमेरिकी कांग्रेसी जिम बेयर्ड (आर-आईएन), मैक्स मिलर (आर-ओएच), और श्री थानेदार (डी-एमआई) शामिल हुए। बांग्लादेश और गुयाना के प्रमुख दूतावास कर्मचारियों के साथ-साथ कांग्रेसी गेरी कोनोली (डी-वीए) और सांसद सारा जैकब्स (डी-सीए) के कार्यालयों के प्रतिनिधियों ने भी इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

### फेसबुक-इंस्टाग्राम के फीड में आत्महत्या से जुड़े पोस्ट किशोरों से छिपाएगा मेटा, आलोचकों ने बताया चाल

**सेन फ्रांसिस्को ।** सोशल मीडिया कंपनियों के समूह मेटा ने बताया कि इसके दो अहम सोशल मीडिया मंच इंस्टाग्राम और फेसबुक के फीड में आत्महत्या, खुद को नुकसान पहुंचाने और खाने के विकारों से जुड़े पोस्ट किशोरों से छिपाए जाएंगे। मेटा की घोषणा तब आई है, जब कंपनी को दर्जनों अमेरिकी राज्यों में इस तरह के मुकदमों का सामना करना पड़ रहा है। इनमें इंस्टाग्राम और फेसबुक पर आरोप है कि वह इन मंचों से युवाओं को नुकसान पहुंचा रही है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य संकट खड़ा हो रहा है। आलोचकों का कहना है कि मेटा ने यह चाल चली है, लेकिन इसका खास फायदा नहीं होगा। बच्चों के ऑनलाइन वकालत समूह फेयरप्ले के कार्यकारी निदेशक जोश गोलिन कहते हैं कि मेटा की तरफ से की गई घोषणा कानूनों से बचने का एक और हताशा भरा प्रयास है। जबकि कई माता-पिता इस मंच पर जहरीली सामग्री के चलते अपने बच्चे खो चुके हैं। सही उम्र दर्ज करने वालों को दूर रखने का प्रयास मेटा ने कहा कि जो किशोर उपयोगकर्ता इंस्टाग्राम या फेसबुक पर साइन अप करते समय अपनी सही उम्र दर्ज करते हैं, उनके खातों को प्लेटफॉर्म के उम्र के लिहाज से संवेदनशील, हानिकारक और अनुपयुक्त सामग्री से दूर रखने का प्रयास किया जाता है। मेटा ने ब्लॉग में कहा कि समाज के लिहाज से यह अहम बात है कि ऐसे मुद्दों पर बात की जाए, लेकिन यह एक जटिल विषय है। लिहाजा, जरूरी नहीं कि यह सभी युवाओं के लिए उपयुक्त हो। ऐसे में इंस्टाग्राम और फेसबुक पर किशोरों से इस प्रकार की सामग्री को दूर रखने का प्रयास किया जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में बाल-बाल बची महबूबा मुफ्ती

**श्रीनगर ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती गुरुवार को उस समय बाल-बाल बच गईं जब उनका वाहन दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के संगम इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अधिकारियों के मुताबिक संगम इलाके में महबूबा की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। महबूबा मुफ्ती को कोई चोट नहीं आई है। हालाँकि बताया जा रहा है कि उनके ड्राइवर के पैर में मामूली चोट आई है। एक पुलिस अधिकारी ने घटना की पुष्टि की और कहा कि वे घटनास्थल पर पहुंच गए हैं और मुफ्ती अग्नि पीड़ितों से मिलने के लिए अपने गंतव्य खानबल की ओर सुरक्षित रूप से आगे बढ़ गई है।

## चेक गणराज्य के पीएम और सीएम भजनलाल की होगी संवाद बैठक
# पर्यटन-लघु उद्योग को बढ़ावे पर होगी चर्चा

**जयपुर ( हिंस )।** चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री पेट्र पियाला गुरुवार को राजस्थान दौरे पर रहेंगे। दोपहर में चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री और राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की जयपुर के कूकस स्थित होटल लीला पैलेस में संवाद बैठक होगी। बैठक में पर्यटन और लघु उद्योग को बढ़ावा देने पर संवाद होगा। प्रधानमंत्री पेट्र पियाला बैठक में पर्यटन और लघु उद्योग से जुड़े कई अहम मुद्दों पर चर्चा करेंगे। पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार को प्रोत्साहित करने के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में पर्यटन और रोजगार के प्रोत्साहन से प्रदेश की अर्थव्यवस्था, रोजगार और राजस्व सृजन के साथ ही संस्कृति का आधान प्रदान होगा। राजस्थान में पर्यटन के साथ ही उद्योग



की अपार संभावनाएं हैं। ऐसे में औद्योगिक विकास और प्रदेश में लघु और कुटीर उद्योग के माध्यम से शहरी और दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजित करने जैसे मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। साथ ही, राजस्थान में विदेशी निवेश से विभिन्न प्रकार की इंडस्ट्रीज कंपनी स्थापित हो ऐसा प्रयास रहेगा। राजस्थान में विदेशी तकनीक को बढ़ावा मिले, जिससे विज्ञान, प्रौद्योगिकी, आईटी, दूरसंचार, स्वास्थ्य सेवाओं और साइबर क्षेत्र में अधिक से अधिक तकनीकी का इस्तेमाल किया जा सके। पर्यटन, उद्योग, निवेश और तकनीकी के आदान-प्रदान के लिए चेक गणराज्य में प्रतिनिधि मंडल का आदान-प्रदान होगा। चेक गणराज्य की राजधानी प्राग और राजस्थान की राजधानी जयपुर दोनों का ही समृद्धि इतिहास रहा है। राजनीतिक सांस्कृतिक और आर्थिक मामले में दोनों ही शहर हमेशा से केंद्र में रहे हैं। संवाद बैठक के दौरान चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के साथ चेक गणराज्य के विदेश मंत्री, एंबेसडर, राजदूत, राजकीय प्रवक्ता, स्ट्रेटजी एक्सपर्ट्स और अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे। राजस्थान सरकार की ओर से मुख्य सचिव, पर्यटन, उद्योग, रीको, उच्च शिक्षा, गृह, वाणिज्य उद्योग विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। बैठक के बाद चेक गणराज्य के प्रधानमंत्री के सम्मान में राजस्थान के मुख्यमंत्री की ओर से होटल लीला पैलेस में दोपहर का भोज दिया जाएगा।

## राजौरी में आतंकी साजिश नाकाम, आईईडी सहित गोला-बारूद बरामद

**राजौरी ( हिंस )।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान के दौरान एक आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए चार टिफिन बॉक्स आईईडी सहित अन्य गोला-बारूद बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षाबल आसपास के इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चला रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने गुरुवार को राजौरी जिले के हयातपुर-मंजाकोट इलाके में तलाशी अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि तलाशी अभियान के दौरान घटनास्थल से एक वायरलेस सेट, टेप रिकॉर्डर, 23 राउंड एके गोला बारूद और चार टिफिन बॉक्स आईईडी बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि इलाके के साथ लगते क्षेत्रों में सुरक्षाबलों का तलाशी अभियान जारी है।

## मोदी की विकास की गारंटी का लाभ हर गरीब को मिल रहा है : नायब सिंह सैनी

**यमुनानगर ( हिंस )।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं कुरुक्षेत्र से सांसद नायब सिंह सैनी गुरुवार को खंड रादौर के गांव झीवरहेड़ी में विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे। उन्होंने इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टालों का अवलोकन किया और उपस्थित जनसमूह को विकसित भारत की शपथ दिलाई तथा लोगों की समस्याएं भी सुनी। नायब सैनी ने कहा कि आज गांव-गांव विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विकास की गारंटी को लेकर जा रही है। उन विकास योजनाएं का गरीबों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 साल में इतने विकास कार्य करवाए जिनका लाभ लेकर गरीब परिवार समाज की मुख्यधारा में जुड़ रहे है। सांसद ने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत हर गरीब को फ्री इलाज मिल रहा है। आयुष्मान योजना के तहत एक लाख 80 हजार रुपए आय वाले परिवार को 5 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। वहीं जिनकी आय 3 लाख रुपए वार्षिक तक है उन्हें चिरायु योजना से जोड़ा है। जिसमें परिवार को 1500 रुपए प्रीमियम देकर प्रति वर्ष 5 लाख रुपए का स्वास्थ्य लाभ मिल रहा है। सांसद ने कहा कि आज हर घर में नल व जल की व्यवस्था, उज्जवला योजना में मुफ्त रसोई सिलेंडर, मेरा गांव-जगमग गांव योजना के तहत प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। सांसद ने कहा कि वहीं पोर्टल से गरीब, जरूरतमंद को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। अब पेंशन बनाने, राशन कार्ड बनाने, बीपीएल कार्ड बनवाने व अन्य योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसी भी व्यक्ति को कार्यालयों के चक्कर नहीं काटने पड़ते।

## मूसेवाला हत्याकांड में सचिन बिश्नोई के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब पुलिस ने गुरुवार को मानसा की कोर्ट में सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड में के मुख्य आरोपी सचिन बिश्नोई के खिलाफ पूरक चार्जशीट दाखिल कर दी है। सचिन इस समय एनआईए की हिरासत में है और इस केस की जांच एनआईए कर रही है। गत दिवस सुनवाई के दौरान सचिन को दिल्ली से लाकर मानसा कोर्ट में पेश किया गया था। सचिन बिश्नोई उर्फ थापन को तकरीबन पांच महीने पहने अजरबैजान से भारत लाया गया था। सचिन गैंगस्टर लॉरेंस का भांजा है। सचिन पर मूसेवाला हत्याकांड की साजिश रचने का आरोप है। हत्या से कुछ समय पहले वह लॉरेंस के भाई अनमोल बिश्नोई के साथ जाली पासपोर्ट पर विदेश भाग गया था। पुलिस की चार्जशीट में सचिन बिश्नोई के खिलाफ155 गवाहों के बयानों को आधार बनाया गया है। जिसमें 8 सरकारी तो 147 प्राइवेट गवाह शामिल हैं। पुलिस ने सचिन पर आरोप लगाए हैं कि उसने सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के आरोपियों को बोलेरो कार उपलब्ध करवाई थी। इसके अलावा उसने गैंगस्टर बलदेव निक्कू और संजीव केकड़ा को रेकी के लिए तैयार किया था। पुलिस के अनुसार सचिन ने निक्कू व केकड़ा को वह जगह भी बताई, जहां से हथियारों की खेप को उठाया जाना था।

## सनातनी साहित्यकार समागम में उमड़ा श्रीराम की भक्ति का ज्वार

**बांसवाड़ा ( हिंस )।** विश्व हिंदी दिवस पर श्रीराम भक्त मण्डल एवं ठीकरिया ग्रामवासियों तथा उजास परिवार के संयुक्त तत्वावधान में ठीकरिया स्थित श्रीराम वाटिका में आयोजित प्रथम सनातनी साहित्य समागम और श्रीराम काव्य महोत्सव बुधवार देर रात संपन्न हुआ। रचनाकारों की रचनाएं प्रभु श्रीराम की भक्ति से सराबोर रही। अपनी तरह के इस पहले एवं अनूठे आयोजन में जिले की विभिन्न धार्मिक, समाजिक, साहित्यिक और सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों, सदस्यों, बुद्धिजीवियों और धर्मावलंबियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान दो दर्जन से अधिक प्रमुख साहित्यकारों ने श्रीराम एवं अयोध्या राम मंदिर पर केंद्रित रचनाएं गुंजाकर माहौल को रामभक्ति से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बड़ा रामद्वारा के प्रमुख संत रामप्रकाशजी *रामस्नेही* महाराज द्वारा वाल्मीकि कृत रामायण और गोस्वामी तुलसीदास रचित रामचरित मानस पोथी पूजन व दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजकों की ओर से प्रमुख समाजसेवी नवीन त्रिवेदी एवं पूर्व सरपंच नारेंग डोडियार द्वारा अतिथियों का उपरणा ओढ़ाकर मुख्य अतिथि संत रामप्रकाश महाराज का अभिनन्दन किया गया। महोत्सव के दौरान समाज-जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में रचनात्मक कर्मयोग दर्शाने वाली प्रतिभाओं का संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज द्वारा उपरणा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में भारतीय किसान संघ के जिला महामंत्री विट्ठल डी. आचार्य, समाजसेवी नवीन त्रिवेदी, ठीकरिया ग्राम पंचायत सरपंच परिवार से नारेंग डोडियार, संजय डोडियार, रीता डोडियार, पूर्व उपसरपंच गिरीश रख, श्रीराम वाटिका के संचालक शैलेन्द्र रख, महालक्ष्मी संगीत साधना केन्द्र के सूर्यकान्त त्रिवेदी, सरला त्रिवेदी, निष्णात पाकशास्त्री नवीन चंद्र रख, आनन्दलाल गर्ग (छींछ), धर्मेन्द्र ठाकुर, लोकेश त्रिवेदी, विजय गर्ग, पूर्व शिक्षा अधिकारी महेन्द्र त्रिवेदी, चिन्तक जलज जानी, बिट्स एण्ड बाईट्स की प्रतिभा जैन और मनीष जैन, उत्तम मेहता, उत्सव जैन, वनेश्वर गर्ग *हैडमाडसाब,* गायिका पूजा तारेश दवे, अनिल पटेल (सुरवानिया) आदि शामिल थे। महोत्सव में काव्यधाराओं की शुरूआत आध्यात्मिक गायक वीरेन्द्र सिंह राव ने राग दरबारी में *और नहीं कछु काम है भरोसे अपने राम के...* भजन से की। उजास परिवार संस्थापक भंवर गर्ग *मधुकर* ने रामचरित मानस और रामायण संदर्भित श्लोक-चौपाई और दोहों से संचालन किया। आभार प्रदर्शन उजास परिवार की अध्यक्ष मीनाक्षी गर्ग ने किया। इस अवसर पर बड़ा रामद्वारा बांसवाड़ा के प्रमुख संत रामप्रकाश रामस्नेही महाराज ने अपने उदबोधन में आयोजन की प्रशंसा की और प्रभु श्री राम भक्ति के सूत्रों और जीवन पद्धति को अपनाकर मर्यादाओं का परिपालन करते हुए विश्व कल्याण में भागीदारी का आह्नान किया।

## हरियाणा के साथ मिलकर एआई के क्षेत्र में काम करेगी माइक्रोसॉफ्ट

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** विश्व प्रसिद्ध माइक्रोसॉफ्ट कंपनी ने हरियाणा के साथ मिलकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में काम करने में दिलचस्पी दिखाई है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गुजरात के गांधीनगर में चल रहे वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट-2024 के दौरान जापान और अमेरिका की लगभग 10 बड़ी कंपनियों के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बातचीत की और उन्हें हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर जापानी प्रतिनिधिमंडल से बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने जापानी भाषा में कंपनी के प्रतिनिधियों का स्वागत किया, जिससे वह बहुत उत्साहित नजर आए। बैठक के दौरान क्लीन-ग्रीन एनर्जी की दिशा में बढ़ते हुए जापान



और हरियाणा सरकार के बीच हाइड्रोजन पॉलिसी बनाने पर सहमति बनी। मारुति सुजुकी ने भी इच्छा व्यक्त की है कि वह प्लग एंड प्ले पॉलिसी को अपनाते हुए हरियाणा सरकार की ई-व्हीकल पॉलिसी के तहत इलेक्ट्रिक वाहनों पर अधिक से अधिक जोर देगी। इसके लिए राज्य में प्लांट स्थापित करने के लिए स्थल की पहचान की जा रही है। समिट के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के अध्यक्ष पुनीत चंडोक व उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ भी बैठक की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि माइक्रोसॉफ्ट कंपनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में हरियाणा सरकार के साथ मिलकर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से माइक्रोसॉफ्ट को हर प्रकार का सहयोग दिया जाएगा। इसके लिए शीघ्र ही चंडीगढ़ में प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक की जाएगी, जिसमें माइक्रोसॉफ्ट की ओर से आगामी रूपरेखा के संबंध में प्रस्तुतीकरण दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जापानी कंपनियों की सुविधा के लिए एक ज्वाइंट कोलेबोरेशन सेल स्थापित किया जाए, जो जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार बात करेगा ताकि प्लग एंड प्ले मॉडल को तेजी से शुरू किया जा सके। जापानी कंपनियों के लिए हरियाणा एक मदर स्टेट रहा है। वर्ष 1980 में पहली बार मारुति सुजुकी ने गुरुग्राम में अपनी पहली इकाई स्थापित की थी। उसके बाद कई जापानी कंपनियां हरियाणा में आई। बैठक में गुरुग्राम में जापानी स्कूल खोलने पर भी चर्चा की गई। यह पहला अवसर है, जब जापानी कंपनियों के साथ-साथ जापान सरकार की ओर से भी अधिकारी इस समिट में आए हैं। समिट के दौरान मुख्यमंत्री ने जापान की जेट्रो, डेन्जो कॉपारेशन, मारुति सुजुकी, यामानाशी हाइड्रोजन, ऐयर वॉटर कंपनी, टोयोट्सू अंबिका ऑटोमेटिव सेफ्टी, जेसीसीआईआई इंडिया तथा अमेरिका की ब्लैकस्टोन, यूपीस लॉजिस्टिक कंपनी, माइक्रोसॉफ्ट के प्रतिनिधियों से बातचीत की।

## लुधियाना एसटीएफ ने पकड़ी बीस करोड़ की हेरोइन

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** लुधियाना एसटीएफ की टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे से पांच किलो हेरोइन बरामद की है। बरामद हेरोइन की कीमत करीब बीस करोड़ रुपए आंकी गई है। एआईजी स्नेह दीप ने गुरुवार को बताया कि सूचना मिली थी कि राकेश कुमार उर्फ केसा निवासी गांव खुरालपुरा जिला जालंधर और जगरूप सिंह उर्फ रूप गांव खुरालपुर जिला जालंधर गुरुवार को एक कार से नूर महल से जालंधर की तरफ जा रहे हैं। इनकी कार में हेरोइन भी रखी है। सूचना के बाद लुधियाना एसटीएफ पुलिस ने इनकी कार में ड्राइवर सीट के नीचे रखे काले बैग से 4 किलो 520 ग्राम होरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक कंडा और 10 खाली प्लास्टिक के लिफाफे बरामद कर लिए। पुलिस ने इनकी स्विफ्ट कार भी जब्त कर ली है। उन्होंने बताया कि आरोपी सीमा पार से हेरोइन लाकर पंजाब में विभिन्न स्थानों सप्लाई करते थे।

## सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है : मंत्री ओम प्रकाश

**नारनौल ( हिंस )।** विकसित भारत जन संवाद संकल्प यात्रा गुरुवार को सतनाली खंड के गांव बारडा व डिगरोता, अटेली खंड के नांगल व पृथ्वीपुराए निजामपुर खंड के नियाजअलीपुर व इस्लामपुरा, कनीना अनाज मंडी, सिहमा खंड के खासपुर व खामपुरा में पहुंची। मंत्री ओम प्रकाश यादव ने गांव खामपुर में मौके पर ही गांव के छह लोगों की पेंशन बनाई। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओम प्रकाश यादव ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से उन लोगों को बहुत ज्यादा फायदा मिल रहा है जिनको सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी नहीं थी तथा किसी कारणवंश कार्यालय में नहीं जा सकते थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए पारदर्शी शासन दिया है। संकल्प यात्रा के दौरान पात्र नागरिकों को मुफ्त में गैस कनेक्शन दिए जा रहे हैं लेकिन जो लाभार्थी अभी तक छूट गए हैं, उनके आवेदन भी मौके पर ही करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने सड़क, सुरक्षा, स्वास्थ्य व अन्य सभी क्षेत्रों में विकास कार्य करवाए हैं। जिला में सड़कों का ऐसा नेटवर्क बिछाया है जिससे कुछ ही घंटे में दिल्ली व चंडीगढ़ जैसे शहरों में पहुंच जाते हैं। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने गांव डिगरोता में ग्रामीणों को संबोधित



करते हुए कहा कि आज मोदी की गारंटी वाली गाड़ी गांव में पहुंची है। यह यात्रा पूरे भारत में हर राज्य में हर गांव में चल रही है। इस यात्रा का केवल एक ही मकसद है गांव के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना। इस यात्रा में आए विभिन्न विभागों से अधिकारी आप लोगों की समस्याएं सुनेंगे व विभागीय स्कीमों की जानकारी देंगे। इस मौके पर उन्होंने गांव के सबसे बुजुर्ग महिला जिनकी आयु 102 वर्ष ग्यार्शी देवी व गांव के शहीद स्योनाथ व शहीद राम चौधरी के परिजनों को व क्लैट में 16 रैंक लाने वाली छात्रा को सम्मानित किया।

## कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष पर बरसे नवजोत सिंह सिद्धू

**चंडीगढ़ ( हिंस )।** पंजाब में कांग्रेस का अलग गुट चला रहे पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू ने अपनी चुप्पी तोड़ते हुए कांग्रेस में अपने विरोधियों को निशाने पर लिया है। पंजाब में इस समय एक गुट का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग तथा नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ नवजोत सिंह सिद्धू अपने स्तर पर अपना गुट खड़ा करने में लगे हैं। पंजाब कांग्रेस प्रभारी देवेंद्र यादव की बुलाई बैठक में भी सिद्धू गुट नदारद रहा। नवजोत सिद्धू पंजाब में लगातार अलग से रैलियों का आयोजन कर रहे हैं। जिसे लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष खुलेआम नवजोत सिंह सिद्धू की आलोचना कर रहे हैं। कई दिनों की चुप्पी के बाद सिद्धू ने अपने अंदाज में गुरुवार की सुबह ट्वीट कर अपने विरोधियों को घेरा। सिद्धू ने एक वीडियो शेयर करते हुए कहा कि कौड़ी-कौड़ी बिके हुए लोग, समझौता करके घुटने पे टिके हुए लोग, अरे बरगद की बात करते हैं, गमलों में उगे हुए लोग। सिद्धू का यह ट्वीट कांग्रेस अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष के लिए पलटवार माना जा रहा है।

## उत्तर भारत से पहली महिला पीएचडी मुद्रण शिक्षिका बनी डॉ. वंदना गुप्ता

**हिसार ( हिंस )।** यहां के गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग की शिक्षिका डॉ. वंदना गुप्ता पूरे उत्तर भारत में प्रिंटिंग में पीएचडी करने वाली पहली महिला शिक्षिका बनी हैं। इस उपलब्धि पर मुद्रण प्रौद्योगिकी विभाग के शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। उनके शोध का विषय हाइब्रिड मॉड्यूलेटेड स्क्रीन (एक्स एम) और डिजिटल मॉड्यूलेटेड स्क्रीन (डीएम) का ऑफसेट और डिजिटल मुद्रण प्रक्रिया की मुद्रण उपयुक्तता का एक प्रयोगसिद्ध अध्ययन है। विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज तिवारी ने



गुरुवार को बताया कि भारत में डीएम स्क्रीनिंग का दायरा व्यापक है। डीएम स्क्रीनिंग तकनीक को आंशिक रूप से समाचार पत्र क्षेत्र द्वारा अपनाया गया है। वाणिज्यिक क्षेत्र भी डीएम प्रौद्योगिकी का उपयोग शुरू करने के लिए तैयार हैं। डीएम स्क्रीनिंग तकनीक का उपयोग करके मुद्रण क्षेत्रों को अत्यधिक लाभ हो सकता है, क्योंकि अगली पीढ़ी की तकनीक औरैया-2 होगी। इस क्षेत्र में अग्रिम अध्ययन शोधार्थियों और छात्रों के लिए भी उपयोगी होगा। डॉ. वंदना गुप्ता की विशेषज्ञता का क्षेत्र, *रंग प्रबंधन तथा गुणवत्ता नियंत्रण* है। उनके द्वारा लिखित कई शोध पत्रों के कारण उनका नाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्रिकाओं में भी शामिल है।

## तीन सौ वर्षों बाद खोजी गई लुप्तप्राय घोड़ों की आठवीं नस्ल भीमथड़ी

**बीकानेर ( हिंस )।** राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र ने तीन वर्ष के सतत अनुसंधान के बाद देश को घोड़ों की आठवीं नस्ल के रूप में भीमथड़ी घोड़ो को मान्यता दिलाई है। अश्व संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में यह एक और कीर्तिमान है। केंद्र के प्रभागाध्यक्ष डॉ. एससी मेहता ने बताया कि भीमथड़ी घोडा, जिसको डक्कनी घोड़ा भी कहते हैं। इसी घोड़ो का 17वीं सदी में क्षत्रपति शिवाजी महाराज की सेना ने युद्ध में इस्तेमाल किया और अनेक युद्धों में विजय प्राप्त की। कालांतर में यह घोड़ा गुमनाम सा हो गया था। पिछले 30-40 वर्षों के अनुसंधान पत्रों को देखें तो यह (भीमथडी), चुमार्थी (हिमाचल) और सिकांग (सिक्किम) घोड़ों के साथ लुप्तप्राय घोड़ों की नस्लों में शामिल हो गया था। संयुक्त राष्ट्र संघ के एफएओ की रिपोर्ट में डक्कनी यानी भीमथड़ी घोड़ों की कुल संख्या 100 बताई गई है। ऐसी स्थिति में यह कार्य लगभग असंभव था। जब यह पता चला कि आज की तारीख में घोड़ों की यह प्रजाति कुछ घुमक्कड़ जनजाति के पास ही मिल सकती है तो यह कार्य और भी कठिन हो गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की हाल ही में हुई नस्ल पंजीकरण समिति की ग्यारहवीं बैठक में इसे मान्यता प्रदान की गई। करनाल (हरियाणा) राष्ट्रीय पशु आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो को इस वर्ष 66 आवेदन पत्र विभिन्न नस्लों की मान्यता के लिए प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 8 को मान्यता प्रदान की गई। इन 8 में से एक यह भीमथड़ी घोड़ा भी है। डॉ. मेहता ने बताया कि इस परियोजना में अनुसंधान के तहत भीमथड़ी घोड़ों का पता लगाने के लिए क्षत्रपति शिवाजी महाराज के ससुराल परिवार के वंशज श्रीरघुनाथ राजे नाईक निम्बालकर स्वयं आगे आए। अब इस घोड़ो की प्रजाति का पता लगने पर करीब तीन सौ वर्षों बाद पुन: अपना गौरव पाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने बताया कि इन घोड़ों की मौजूदा स्थिति और इनके रंग-रूप एवं वजन के साथ माइटोकॉन्ड्रियल जीएनए को अन्य नस्लों से आणविक स्तर पर जैव विविधता का पता लगाने के लिए एसएनपी मार्कर्स पर अध्ययन किया गया। इस कार्य में एग्रिकल्चर डेवलपमेंट ट्रस्ट, बारामती के केंद्र निदेशक का भी सहयोग रहा। उन्होंने बताया कि इसके बाद भी चुनौतियां कम नहीं है, क्योंकि इन घोड़ों की संख्या अभी 5134 है। इनमें मादा सिर्फ 30 प्रतिशत और बच्चे भी कम हैं।


অসম লোকসেৱা আয়োগ
ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No. 118PSC/DR-55/1/2020-21

**NOTIFICATION**

It is for Information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the Screening Test (OMR Based) for recruitment to the post of **Librarian cum Archive Officer in Dr. Bhupen Hazarika Regional Government Film and Television Institute under Cultural Affairs Department (Advt. No.:13/2021, dated: 27-12-2021)** on **30-01-2024 (Tuesday)** as per programme given below:

**PROGRAMME OF SCREENING TEST**

| Name of Post | Date & Day | Forenoon (10:00 AM to 12:00 P.M.) |
|---|---|---|
| **Librarian cum Archive Officer** in Dr. Bhupen Hazarika Regional Government Film and Television Institute under Cultural Affairs Department | 30-01-2024 (Tuesday) | **General Studies and Information & Library Science** (OMR based objective type) |

The Commission has decided to allow all the candidates to appear in the **Screening Test** (OMR Based)) to be held on **30-01-2024 (Tuesday).** The Commission would like to clarify that it reserves the right to cancel the candidature of any candidate on verification/ Scrutiny of their application form at any time or any Stage after the Screening Test, if it is found that they do not fulfill any of the eligibility conditions as per term of **Advt. No.:13/ 2021, dated: 27-12-2021.**

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. The list of candidates shall be uploaded on 20-01-2024 and intimation letters on **24-01-2024** respectively in the Commission's official website **(www.apsc.nic.in).** The candidates shall have to download their own intimation letter from the aforesaid website.

**PwBD candidates willing to apply for scribe for the said written examination may inform in writing with supporting documents to the Commission or send mail to apsc-asm@nic.in on or before 23-01-2024.**

Sd/-
Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- Janasanyog /D/ 16176 / 23*



অসম লোকসেৱা আয়োগ
ASSAM PUBLIC SERVICE COMMISSION
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-781022.

No.101PSC/DR-21/1/2022-23

**NOTIFICATION**

It is for information to all concerned that the Assam Public Service Commission will hold the Interview/Viva-Voce for the post of **Assistant Manager (Civil) in Assam Power Distribution Company Limited (APDCL)** (Advt. No.06/2023, dated 28th March/2023) as per programme given below at its office at Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22. The detailed programme for the Interview/Viva-Voce is given below:

| Sl. No. | Name of the Post & Department | Date of Interview / Viva-Voce | Reporting Time |
|---|---|---|---|
| 1 | **Assistant Manager (Civil) in Assam Power Distribution Company Limited (APDCL)** | **25th January, 2024** | **9.00 AM** |

Kindly note that the candidates appearing the interview/viva-voce **must bring the following testimonials in original alongwith self attested photocopies in chronological order, thereof for verification/scrutiny on the day of the interview:**

i. H.S.L.C Admit/Pass Certificate as a proof of age.
ii. H.S.L.C Marksheet and Pass Certificate.
iii. H.S.S.L.C Marksheet and Pass Certificate(if applicable).
iv. Diploma Marksheet (All Semester) and Pass Certificate (if applicable).
v. Degree Marksheet (All Semester) and Pass Certificate.
vi. CGPA Conversion Formula of the respective universities
vii. Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID.
viii. **State Government Employees of Assam must submit No Objection Certificate from their respective employer or Permanent Residential Certificate/Employment Exchange Registration/Voter ID as domicile proof.**
ix. Caste/PwBD certificate/BPL Card (if applicable).
x. Declaration Form A *("May be downloaded from APSC's website").*
xi. **Ex-Servicemen Identity Card issued by Zila Sainik Welfare Office of the state of Assam and Discharge Book (for Ex-Servicemen category candidates).**
xii. Any other documents that may be relevant for their candidature.

No intimation letter to the eligible candidates shall be sent separately by post. **The intimation letters shall be uploaded on 20- 01-2024 in the APSC's website (www.apsc.nic.in).** The candidates shall have to download their own intimation letter from the aforesaid website.

Sd/-
Deputy Secretary,
Assam Public Service Commission
Jawaharnagar, Khanapara, Guwahati-22

*-- Janasanyog /D/ 16191 / 23*




# दरवाजा खुलने का अलर्ट मिलने के बाद एक और विमान की इमरजेंसी लैंडिंग, यूनाइटेड एयरलाइंस ने ये बताया

**नई दिल्ली ।**
शिकागो जाने वाली यूनाइटेड एयरलाइंस के एक विमान ने उड़ान भरने के तुरंत बाद दरवाजा खुलने कारण टम्पा में आपातकालीन लैंडिंग की। यूनाइटेड एयरलाइंस के एक विमान को टम्पा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उस समय उतारना पड़ा, जब चालक दल को संकेत मिला कि एक दरवाजा खुला हुआ है। यह घटना अलास्का एयरलाइंस के एक विमान में बीच हवा में दरवाजा अलग हो जाने के भयानक वाकये के कुछ ही दिन बाद हुई है। यूनाइटेड फ्लाइट नंबर 2434 फ्लोरिडा के सरसोटा से शिकागो जा रही थी, तभी पायलट्स ने खुले दरवाजे की संकेतक रोशनी देखी और हवाई अड्डे के अधिकारियों से संपर्क किया। उन्होंने सुरक्षा उपाय के रूप में विमान को निकटतम हवाई अड्डे पर मोड़ने का फैसला किया, फिर टम्पा हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। उड़ानों पर नजर रखने वाली वेबसाइट फ्लाइट अवेयर के अनुसार, एयरबस ए319 विमान सारासोटा/ब्रैडेंटन अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से अपराह्न तीन बजकर 42 मिनट पर रवाना हुआ और शाम चार बजकर 35 मिनट पर टम्पा पहुंचा। विमान में 123 यात्री और चालक दल के पांच सदस्य सवार थे।

**एयरलाइन ने कहा तकनीकी खराबी के कारण लैंडिंग** – यूनाइटेड एयरलाइन के एक प्रवक्ता ने कहा कि संभावित यांत्रिक समस्या को हल करने के लिए एहतियात के रूप में आपातकालीन लैंडिंग की गई थी। प्रवक्ता ने इस बात की पुष्टि नहीं की कि क्या यह मुद्दा खुले दरवाजे से जुड़ा था। टम्पा हवाई अड्डे के एक प्रवक्ता ने कहा कि पायलट्स ने लैंडिंग का अनुरोध करते समय यही कारण बताया था। अलास्का एयरलाइंस के साथ क्या हुआ था इस घटना से एक हफ्ते से भी कम समय पहले अलास्का एयरलाइंस द्वारा संचालित बोइंग 737 मैक्स 9 में उस समय बड़ी खराबी आ गई थी जब पोर्टलैंड, ओरेगन से होनोलूलू, हवाई की उड़ान के दौरान एक आपातकालीन दरवाजा खुल गया था। यह दरवाजा 16,000 फीट की ऊंचाई पर खुलकर गिर गया, जिससे विमान के किनारे में एक बड़ा छेद बन गया और यात्रियों को हवा के दबाव में अचानक गिरावट का सामना करना पड़ा। अलास्का एयरलाइंस की उड़ान संख्या 1282 में 171 यात्री और चालक दल के छह सदस्य सवार थे।

## न्यूज ब्रीफ

### फेवरेट बना निवेशकों के लिए गोल्ड ईटीएफ, 2022 के मुकाबले के छह गुना बढ़ा ईटीएफ का इनफ्लो




**नई दिल्ली।** गोल्ड ईटीएफ में इनफ्लों में तेजी देखने को मिली। पिछले वर्ष 2023 में इसमें 2,920 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखने को मिला था। यह वर्ष 2022 की तुलना में छह गुना तक बढ़ गया। महंगाई दरों में आई तेजी के बाद ब्याज दरों में भी तेजी देखने को मिली थी। ऐसे में एक सिक्योर निवेश के लिए निवेशकों ने ईटीएफ को ऑप्शन सेलेक्ट किया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के नवीनतम आंकड़ों से पता चलता है कि गोल्ड ईटीएफ और निवेशकों के अकाउंट के एसेट में वर्ष के दौरान वृद्धि देखी गई। एम्फी के आंकड़ों के अनुसार, पूरे 2023 में गोल्ड ईटीएफ में 2,920 करोड़ रुपये का इनफ्लो देखा गया। यह वर्ष 2022 में देखे गए 459 करोड़ रुपये के प्रवाह से कहीं ज्यादा था। सबसे ज्यादा इनफ्लो अगस्त 2023 में देखने को मिला था। अगस्त में 16 महीनों में सबसे अधिक इनफ्लो था। आपको बता दें कि अगस्त में गोल्ड ईटीएफ में 1,028 करोड़ रुपये का इनफ्लो दर्ज हुआ है। भारतीयों का फिजिकल सोने के साथ सदियों पुराना जुड़ाव रहा है जबकि गोल्ड ईटीएफ जैसे निवेश उत्पादों को अपनाने के मामले में यह धीमा रहा है। डिजिटलीकरण के पहुंच जाने से लोग अब इसमें भी निवेश करना शुरू कर रहे हैं। इस प्रवाह ने गोल्ड फंडों की प्रबंधन के तहत संपत्ति (एयूएम) को 27 प्रतिशत से अधिक बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जो दिसंबर 2023 के अंत तक 27,336 करोड़ रुपये तक पहुंच गई, जबकि एक साल पहले यह 21,455 करोड़ रुपये थी।

### ऊर्जा के क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके डॉ. टीएस सेतुरत्नम नहीं रहे, 95 वर्ष की उम्र में निधन

**नई दिल्ली ।** ऊर्जा क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके डॉ. टीएस सेतुरत्नम का 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है।



उन्होंने अपने पुत्र व बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज के पूर्व चेयरमैन एस. रवि के दिल्ली के साकेत स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वे उम्र से जुड़ी कई बीमरियों से ग्रसित थे। पिछले कुछ हफ्तों से उनका स्वास्थ्य खराब था। डॉ. टीएस सेतुरत्नम के अंतिम क्षणों में उनके साथ उनकी पत्नी शकुंतला सेतुरत्नम, दोनों पुत्र व पुत्र-वधू और उनके तीनों पोते (अभिषेक रवि, अक्षय रवि और चिन्मय वासुदेवन) मौजूद थे। डॉ. सेथुरत्नम 80 के दशक तक काफी सक्रिय रहे। उन्हें राष्टीय संस्थाओं के निर्माता के रूप में पहचान मिली थी। उन्हें भारत के ऊर्जा क्षेत्र के प्रमुख स्तंभ के तौर पर भी जाना जाता है। डॉ. सेतुरत्नम ने मध्य प्रदेश इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड के चेयरमैन के रह चुके हैं। अपने जीवनकाल के दौरान डॉ. सेतुरत्नम ने कई प्रमुख पदों को संभाला और कई संस्थानों के निदेशक की भूमिका भी निभाई। डॉ. सेतुरत्नम भारत सरकार की ओर से बनाई गई ऊर्जा से जुड़ी बहुत सी कमेटियों में वह शामिल थे और डॉ. सेतुरत्नम ऊर्जा क्षेत्र की निजीकरण के लिए बनाई गई पहली कमेटी के भी सदस्य थे।

### एफडी और महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेटः एसबीआई और पीएनबी सहित कई बैंकों ने ब्याज दरों में किया बदलाव

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया , एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक ने हाल ही में एफडी पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। ऐसे में अगर इन बैंकों या किसी अन्य बैंक में एफडी कराने का प्लान बना रहे हैं तो इससे पहले महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट के बारे में भी जान लेना चाहिए। यह महिलाओं के लिए स्पेशल स्कीम है। इसमें 7.5 प्रतिशत सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इसमें कम से कम 1000 रुपए से लेकर अधिकतम 2 लाख रुपए का निवेश किया जा सकता है। इसमें 2 साल के लिए निवेश करना होता है। ऐसे में यहां हम आपको इस योजना से जुड़ी जरूरी बातें बता रहे हैं। इससे आप जान पाएंगे कि कहां पैसा लगाना ज्यादा फायदेमंद होगा। खास परिस्थितियों में ये अकाउंट 2 साल से पहले, लेकिन 6 महीने बाद ही बंद किया जा सकता है। हालांकि ऐसा करने पर 7.5 प्रतिशत की जगह 5.5 प्रतिशत ही ब्याज मिलेगा। ये ब्याज प्रिंसिपल अमाउंट पर दिया जाएगा। इसके अलावा आप 1 साल बाद 40 प्रतिशत रकम निकाल सकते हैं। इस स्कीम के तहत महिला खुद के लिए अकाउंट खुलवा सकती हैं। इसके अलावा मामा-पिता (गार्जियन) अपनी बेटी (नाबालिग) के नाम पर भी 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' में निवेश कर सकते हैं। यानी इसमें नाबालिग लड़की के नाम पर भी निवेश किया जा सकता है।

# वित्त मंत्री बोलीं– तकनीक के जरिए वित्तीय सेवाओं को सरल बना रहे, आईटी मंत्री ने यूपीआई से की खरीदारी

**नई दिल्ली ।**
**वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 को दूसरे दिन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रेल व आईटी मंत्री अश्विनी वैशणव ने संबोधित किया। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बताया कि प्रधानमंत्री के समक्ष कल एक दिलचस्प टिप्पणी की गई थी कि दुनिया भर के सभी वित्तीय केंद्र पूंजी की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। भारत इस दिशा में सकारात्मक कदम उठा रहा है। निवेश योग्य धन आने और पैसा बाहर जाने की सुगमता पर चर्चा की जा रही है। गिफ्ट सिटी की अवधारणा के समय भी, प्रधानमंत्री का दृष्टिकोण था कि प्रौद्योगिकी और वित्त को शामिल किए बिना, नव निर्मित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र वास्तव में पूरी ऊर्जा के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकता।**



### वित्त मंत्री ने आईएफएससी के बारे में यह बताया

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा, वर्तमान में आईएफएससी में, हमारे पास अंतरराष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज सहित तीन एक्सचेंज हैं। आईएफएससी के भीतर 25 बैंक काम कर रहे हैं, जिनमें से 9 विदेशी बैंक हैं। आईएफएससी ने 26 विमान पट्टेदारों को भी आकर्षित किया है, जिन्होंने सामूहिक रूप से 136 परिसंपत्तियों को पट्टे पर दिया है।

80 फंड मैनेजरों ने 89 योजनाओं और 29 बीमा संस्थाओं की स्थापना की है, जिनमें आठ बीमा और पुनर्बीमा कंपनियां शामिल हैं। जहाज पट्टे पर देने वाली आठ कंपनियों ने यहां परिचालन शुरू कर दिया है। वित्त मंत्री ने कहा, भारत सरकार ने बहुत स्पष्ट रुख अपनाया है कि हम भारत में जहाज निर्माण गतिविधियों को मजबूत करेंगे। उन्होंने कहा कि गिफ्ट सिटी में सकारात्मक माहौल से हम आसानी से वैश्विक वित्त तक पहुंचने में सक्षम होंगे और हमारे शिपिंग यार्ड की निर्माण क्षमताओं का उपयोग कर पाएंगे।

### किताबें खरीदने के लिए अश्विनी वैष्णव ने यूपीआई का किया इस्तेमाल

वहीं दूसरी ओर वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दौरान गांधीनगर के महात्मा मंदिर कन्वेंशन सेंटर में किताबें खरीदने के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव यूपीआई का उपयोग करते हुए देखा गया ।केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और सीएम भूपेंद्र पटेल ने गांधीनगर में सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स पर एक सेमिनार में भाग लिया।

### वैष्णव बोले- हमारे पास ऐसे संगठन जो पीएम के दृष्टिकोण को साकार कर रहे

समिट के दौरान अश्विनी वैष्णव ने कहा, पीएम मोदी ने अमेरिका में जून में माइक्रोन से समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए और 90 दिनों के भीतर सितंबर में कारखाने का निर्माण शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में यह बहुत बड़ा योगदान है। यह योगदान अमूल्य है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि हमारे पास ऐसी सरकारें हैं, हमारे पास ऐसे संगठन हैं जो हमारे प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण को क्रियान्वित कर सकते हैं।

### दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन पावर कलस्टर बनेगा गुजरात में

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव कहते हैं, हमारे ग्रह को जिस तरह से संरक्षित किया जाना है, वह हमारे नीति-निर्माण के शीर्ष पर है। दुनिया में हर कोई विनिर्माण प्रक्रिया में हरित ऊर्जा की मांग कर रहा है। गुजरात 30,000 मेगावाट का ग्रीन पावर हब स्थापित करेगा। दुनिया का सबसे बड़ा ग्रीन पावर क्लस्टर 5000-7000 मेगावाट है। वैश्विक स्तर पर, अब गुजरात का ग्रीन पावर क्लस्टर पूरी दुनिया में सबसे बड़ा बन जाएगा। यह उन उत्पादों के निर्माण का एक शानदार अवसर है जिनमें ग्रीन पावर होगी। इससे बहुत बड़ा फायदा होगा।

### सेमीकंडक्टर उद्योग में दस लाख मजबूत प्रतिभाओं की आवश्यकता

वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 के दौरान केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सेमीकंडक्टर उद्योग को अगले दशक में दस लाख और मजबूत प्रतिभाओं की आवश्यकता होने वाली है। यह भारत से आएगा... हमने पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण व्यवस्था विकसित करने के लिए 104 विश्वविद्यालयों के साथ करार किया है। उन्होंने कहा कि जब आप निवेश का अगला निर्णय लेते हैं, तो आपकी स्वाभाविक पसंद भारत और गुजरात होनी चाहिए।

### रुपया दो पैसे बढ़कर 83.01 प्रति डॉलर पर

**मुंबई ।** रुपया शुरुआती कारोबार में दो पैसे की बढ़त के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.01 पर पहुंच गया। अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से स्थानीय मुद्रा को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि घरेलू बाजारों में सकारात्मक रुख से भी भारतीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.05 प्रति डॉलर पर खुला और फिर फिसलकर 83.06 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। थोड़ी देर में 83.01 प्रति डॉलर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से दो पैसे की बढ़त है। रुपया 83.03 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह अन्य मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी मुद्रा का आकलन करने वाला डॉलर सूचकांक 0.09 प्रतिशत की गिरावट के साथ 101.98 पर कारोबार कर रहा था।

# देश के कई हिस्सों में मात्र 1799 रुपए में कर सकते हैं ट्रैवल,एयर इंडिया ने लॉन्च किया स्पेशल प्रमोशनल कैंपेन




**नई दिल्ली ।**
स्वदेशी टाटा समूह की स्वामित्व वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उडान से देश के कई हिस्सों में आप मात्र 1799 रुपए में ट्रैवल कर सकते हैं। कंपनी ने इसके लिए एक स्पेशल प्रमोशनल कैंपेन लॉन्च किया है।

इस कैंपेन का नाम है टाइम टू ट्रैवल। एयरलाइंस का यह ऑफर 11 जनवरी 2024 से 11 जनवरी 2025 तक वैलिड रहने वाला है। ऐसे में यह स्पेशल ऑफर पूरे एक साल के लॉन्च किया गया है। इस ऑफर के तहत यात्रियों को केवल 1799 रुपए में बेंगलुरु-चेन्नई, दिल्ली-जयपुर, बेंगलुरु-कोच्चि, दिल्ली-ग्वालियर और कोलकाता-बागडोगरा के लिए सस्ती कीमतों पर सफर करने का मौका मिल रहा है। टाटा ग्रुप की एयरलाइंस कंपनी विस्तारा ने भी अपने ग्राहकों के लिए 9वीं सालगिरह पर एक स्पेशल एनिवर्सरी सेल का ऐलान किया है। इस सेल के मुताबिक पैसेंजर्स को कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय रूट्स पर स्पेशल छूट का लाभ मिल रहा है। एयरलाइंस ने 9 जनवरी 2015 को पहली बार अपना ऑपरेशन शुरू किया था। अपने अधिकारिक एक्स/ट्विटर हैंडल पर इस बारे में जानकारी साझा करते हुए एयरलाइंस ने बताया है कि यह ऑफर 9 जनवरी, 11 जनवरी 2024 से लेकर 30 सितंबर 2024 तक वैलिड है। इस ऑफर के मुताबिक घरेलू एयरलाइंस में इकोनॉमी क्लास में 1809 रुपए, प्रीमियम इकोनॉमी में 2309 रुपए और बिजनेस क्लास में 9909 रुपए प्रति टिकट के हिसाब से शुल्क देना होगा। वहीं अंतरराष्ट्रीय टूर के लिए इकोनॉमी क्लास में 9999 रुपए, प्रीमियम इकोनॉमी में 13,499 रुपए और बिजनेस क्लास में 29,999 रुपए में टिकट ऑफर किया जा रहा है। एयरलाइंस द्वारा चलाए जाने वाले स्पेशल प्रोग्राम के जरिए ऐसे मेंबर्स को 8 फीसदी न्यू कॉइन्स भी मिलता है। इसके साथ ही मेंबर्स को खाने, सीट के चुनाव, फ्लाइट टिकट कैंसिल करने, बैगेज रूल्स आदि में कई तरह की विशेष छूट का लाभ मिलता है। एयर इंडिया एक्सप्रेस नियूपास रिवार्ड्स प्रोग्राम के तहत कई मेंबर्स को फ्री में प्रॉयोरिटी सर्विस मिल रही है।

# क्यूबा में ईंधन के दाम 500 प्रतिशत बढ़े, तेल के लिए लंबी कतारें, गैसोलीन के दाम 5 गुना बढ़े

**हवाना ।**
क्यूबा में सरकार ने मुद्रा स्फीति के खतरनाक स्तर तक बढ़ने के चलते ईंधन पर 500 प्रतिशत तक दाम बढ़ा दिए हैं। इसे देखते हुए देश के गैस स्टेशनों पर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। क्यूबावासी पहले ही मुद्रा स्फीति के बोझ से दबे हैं, ऐसे में ईंधन की कीमतों में हुई वृद्धि को लेकर वे परेशान हैं।

ईंधन केंद्रों पर तेल भराने के लिए लगी लंबी लाइनों में झगड़े भी बढ़ गए हैं। नकदी की कमी से जूझ रहे कम्युनिस्ट द्वीप के प्रशासन ने अपने बजट घाटे को कम करने के मकसद से उठाए कदमों की एक श्रृंखला के तहत एक फरवरी से ईंधन के दामों में पांच गुना वृद्धि की घोषणा की है। रिपोर्ट के मुताबिक, एक लीटर मानक गैसोलीन की कीमत अब 25 पेसोस (स्थानीय मुद्रा) के बजाय 132 पेसोस होगी, जबकि एक लीटर प्रीमियम ईंधन की कीमत 30 के बजाय 156 पेसोस होगी। क्यूबा के टैक्सी चालक 33 वर्षीय जेवियर अर्नेस्टो ने कहा हम कीमतें बढ़ने से पहले ईंधन भरने की कोशिश कर रहे हैं। यह बड़ी वृद्धि है और मुझे लगता है कि इसके बाद हमारे लिए समय कठिन होने वाला है। कम्युनिस्ट संचालित सरकार का कहना है कि यह उपाय घाटे के खर्च को




नियंत्रित करने और भोजन, दवा और आयात के लिए धन जुटाने के लिए आवश्यक है। वस्तुओं-सेवाओं की लागत आसमान पर...मौजूदा नकदी संकट ने क्यूबा को हिलाकर रख दिया है। यहां के निवासी जीवित रहने के लिए सरकारी सब्सिडी पर निर्भर हैं। लेकिन मुद्रास्फीति में इस बढ़ोतरी के चलते अधिकांश वस्तुओं और सेवाओं की लागत आसमान छू रही है। सरकार ने कहा है कि वह खाना पकाने के लिए इस्तेमाल होने वाली तरल गैस और शीर्ष स्तर के उपयोगकर्ताओं के लिए बिजली की कीमतें भी बढ़ाएगी। सरकार ने कहा कि वह 29 सेवा केंद्र खोलेगी जो विशेष रूप से डॉलर में ईंधन के लिए शुल्क लेंगे।

# होम लोन के ब्याज पर टैक्स में पूरी छूट',बजट से रियल एस्टेट सेक्टर को और क्या उम्मीदें हैं

**नई दिल्ली ।**
कोरोना महामारी के पहले और दूसरे दौर के दौरान देश का रियल एस्टेट सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुआ। हालांकि महामारी से उबरने के बाद इस सेक्टर में सुधार दिखने लगा। हालांकि, अब भी इस सेक्टर को वो गति हासिल नहीं हो पायी है जिसकी इस कारोबार से जुड़ी कंपनियां उम्मीद कर रही थीं। रियल एस्टेट कारोबार से जुड़ी कंपनियों का मानना है कि यह सेक्टर एक बार फिर तेज रफ्तार हासिल कर सकता है अगर आगामी बजट में वित्त मंत्री इस सेक्टर को सहारा देने के लिए कुछ घोषणाएं करें। हालांकि इस बार वित्त मंत्री इस बार अंतरिम बजट लेकर आ रही हैं क्योंकि इसी साल आम चुनाव होने हैं। ऐसे में रियल एस्टेट कंपनियों को उम्मीद है कि इस अंतरिम बजट में सरकार की ओर से कुछ ऐसे संकेत मिले उद्योग को रफ्तार दे। बाजार से जुड़े जानकारों को उम्मीद है कि चुनावों को देखते हुए अंतरिम बजट में सरकार रियल एस्टेट सेक्टर के लिए कुछ बड़ा एलान कर सकती है। कुछ संभावित एलान चुनाव के बाद पूर्ण बजट के दौरान किया जा सकता है। रियल एस्टेट कंपनियों को उम्मीद है कि आगामी बजट में सरकार उनके लिए कर्ज की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी कदम उठा सकती है। अगर ऐसा होता है अटकी पड़ी हाउसिंग परियोजनाओं को पूरा करने को गति मिलेगी। रियल एस्टेट सेक्टर घर खरीदने वालों के लिए वित्त मंत्री की ओर से इंसेंटिव का एलान करने की भी उम्मीद कर रही है। बता दें वित्त मंत्री निर्मला



सीतारमण 01 फरवरी 2024 को अंतरिम बजट पेश करेंगी। रियल एस्टेट सेक्टर के जानकारों का मानना है कि बीते कुछ समय में महंगाई में बेतहाशा इजाफा हुआ। दूसरी ओर होम लोन पर ब्याज दर में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में आगामी बजट के दौरान सरकार की ओर से घर खरीदने वालों के लिए टैक्स में राहत का एलान किया जाना चाहिए। किफायती और मध्यम मूल्य वाले सेगमेंट में ग्राहकों को टैक्स में राहत मिलने से ग्राहकों को तो फायदा होगा ही साथ ही इसका लाभ रियल एस्टेट कंपनियों को भी मिलेगा। किफायती हाउसिंग के सेगमेंट में ग्राहकों को होम लोन पर लगने वाले ब्याज पर टैक्स में पूरी छूट दी जानी जाहिए। उम्मीद है वर्ष 2024 के बजट के दौरान सरकार इसका ध्यान रखेगी।

# आयकर विभाग ने छापेमारी में 1000 करोड़ रुपये की कैश बिक्री पकड़ी, सीबीडीटी सूत्रों ने कही यह बात

**नई दिल्ली ।**
पॉलीकैब कंपनी पर छापेमारी के बारे में सेंट्रल बॉर्ड ऑफ डायरेक्ट टैक्स के पदाधिकारियों ने अहम जानकारी दी। उन्होंने कहा, लगभग 1,000 करोड़ रुपये के कैश लेन-देन का पता लगा है, जिनका लेखा-जोखा नहीं है। पिछले साल 22 दिसंबर को कंपनी के ठिकानों पर तलाशी के दौरान आयकर विभाग ने गड़बड़ी पकड़ी थी। कंपनी के पास 4 करोड़ रुपये से अधिक की बिना हिसाब नकदी जब्त की गई। इसके बाद कंपनी के 25 से अधिक बैंक लॉकरों को सीज कर दिया गया।

### 50 परिसरों पर तलाशी के 15 दिन बाद आया बयान

आयकर विभाग की छापेमारी के दौरान महाराष्ट्र, गुजरात और दिल्ली के 50 परिसरों पर तलाशी ली गई थी। रिपोर्ट के मुताबिक आधिकारिक सूत्रों ने कंपनी के नाम के रूप में पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड की पुष्टि की है।

### कंपनी ने कहा- आयकर विभाग ने दस्तावेज नहीं भेजे

सीबीडीटी के बयान से पहले पॉलीकैब ने बयान जारी कर कथित टैक्स चोरी को अफवाह करार दिया। कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज नियामक को स्पष्टीकरण जारी किया और बताया कि उन्हें आयकर विभाग की तरफ से तलाशी अभियान या छापेमारी के संबंध में कोई दस्तावेज मुहैया नहीं कराया गया है।




### आयकर विभाग का दावा- टैक्स चोरी के ठोस सबूत मिले हैं

पॉलीकैब के ठिकानों पर तलाशी के संबंध में सीबीडीटी का दावा है कि छापेमारी के दौरान दस्तावेजों के साथ-साथ डिजिटल डेटा भी जब्त किया गया है। आयकर विभाग के मुताबिक बड़ी संख्या में ऐसे सबूत मिले हैं, जिनसे आर्थिक अपराध के संकेत मिलते हैं। कंपनी की तरफ से अधिकृत वितरकों की मिलीभगत से टैक्स चोरी की गई है।

### कच्चा माल खरीदने के लिए 400 करोड़ का भुगतान, खाता-बही में दर्ज नहीं

सीबीडीटी के आरोपों के मुताबिक शुरुआती विश्लेषण में पता चला है कि पॉलीकैब ने टैक्स की चोरी और अपनी आमदनी छिपाने के लिए बेहिसाब नकदी बिक्री, बेहिसाब खरीदारी के लिए नकद भुगतान, फर्जी परिवहन लागत जैसे उपाय किए। ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिनसे लगभग एक हजार करोड़ रुपये की बेहिसाब नकद बिक्री का पता लगा है। कच्चा माल खरीदने के लिए एक डिस्ट्रीब्यूटर ने कंपनी के नाम पर 400 करोड़ रुपये का भुगतान किया। खाता-बही में इसे भी दर्ज नहीं किया गया है।

### करोड़ों रुपये के लेन-देन का हिसाब नहीं मिला

पॉलीकैब पर लगे टैक्स चोरी के आरोप मामले में सीबीडीटी ने कहा कि डिस्ट्रीब्यूटर की शह पर कई पार्टियों ने अपने अकाउंट्स में रकम बढ़ा-चढ़ा कर दिखाई। कुल मिलाकर ऐसी रकम लगभग 500 करोड़ रुपये है। इसके अलावा परिवहन लागत के रूप में करीब 100 करोड़ रुपये की गलत एंट्री / नहीं दर्ज किए गए खर्चों का भी भंडाफोड़ हुआ है।

### सोना और चांदी के भाव तेजी के साथ खुले

**नई दिल्ली ।** वैश्विक बाजार में कीमती धातुओं में तेजी के साथ ही घरेलू बाजार में भी सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। सोने के वायदा भाव 62 हजार और चांदी के वायदा भाव 72 हजार रुपये से नीचे बंद हुए थे लेकिन आज दोनों के वायदा इन भाव के ऊपर खुले। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। सोने के वायदा भाव की भी शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 50 रुपये की तेजी के साथ 62,046 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 152 रुपये की तेजी के साथ 62,148 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरूआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 97 रुपये की तेजी के साथ 72,066 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 163 रुपये की तेजी के साथ 72,132 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में कॉमेक्स पर सोना 2,029.40 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,027.80 डॉलर था। फिलहाल यह 6.70 डॉलर की तेजी के साथ 2,034.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.08 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 23.06 डॉलर था। फिलहाल यह 0.09 डॉलर की तेजी के साथ 23.16 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# आयरा की शादी में भावुक हुए आमिर खान



अब कोर्ट मैरिज करने के बाद आमिर खान की बेटी आयरा और नुपुर ने ईसाई तरीके से दोबारा शादी की है। आयरा खान और नुपुर शिखर की शादी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में उदयपुर में हुई। शादी से पहले उनकी संगीत और मेहंदी सेरेमनी की तस्वीरें खूब वायरल हुई थीं। अब आयरा और नुपुर की क्रिश्चियन वेडिंग में आमिर खान का एक वीडियो सामने आया है। बाप-बेटी का रिश्ता अलग है। तभी तो अपनी प्यारी बेटी को विदाई देते वक्त पिता के आंसू छलक पड़ते हैं, चाहे वो आम आदमी हो या एक्टर। बेटी आयरा की शादी में आमिर खान भी इमोशनल होते नजर आए। जब मंच पर आयरा और नूपुर का विवाह समारोह चल रहा था तो आमिर की आंखों में आंसू आ गए। जब आयरा-नुपुर ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई तो आमिर की आंखों में आंसू आ गए। इस वीडियो में आमिर खान अपनी आंखें पोंछते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो को पैपराजी ने अपने इंस्टाग्राम पेज से शेयर किया है। आयरा की शादी में आमिर का ये वीडियो देखकर नेटिजन्स भी अभिभूत हैं। इस वीडियो पर कमेंट्स भी आ रहे हैं। आयरा और नुपुर ने 3 जनवरी को कोर्ट मैरिज के जरिए शादी की थी। इसके बाद उन्होंने उदयपुर में ईसाई रीति-रिवाज से शादी कर ली। खबर है कि आयरा-नुप्पुर का मुंबई में ग्रैंड रिसेप्शन होगा।

# उदयपुर में आयरा और नूपुर की ईसाई रीति-रिवाज से हुई शादी



कोर्ट मैरिज के बाद आमिर खान की बेटी आयरा खान और नूपुर शिखरे एक बार फिर उदयपुर में महाराष्ट्रियन नहीं बल्कि ईसाई रीति-रिवाज से शादी के बंधन में बंध गए। इस शाही शादी की तस्वीरें और वीडियो अब सोशल मीडिया पर सामने आ गए हैं। इसमें स्टार कपल क्रिश्चियन स्टाइल आउटफिट पहने नजर आया। इस दौरान आयरा के दूल्हे राजा उर्फ नूपुर ब्लेजर कोर्ट पैंट में डैशिंग लग रहे थे। वीडियो में वे हाथों में हाथ डाले विवाह स्थल में प्रवेश करते नजर आ रहे हैं। इस दौरान वहां मौजूद लोग उन पर फूल बरसाते नजर आए। शादी की खुशी आयरा और नूपुर के चेहरे पर साफ झलक रही है। दोनों का ये वीडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिस पर यूजर्स कमेंट कर शादी की शुभकामनाएं दे रहे हैं। दूसरे वीडियो में आयरा और नूपुर एक दूसरे के साथ रोमांटिक डांस करते नजर आ रहे हैं। संगीत फंक्शन में कपल ने खूब मस्ती की। इससे पहले कपल की शादी के संगीत फंक्शन की तस्वीरें भी सामने आई थीं, जिसमें आयरा हैवी लहंगे में नजर आईं। साथ में आयरा और नूपुर और आमिर खान व परिवार के बाकी लोग भी संगीत सेरेमनी में खूब मस्ती करते नजर आए। ये तस्वीरें भी सोशल मीडिया के साथ-साथ इंटरनेट पर भी तेजी से वायरल हो रही हैं।

# अंकिता लोखंडे को कंगना रनौत का सपोर्ट



बिग बॉस 17 में अंकिता लोखंडे की सास के पहुंचने के बाद सोशल मीडिया पर कई तरह के चर्चे हो रहे हैं। लोगों को लगाता हैं कि अंकिता रूढ़िवादी परिवार में फंस गई हैं और जल्द ही विकी से उनका तलाक होगा। बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अंकिता और उनके सपोर्ट में इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर रही हैं। कंगना ने दुनिया को बताया है कि विकी ने हमेशा अंकिता को कितना सपोर्ट किया और लोग रिऐलिटी शो के फुटेज देखकर उनका परिवार तोड़ने में लगे हैं। कंगना ने लिखा है, सुशांत ने जब अंकिता को छोड़ा, तब उसके घर में आग लग गई थी, वह टूट चुकी थी, तब उसके साथ कौन खड़ा हुआ? विकी अपने रूढ़िवादी और परंपराओं को मानने वाले परिवार के खिलाफ गया, जो कि अंकिता के ओपन लव अफेयर और सुशांत से अलग होने की बातों को सुनकर शॉक्ड थे, जिनकी बातें अंकिता दीवानियों की तरह करती रहती थी। लिबरल्स और मीडिया को इसतरह के बर्ताव करना बंद कर देना चाहिए जैसे कि उन्हें पता नहीं कि छोटी जगहों, संस्कृति और परंपराओं से आने वाले परिवार कैसे व्यवहार करते हैं। कंगना लिखती हैं, क्या हमें नहीं पता कि ऐसी मांओं को पश्चिमी और फिल्मी सभ्यता वाला व्यवहार कितना खराब लगता है? शहरी जोड़े अलग तरह से रहते हैं लेकिन हमारे मां-बाप कभी इस तरह की लाइफस्टाइल को हजम नहीं कर पाएंगे। वे शहरी जोड़ों से बहुत अच्छी तरह और अलग तरह से रहे हैं। हमें उनकी जिंदगी के लिए समझ रखनी होगी।

# जिंदगी में मुश्किलें आती हैं, उम्मीद मत खोना: शाहरुख खान



बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान इन दिनों फिल्म 'डंकी' को लेकर चर्चा में हैं। डंकी से पहले उनकी फिल्म 'जवान' और 'पठान' ने भी खूब कमाई के साथ प्रशंसा भी लूटी थी। साल 2023 का किंग खान के नाम रहा। अब फैंस उनकी आने वाली फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। 'पठान' की रिलीज से पहले शाहरुख अपने बेटे आर्यन खान की वजह से सुर्खियों में थे। अब उन्होंने बताया कि ड्रग मामले में बेटे आर्यन की गिरफ्तारी के बाद वे चुप क्यों रहे। वर्ष 2018 के बाद शाहरुख खान अपनी फिल्मों से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में रहे। शाहरुख के बेटे आर्यन को वर्ष 2021 में ड्रग केस के चलते जेल जाना पड़ा था। मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में शाहरुख ने अपनी जिंदगी में आई मुश्किलों पर बात की। शाहरुख खान ने कहा कि पिछले चार-पांच साल मेरे और मेरे परिवार के लिए रोलर-कोस्टर राइड की तरह थे। कोरोना काल में मुझे काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। उस वक्त मेरी कई फिल्में फ्लॉप रहीं। इसके बाद कि, खबरें चलने लगीं कि मेरा करियर खत्म हो गया। शाहरुख ने कि मुझे अपनी निजी जिंदगी में भी कई मुश्किलों का सामना करना पड़ा, लेकिन इस सफर में मैंने कई चीजें सीखीं। मेरा मानना है कि किसी भी समस्या से उबरते समय शांत रहना चाहिए। जिंदगी में मुश्किलें आती हैं, उम्मीद मत खोना चाहिए।

**'डंकी' का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन -** शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। फिल्म ने रिलीज के 21 दिनों में 220.72 करोड़ की कमाई की है। अब फैंस इस बात को लेकर उत्सुक हैं कि यह फिल्म ओटीटी पर कब रिलीज होगी। राजकुमार हिरानी की निर्देशित इस फिल्म में शाहरुख के साथ विक्की कौशल और तापसी पन्नू भी अहम भूमिकाओं में हैं।

**डंकी ओटीटी रिलीज -** शाहरुख खान की फिल्म 'डंकी' कुछ दिन पहले ही पर्दे पर आई है और रिलीज के दो महीने बाद यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म जियो सिनेमा पर रिलीज हो सकती है।

बताया जा रहा है कि जियो सिनेमा ने इस फिल्म के ओटीटी राइट्स 155 करोड़ में खरीदे हैं। अब आर्यन खान निर्देशित सीरीज "स्टारडम" किंग खान की जिंदगी पर आधारित बताई जा रही है।

# सवा लाख के फोन पर दिखी बब्बू मान की दीवानगी



**पंचकुला(ईएमएस)।** प्रसिद्ध पंजाबी गायक बब्बू मान के सजीव प्रसारण की दीवानगी तब अपने पूरे शबाब पर होती है जब बब्बू मान के पास मुक्त मैदान हो। ऐसा ही कुछ नजारा बब्बू मान के पंचकुला शो में देखने को मिला। इस शो में बब्बू मान के हजारों फैंस जुटे और उनके गानों पर जमकर थिरके लेकिन इसी बीच अचानक भगदड़ मच गई। दरअसल, बब्बू मान के चलते शो के दौरान उनके एक फेन का सवा लाख का फोन खो गया, जिसकी तालाश में हर तरफ शोर मच गया। जब ये बात बाबू मान तक पहुंची तो बाबू मान ने लड़के को अपने तरीके से समझाया। बाबू मान ने कहा कि उनके अखाड़े में फोन का कोई काम नहीं। आपको खाली जेब आना हैं और सवारी अपने सामान की खुद जिम्मेदार है।

# कर्मा कॉलिंग लेकर आ रहीं मस्त-मस्त गर्ल



नब्बे के दशक में हर बॉलीवुड फैन की फेवरेट रहीं रवीना टंडन अब अपनी नई वेब सीरीज के साथ तैयार हैं। उनकी पहली वेब सीरीज अरण्यक को ओटीटी पर लोगों ने खूब पंसद किया था। अब नई सीरीज कर्मा कॉलिंग का ट्रेलर आ गया है। ट्रेलर के पहले फ्रेम से ही रवीना एक उस किरदार में बहुत कम्फर्टेबल नजर आ रही हैं, जिसका बेसिक आईडिया उनकी निजी जिदंगी से मिलता है। कर्मा कॉलिंग में वे एक ऐसी अभिनेत्री का रोल कर रही हैं, जो कई सालों तक इंडस्ट्री पर राज कर चुकी है। उसका स्टारडम भले ढलने की कगार पर हो, मगर उसके नाम का जलवा आज भी मुंबई में जमकर चमकता है। लेकिन अब इंद्राणी कोठारी के पास्ट से निकला एक रहस्य, उनकी आज की जिंदगी को मुश्किल बनाने के लिए बाहर आ रहा है।

# विशाल के साथ आ सकते हैं शाहरुख खान



शाहरुख खान पिछले साल कामयाबी के उस शिखर पर पहुंच गए हैं, जिसपर पहुंचने के ख्वाब कई अभिनेता देखा करते हैं। पठान, जवान और डंकी की शानदार सक्सेस ने शाहरुख के स्टारडम का परचम बहुत ऊंचा कर दिया है। इस धुआंधार कामयाबी के बाद से ही शाहरुख के फैंस नजरें गड़ाए बैठे हैं, कि उनके सुपरस्टार का अगला प्रोजेक्ट क्या होने वाला है। अब एक ऐसी जानकारी सामने आ रही है, जो शाहरुख ही नहीं, हर इंडियन सिनेमा फैन की एक्साइटमेंट का पारा बढ़ा देगी। रिपोर्ट के अनुसार शाहरुख अब अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए डायरेक्टर विशाल भारद्वाज के साथ चर्चा कर रहे हैं। विशाल भारद्वाज हिंदी को कई आइकॉनिक फिल्में देने वाले बेहद टैलेंटेड डायरेक्टर हैं। उनकी डायरेक्ट की हुई फिल्मों में मकबूल, ओमकारा, हैदर और कमीने जैसे नाम हैं। हाल ही में उनकी नेटफ्लिक्स फिल्म खूफिया ने हर तरफ खूब तारीफ बटोरी थी। इंडस्ट्री में अंदर चर्चा है कि शाहरुख अपने अगले प्रोजेक्ट के लिए विशाल भारद्वाज की फिल्म साइन करने जा रहे हैं। सूत्र ने बताया कि ये एक टिपिकल विशाल भारद्वाज फिल्म होगी और इसमें वैसे ही थ्रिल और शेड्स होंगे जो विशाल अपनी फिल्मों में बुनना पसंद करते हैं। विशाल ने इंटरव्यू में कहा था कि उनके और शाहरुख, दोनों के दिल में साथ काम करने की इच्छा है। विशाल ने कहा था, वे हमेशा कहते हैं, और मैं भी मानता हूं, हमें एक फिल्म साथ में करनी चाहिए। शाहरुख जल्दी ही बड़े पर्दे पर अपनी बेटी सुहाना खान के साथ भी एक फिल्म में नजर आने वाले हैं।

# राजेश खन्ना का आखिरी पल था काफी दर्द भरा

## -एक्टर मुश्ताक खान ने किया यह खुलासा



**मुंबई (ईएमएस)।** बॉलीवुड के पहले सुपरस्टार कहे जाने वाले राजेश खन्ना अब हमारे बीच नहीं है। उन्हें गुजरे हुए 11 साल बीत चुके हैं। हालांकि वह अपनी एक्टिंग और फिल्मों की वजह से आज भी फैंस के दिलों पर राज करते हैं। आज भी उनके चाहने वाले उनकी फिल्में देखते हैं और उनके फेमस गानों को सुनकर अपना दिल बहलाते हैं। हालांकि उनके चाहने वालों को ये जानकर काफी दुख होगा कि राजेश खन्ना का आखिरी पल काफी दर्द भरा था। उनके आखिरी पलों में उनके साथ कोई नहीं था। इस बारे में उनके साथ काम कर चुके एक्टर मुश्ताक खान ने खुद बताया है.मुश्ताक खान फिल्मों में छोटी-छोटी और सहायक भूमिकाएं निभाने के लिए काफी फेमस हैं। उन्होंने ने राजेश खन्ना, अमिताभ बच्चन से लेकर शाहरुख खान, आमिर खान, सलमान खान, अजय देवगन और अक्षय कुमार तक जैसे कई अभिनेताओं के साथ काम किया है। आखिरी बार उन्हें सनी देओल के साथ गदर 2 में देखा गया था। मुश्ताक खान ने अपने करियर को लेकर बातें की। इसके साथ ही उन्होंने राजेश खन्ना संग स्क्रीन स्पेस शेयर करने और उनके आखिरी दिनों को याद किया. बातचीत में मुश्ताक खान ने फिल्म थोड़ी सी बेवफाई की शूटिंग के दिनों को याद किया।

यह फिल्म 1980 में रिलीज हुई थी। फिल्म का निर्देशन एस्माईल श्रॉफ ने किया था। फिल्म में राजेश खन्ना, शबाना आजमी और पद्मिनी कोहलापुरे लीड रोल में थीं। फिल्म में मुश्ताक खान ने भी काम किया था. थोड़ी सी बेवफाई की शूटिंग के दिनों के याद करते हुए मुश्ताक खान ने आगे कहा, मैंने राजेश खन्ना के साथ उनके स्टारडम के शिखर पर काम किया। आप विश्वास नहीं कर सकते कि यह कैसा था। मैं मन ही मन ये सोच कर काफी खूश होता था कि मैं राजेश खन्ना के साथ काम कर रहा हूं. थोड़ी सी बेवफाई में मुश्ताक ने पहली बार राजेश खन्ना के साथ काम किया था। इस फिल्म के बाद साल 2010 में रिलीज हुई फिल्म दो दिलों के खेल में एक बार फिर से मुश्ताक को राजेश खन्ना के साथ काम करने के लिए मौका मिला। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान मुश्ताक ने महसूस किया है कि जैसे उनके (राजेश खन्ना) साथ कोई ना हो। उन्होंने अपना आकर्षण और स्टारडम खो दिया था। राजेश खन्ना-डिंपल कपाड़िया शादी से दो बेटियां ट्विंकल खन्ना और रिंकी खन्ना हुईं।

# दर्शकों का प्यार उन तक पहुंच रहा है: विजय सेतुपति

**-एक्टर को चप्पल पहनने पर बॉडी शेमिंग भी याद आई**



**मुंबई (ईएमएस)।** साउथ के दमदार एक्टर विजय सेतुपति ने बताया कि नॉर्थ और हिंदी के दर्शकों का सामना करने से पहले उन्हें किस बात का डर सता रहा है। विजय ने यह भी कहा कि पहले उनकी बहुत बॉडी शेमिंग की जा चुकी है। हालांकि अब दर्शकों का प्यार उन तक पहुंच रहा है तो वह खुश भी हैं। चप्पल पहनने पर विजय को बॉडी शेमिंग भी याद आ गई। वह बोले, मैं ऐसा ही था, बॉडी शेमिंग बहुत किया था मुझे। वहां भी किया था। ऐसा होता है पर अच्छी चीज ये है कि आप जैसे हैं लोग आपको स्वीकारने लगते हैं। अब मैं जहां भी जाता हूं, मुझे लोग स्वीकारते हैं, यह ब्लेसिंग है।साउथ एक्टर्स के लिए हिंदी दर्शकों का प्यार बीते कुछ सालों में बढ़ा है। वहां के कई स्टार्स बॉलीवुड की फिल्में करने में रुचि दिखा रहे हैं। विजय सेतुपति अब कटरीना कैफ के साथ मेरी क्रिसमस से दर्शकों को एंटरटेन करेंगे। उन्होंने बताया कि दर्शकों का प्यार उन्हें बताता है कि बॉलीवुड फिल्में करने का फैसला सही है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि फैन्स तो फैन्स हैं और उनका प्यार सच्चा होता है। दर्शकों से प्यार मिलना एक एनर्जी ड्रिंक की तरह है। जब लोग आपको प्यार करते हैं तो आपमें आशा जागती है कि आपका काम लोगों तक पहुंचा है और उन्हें पसंद आया। फैन्स क्लब्स से मुझे यह बात पता चली। वे हमेशा मुझे ऊर्जा देते हैं। विजय ने बताया कि पहले जब वह मुंबाइकर और गांधी टॉक्स के लिए मुंबई आते थे तो बहुत कम लोग जानते थे। अब बहुत से लोग जानते हैं, फिल्मों और रोल के बारे में बात करने आते हैं। इससे उन्हें बहुत खुशी मिलती है। उन्होंने कहा कि बतौर एक्टर उन्हें यही तो चाहिए। जब ऐसा होने लगता है तो महसूस होता है, ठीक है, अपना रास्ता तो सही तरीके से चल रहा है।विजय के सादगीभरे लुक पर इंटरनेट पर कई बार चर्चे हो चुके हैं। वह कई बड़े इवेंट्स में चप्पल पहनकर भी पहुंचे हैं। इस पर कुछ लोगों ने उन्हें ट्रोल भी किया है। विजय बोले कि इन सब बातों से वह प्रभावित हो जाते हैं। वह अपने फैशन को लेकर सोचने लगते हैं। वह बोले, कई बार मैं कपड़ों को लेकर सजग होने लगता हूं क्योंकि मैं आरामदायक चीजें पहनने में यकीन रखता हूं। कई बार लोग बोलते हैं कि मैं दिखावा कर रहा हूं, कई बार बोलते हैं कि कुछ ज्यादा सिंपल हूं। चप्पल पहन ली तो सिंपल हो जाऊंगा क्या? पर कभी-कभी इस बात के लिए भी कॉन्शियस होने लगता हूं। विजय बोले, अगर किसी फंक्शन में जाता हूं, लोग बहुत अच्छे से तैयार होते हैं तो मैं असहज होने लगता हूं। इसलिए मैं ऐसी जगहों पर ज्यादा जाने से बचता हूं जहां सहज नहीं हूं। बता दें कि जवान के बाद विजय का जादू अब हिंदी दर्शकों पर भी चल चुका है। लोग कटरीना कैफ के साथ उनकी अपकमिंग फिल्म मेरी क्रिसमस का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मूवी 12 जनवरी को रिलीज होने वाली है।

## सूडोकु नवताल- 6670

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6669 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 8 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

## शब्दजाल - 7417

*शब्दजाल में बाघ परियोजना वाले 10 क्षेत्रों के नाम ढूंढिए. शब्द ऊपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

मेलघाट, कार्बेट, रणथंभौर, बांदीपुर, कान्हा, पलामू, सुंदरवन, सरिस्का, दुधवा, इंद्रावती,

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | इं |
| रा | वि | ली | प्रे | क | न्या | स | रि | स्का | क | द्रा |
| चु | मे | ल | घा | ट | छ | मि | दु | ब | वृ | व |
| इं | का | न्हा | न | बा | वा | स | थु | ध | ष | ती |
| डि | बें | मी | ल | म | र | न | क्रो | न | वा | च |
| या | ट | न | र | रा | क | ण | ती | ण | बां | र |
| द | सिं | र्निं | ग | ट्रे | न | र | थं | बा | दी | स |
| क | सुं | द | र | व | न | क | फ | भौ | पु | क |
| रा | म | तु | प | रा | म | स | या | औ | र | आ |
| क | गॉ | ल | प | ला | जी | कुं | भ | म | प | द |
| क | ड | क | र्क | या | मू | र्त | व्य | ब | त | म |

### शब्दजाल - 7416 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | द्वा | रि | का | ग | द | रि | सि | या | र | क |
| दा | वि | ल | मा | व | जी | ब | द्री | ना | थ | ली |
| गि | स | शे | ख्या | बा | छ | ची | ता | रा | क | क |
| उ | ज्जै | न | दो | पु | ज | न | ह | न | त | क |
| क | खु | मा | ता | वै | ष्णो | दे | वी | ग | व | क |
| जी | द | रा | प | य | ख | पू | शि | हि | र | ह |
| ती | लो | म | मे | या | प | र | र | र | र | रि |
| क | र्ज | ल्जा | इ | श्व | ब | क | डी | लो | श | द्वा |
| ने | बा | म | न्न | ब | र | त्या | री | श | प | र |
| ति | रु | प | ति | व | जी | म | थु | रा | हा | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | गा | य | द | प | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## अष्टयोग- 6370

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 7 | | 6 | 4 |
| 3 | 29 | 6 | 37 | 2 | 31 | 1 |
| | 3 | | 1 | | 2 | |
| 5 | 29 | 1 | 33 | | 37 | 6 |
| | 1 | | 5 | | 4 | |
| 2 | 33 | 4 | 31 | 3 | 30 | 7 |
| 7 | 6 | | 4 | | 3 | 2 |

*प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है.खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं.गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी.सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.*

### अष्टयोग 6369 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 2 | 6 | 3 | 5 | 1 | 7 |
| 2 | 32 | 4 | 39 | 7 | 34 | 4 |
| 6 | 1 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 |
| 5 | 30 | 3 | 38 | 6 | 31 | 1 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 3 | 27 | 2 | 25 | 1 | 31 | 6 |
| 7 | 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 5 |

Jagrutidaur.com, Bangalore



# सात्विक–चिराग ने दूसरे दौर में बनाई जगह, 44 मिनट में ही जीता मैच, प्रणय पहले राउंड से बाहर

**कुआलालंपुर।**
**सात्विक साईराज रैंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने यहां मलयेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट में नए सत्र की शुरुआत जीत से करते हुए दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं, एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय पहले दौर में हार गए।**

सात्विक और चिराग की दूसरे नंबर की युगल जोड़ी ने इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी ओर मौलाना बगास की जोड़ी को 44 मिनट में 21–18, 21–19 से पराजित किया। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज प्रणय को अपने एक रैंकिंग स्थान नीचे काबिज खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन से 43 मिनट में 14–21, 11–21 से हार मिली।

पिछले चरण में इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल तक पहुंचे सात्विक और चिराग की जोड़ी अच्छा प्रदर्शन जारी रखकर ड्रॉ में आगे तक पहुंचना चाहेगी। सात्विक और चिराग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी पिछले साल शानदार फॉर्म में थी जिसमें उन्होंने हांगझोऊ एशियाड, इंडोनेशिया में सुपर 1000 खिताब, कोरिया ओपन सुपर 500 खिताब और स्विस ओपन सुपर 300 खिताब जीता था जिससे उन्होंने थोड़े समय के लिए करियर की सर्वश्रेष्ठ नंबर एक रैंकिंग भी हासिल की थी।

इस भारतीय जोड़ी ने ताकतवर स्मैश से पहले गेम में दबदबा बनाते हुए 8–4 से बढ़त हासिल की और फिर इसे अपने नाम करने तक पिछड़े नहीं। दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ज्यादातर समय पिछड़ती रही, लेकिन एक बार 19–19 की बराबरी के बाद उन्होंने अंत के दो अंक अपने खाते में डालकर जीत हासिल की।

प्रणय का भी पिछला सत्र शानदार रहा था जिसमें उन्होंने विश्व चैंपियनशिप और एशियाड में कांस्य पदक जीतने के अलावा मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 खिताब भी जीता था। लेकिन सत्र के शुरुआती मैच में वह अपने प्रतिद्वंद्वी की तेजी के साथ बराबरी नहीं कर सके।

## न्यूज ब्रीफ

### तदर्थ समिति गठित करने के खिलाफ अदालत जाएंगे : संजय सिंह



नई दिल्ली । भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह ने खेल मंत्रालय द्वारा कुश्ती के संचालन के लिए तदर्थ समिति गठित करने के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि वह इस मामले को लेकर अदालत में जाएंगे। संजय ने कहा, ‘खेल मंत्रालय ने हमारी गतिविधियों को निलंबित करते हुए एक तदर्थ समिति बनाई है जबकि हम एक स्वायत्त निकाय हैं और नियमों के अनुसार खेल मंत्रालय ना तो हमारी गतिविधियां रोक सकते हैं और ना ही हमें काम करने से रोक सकते हैं। वे भारतीय कुश्ती महासंघ की सहमति के बगैर तदर्थ समिति नहीं बना सकते। वहीं डब्ल्यूएफआई में अध्यक्ष पद को लेकर हुए विवादों पर उन्होंने कहा, ‘कुश्ती को 11 महीने से ग्रहण लगा है। एक साल बीत गया ना कोई राष्टीय प्रतियोगिता हुई और ना ही कोई शिविर लगा। जूनियर बच्चे निराश हैं। उन्होंने आंदोलनकारी पहलवानों पर निशाना साधते हुए कहा कहा कि उन्होंने कुश्ती को बर्बाद करने के लिए सारे प्रयास कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि 2012 से पहले की पदक तालिका उठाकर देख लें और 2012 से अभी तक की पदक तालिका देख लें तो समझ में आ जाएगा कि कुश्ती का विकास किसने किया क्योंकि केवल कुश्ती महासंघ पर कब्जा करने के लिए यह सब कुछ किया गया।

### लामिछाने को 8 साल की सजा



काठमांडू । नेपाल की शीर्ष अदालत ने क्रिकेटर संदीप लामिछाने को बलात्कार के मामले में 8 साल की सजा सुनाई। शिशिर राज ढकाल की पीठ ने इस मामले में हुई सुनवाई के बाद लामिछाने को आठ साल की कैद की सजा सुनाई इसके साथ ही उन्हें पीड़िता को मुआवजा भी देना होगा। इससे पहले काठमांडू जिला न्यायालय की अदालत ने भी लामिछाने को बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया था। पिछले साल दिसंबर में शिशिर ढकाल की पीठ ने दोनों पक्षों के अंतिम बयान सुनने के बाद अब इस मामले में फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इससे पहले इस साल 23 फरवरी को इस मामले को त्वरित फास्ट–ट्रैक के माध्यम से जल्द फैसले तक पहुंचाने का आदेश दिया था पर सुनवाई पूरी न होने के कारण ऐसा नहीं हो पाया। तब इस क्रिकेटर के विश्व कप क्वालीफायर में भाग लेने को देखते हुए अदालत ने बार–बार सुनवाई रोकी थी। इस दौरान लामिछाने जमानत पर थे और उन्हें विदेश यात्रा की भी अनुमति दे दी गई थी। वहीं इस मामले में पाटन उच्च न्यायालय ने 12 जनवरी को नाबालिग से बलात्कार के मामले में लामिछाने को हिरासत में रखने के लिए आधार की कमी का हवाला देते हुए न्यायिक हिरासत में भेजने के काठमांडू जिला न्यायालय के आदेश को रद्द कर दिया था। अगले दिन उन्हें 20 लाख रुपए की जमानत पर रिहा कर दिया गया था।


### अंकिता को आईटीएफ महिला ओपन में सीधे प्रवेश मिला





बेंगलुरू । अंकिता रैना यहां 14 जनवरी से होने वाले 40 हजार डॉलर इनामी राशि वाले आईटीएफ महिला ओपन के लिए सीधे प्रवेश मिला है। पिछले साल की उप विजेता और एकल में विश्व की 208वें नंबर की खिलाड़ी अंकिता मुख्य वर्ग में सीधे प्रवेश पाने वाली 20 खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं 4 खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है जबकि 8 खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में जाएंगे। इस टूर्नामेंट की मेजबानी कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ कर रहा है। इसके एकल मुख्य ड्रॉ में भारत की 10 खिलाड़ी खेल सकती हैं। अंकिता के अलावा चार खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश मिला है जबकि 5 खिलाड़ी क्वालीफायर के जरिए मुख्य ड्रॉ में पहुंचेंगे। इसके क्वालीफायर मुकाबले 14 और 15 जनवरी को होंगे। वहीं फाइनल 21 जनवरी को होगा। स्थानीय खिलाड़ी सोहा सादिक और सुहिता मारुरी वाइल्ड कार्ड पाने वाली भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं। वहीं लात्विया की दार्जा सेमेनिस्ताजा 143वीं एकल रैंकिंग के साथ टूर्नामेंट में शीर्ष रैंकिंग वाली खिलाड़ी हैं। यह टूर्नामेंट का तीसरा सत्र होगा जो पहली बार क्रत्रिम रोशनी में खेला जाएगा।

# गत विजेता नोवाक जोकोविच को मिला आसान ड्रॉ, सोफिया केनिन से इगा स्वियातेक का मुकाबला

**नई दिल्ली।**
**ऑस्ट्रेलियन ओपन को 10 बार जीत चुके दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच टूर्नामेंट के आगामी सीजन में 11वीं बार खिताब जीतने उतरेंगे। 14 जनवरी से ऑस्ट्रेलियन ओपन में मुख्य दौर के मैच शुरू होंगे। इसके लिए ड्रॉ जारी कर दिए गए हैं। सर्बिया के 24 ग्रैंड स्लैम विजेता जोकोविच को पहले दौर में आसान ड्रॉ मिला है। वह क्वालीफायर के जरिए टूर्नामेंट में एंट्री लेने वाले खिलाड़ी से भिड़ेंगे। अभी उनके विपक्षी के नाम का एलान नहीं हुआ। क्वालीफायर मुकाबले 13 जनवरी तक चलेंगे। हाल ही में कलाई की चोट से परेशान रहे जोकोविच वापसी करने के लिए दृढ़ हैं। उन्हें हाल ही में यूनाइटेड कप में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। 2018 के बाद ऑस्ट्रेलियाई धरती पर यह उनकी पहली हार थी। इसके बावजूद जोकोविच खिताब जीतने के प्रबल दावेदार हैं। वह 2008, 2011, 2012, 2013, 2015, 2016, 2019, 2020, 2021 और 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं। इस बार वह खिताब बचाने के लिए उतरेंगे।**





### जोकोविच को टक्कर देंगे अल्काराज

जोकोविच को खिताब जीतने के लिए स्पेन के कार्लोस अल्काराज से कड़ी टक्कर मिलेगी। अल्कारेज पहले दौर में अनुभवी रिचर्ड गास्केट के खिलाफ उतरेंगे। अल्काराज में इस सीजन में बिना किसी प्रतिस्पर्धी मैच के मैदान में उतर रहे हैं। वह गास्केट के खिलाफ मजबूत शुरुआत करना चाहते हैं।

### पहले खिताब पर स्वियातेक की नजर

महिलाओं के ड्रॉ में दुनिया की नंबर–1 महिला खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन की विजेता सोफिया केनिन के खिलाफ उतरना होगा। दोनों के बीच यह मुकाबला काफी रोमांचक होगा। स्वियातेक तीन बार फ्रेंच ओपन और एक बार यूएस ओपन में चैंपियन बनी हैं। वह ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में अब तक नहीं पहुंच पाई हैं। उनकी नजर पहली बार मेलबर्न में खिताब जीतने पर है।

### रायबाकिना के सामने प्लिस्कोवा की चुनौती

मौजूदा चैंपियन और आर्यना सबालेंका को पहले दौर में क्वालीफायर का सामना करना है। बेलारूस की सबालेंका दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी हैं। वहीं, तीसरी वरीयता प्राप्त एलेना रायबाकिना का मुकाबला चेक गणराज्य की कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा। प्लिस्कोवा दुनिया में 37वें नंबर की खिलाड़ी हैं। यूएस ओपन की विजेता कोको गॉफ पहले दौर में स्लोवाकिया की अन्ना करोलिना श्मीडलोवा से भिड़ेंगी। जापान की नाओमी ओसाका ने एक अंतराल के बाद ग्रैंड स्लैम टेनिस में बहुप्रतीक्षित वापसी की है। उनका मुकाबला फ्रांस की कैरोलिन गार्सिया से होगा।

### बेरिटिनी से सितसिपास का मुकाबला

पिछले साल के फाइनलिस्ट ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास का मुकाबला पहले दौर में माटेओ बेरेटिनी से होगा। दो बार के फाइनलिस्ट रूस के दानिल मेदवेदेव को अपने पहले मैच में क्वालीफायर का सामना करना पड़ेगा। इटली के यानिक सिनर नीदरलैंड के बोटिक वैन डी जैंडस्चुल्प से खेलेंगे।

# हरियाणा की नैंसी ने एशियाई शूटिंग में जीता स्वर्ण, वालरिवान को रजत पुरुषों में रुद्रांक्ष को कांस्य





**जकार्ता।**
**एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारतीय निशानेबाजों का स्वर्णिम प्रदर्शन जारी है। पिस्टल शूटरों के बाद राइफल में भारतीय निशानेबाजों ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में हरियाणा की नैंसी ने कांटे के संघर्ष में एलावेनिल वालरिवान को परास्त कर स्वर्ण जीता। वहीं पुरुषों की इस इवेंट में रुद्रांक्ष पाटिल ने कांस्य पदक जीता।**

### क्वालिफाइंग में शीर्ष पर रहीं एलावेनिल

फाइनल में नैंसी और एलावेनिल के बीच जबरदस्त संघर्ष हुआ। नैंसी ने 252.8 का स्कोर किया तो एलावेनिल 252.7 का स्कोर कर स्वर्ण से चूक गईं। 10वें शॉट पर एलावेनिल को 9.7 का निशाना लगाना भारी पड़ गया। क्वालिफाइंग राउंड में एलावेनिल 633.2 का स्कोर कर शीर्ष पर थीं, जबकि नैंसी 632.4 का स्कोर कर दूसरे और चौथे स्थान पर रहने वाली मेहुली घोष ने 631 का स्कोर किया।

### अर्जुन भी फाइनल में पहुंचे

पुरुषों के फाइनल में रुद्रांक्ष ने 228.7 का स्कोर कर कांस्य जीता। चीन के मा सिहान (251.4) ने स्वर्ण और कोरिया के दाएहान चोए ने रजत जीता। रुद्रांक्ष ने क्वालिफाइंग दौर में 630.4 का स्कोर किया और वह तीसरे स्थान पर थे। अर्जुन बबूता चौथे स्थान पर रहते हुए फाइनल में पहुंचे, लेकिन फाइनल में वह छठे स्थान पर रहे। भारत राइफल में दांव पर लगे सभी आठ ओलंपिक कोटा हासिल कर चुका है।

# युवा तेज गेंदबाज वासुकी को मिल सकती है भारतीय टीम में जगह

**नई दिल्ली।**
**कर्नाटक के युवा तेज गेंदबाज वासुकी कौशिक ने हाल ही में रणजी ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन से सभी का ध्यान खींचा है। माना जा रहा है कि वासुकी आने वाले समय में एक बेहतरीन तेज गेंदबाज बनकर उभरेंगे। इस युवा तेज गेंदबाज से टीम के वर्तमान तेज गेंदबाजों मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह को भी टक्कर मिल सकती है जबकि इनके सामने बल्लेबाजों को बेहद मुश्किलें होती हैं। बुमराह अपनी खतरनाक यार्कर जबकि शमी अपनी स्विंग से बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए जाने जाते हैं।**



वासुकी ने पंजाब के खिलाफ 15 ओवर में 41 रन देकर 7 विकेट लेकर पंजाब को पहली पारी में 152 रन पर आउट करने में अहम भूमिका निभाई थी। उनकी इस शानदार गेंदबाजी के दम पर पर कर्नाटक की टीम 7 विकेट से मैच जीतने में सफल हुई थी।

वासुकी ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में जबरदस्त प्रदर्शन किया है इस गेंदबाज के घरेलू क्रिकेट के प्रदर्शन पर नजर डालें तो उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अभी तक खेले 10 मैचों में 49 विकेट लिए हैं। वहीं 34 लिस्ट ए मैचों में उन्होंने 64 और 33 टी 20 में 40 विकेट लिए हैं। इसके बाद भी हालांकि इस गेंदबाज को अब तक आईपीएल में भी अवसर नहीं मिला है। रणजी ट्रॉफी में किए गए शानदार प्रदर्शन के बाद इस युवा गेंदबाज की जमकर तारीफ हो रही है। ऐसे में बीसीसीआई उन्हें भारतीय टीम में भी शामिल कर सकती है।

# पंजाब के खिलाड़ियों की बल्ले–बल्ले, मुख्यमंत्री मान ने इनाम के तौर पर दिए 8.30 करोड़; प्लेयर्स ने देश में कमाया नाम

**चंडीगढ़।**
मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य के सबसे बड़े खेल मुकाबले खेडां वतन पंजाब दीयां के दूसरे भाग की औपचारिक समाप्ति का एलान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य भर में हुए इन खेलों में 4.5 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

### पंजाब के लिए जारी रखेंगे मेडल लाना

उन्होंने कहा कि खेल के दौरान राज्य भर के स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक के विजेता 11 हजार खिलाड़ियों के लिए 8. 30 करोड़ रुपए की इनामी राशि जारी की गई है। यह राशि खिलाड़ियों के बैंक खातों में जल्द ट्रांसफर कर दी जाएगी। मान ने इन खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि यह खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में राज्य के लिए मेडल लाना जारी रखेंगे।

### नामी राशि समेत कुल 8.30 करोड़ रुपये के नकद इनाम दिए

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल आठ उम्र वर्गों के 35 मुकाबले करवाए गए और पहली बार इन खेलों में रगबी, साइकलिंग, घुड़ सवारी, वुशू और वॉलीबाल शूटिंग को भी शामिल किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार अंडर– 14, 17, 21, 21 से 30, 31 से 40, 41 से 55, 56 से 65 साल और 65 साल से अधिक उम्र वर्ग के मुकाबले करवाए गए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वर्ण पदक विजेता को 10 हज़ार, रजत के लिए सात हजार और कांस्य पदक विजेता के लिए पांच हजार की इनामी राशि समेत कुल 8.30 करोड़ रुपये के नकद इनाम खिलाड़ियों को दिए गए। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यह खेल खिलाड़ियों को अपने हुनर के प्रदर्शन के लिए एक प्लेटफार्म मुहैया करने की दिशा में बड़ा कदम है। यह खिलाड़ियों की क्षमता और कमजोरियों की पहचान करने के लिए मददगार होगा। यह कदम खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करने के लिए सहायक साबित होगा।



## अंडर– 19 ट्राई सीरीज का फाइनल रद्द

# साउथ अफ्रीका-भारत ने शेयर की ट्रॉफी; बारिश के कारण टॉस तक नहीं हो सका

**नई दिल्ली ।**
भारत और साउथ अफ्रीका के बीच अंडर–19 ट्राई सीरीज का फाइनल मैच रद्द हो गया। ओल्ड एडवर्डियन्स क्रिकेट क्लब ग्राउंड पर दिनभर बारिश हुई। जिस कारण टॉस तक नहीं हो सका। फाइनल बेनतीजा होने के कारण दोनों टीमों ने ट्रॉफी शेयर की।

मुकाबले के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ट्रॉफी सेरेमनी के फोटोज शेयर किए। मैच रेफरी ने मुकाबला शुरू करने के लिए कट ऑफ टाइम तक का इंतजार किया। लेकिन, बारिश नहीं रुकने की वजह से अंत में मैच को रद्द करने का फैसला किया गया।

### लीग स्टेज में टीम इंडिया ने सभी मैच जीते



भारत की अंडर–19 क्रिकेट टीम ने लीग स्टेज में एक भी मैच नहीं गंवाया। टीम ने लीग स्टेज के दौरान सभी मुकाबलों को एकतरफा अंदाज में जीता। भारत ने पहले मैच में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया।

दूसरा मैच में भारत ने साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से, तीसरे में अफगानिस्तान को 9 विकेट से और चौथे में फिर साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हराया। टीम 8 पॉइंट्स के साथ ग्रुप स्टेज में टॉप पर रही और ट्रॉफी जीतने की प्रबल दावेदार थी। लेकिन बारिश ने टीम इंडिया का सपना पूरा नहीं होने दिया।

### टीम इंडिया की नजरें अंडर-19 वर्ल्ड कप पर

टीम इंडिया की नजरें अब अंडर–19 वर्ल्ड कप का खिताब जीतने पर। भारत ने अब तक कुल 5 बार अंडर–19 वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया है। टीम प्रीटोरिया में अंडर–19 वर्ल्ड कप के वॉर्म–अप मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। श्रीलंका के खिलाफ टीम 17 जनवरी को दूसरा वॉर्म–अप मैच खेलेगी। अंडर–19 वर्ल्ड कप में लीग स्टेज के मुकाबले 19 जनवरी से शुरू होंगे। भारत अपना पहला मैच बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा।

## हरमनप्रीत से कोई अनबन नहीं : एलिसा

मुंबई । ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की कप्तान एलिसा हीली ने उनके ओर भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर के बीच अनबन की खबरों को गलत बताते हुए कहा कि मैदान में जो कुछ भी होता है वह प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का ही हिस्सा है। एलिसा ने कहा कि वे सिर्फ प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। इस क्रिकेटर ने भारत के खिलाफ तीसरा टी20 मैच सात विकेट से जीतने के बाद कहा, ‘मैं इतना ही कहूंगी कि हम बस प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेल रहे थे। इस मैच में हरमनप्रीत ने एलिसा की तरफ तेजी से गेंद फेंकी थी। तब उन्होंने मुस्कुराकर जवाब दिया था। गेंद उनके बल्ले से टकराकर सीमारेखा पर चली गई जबकि फील्डिंग में बाधा पहुंचाने की हरमनप्रीत की अपील खारिज हो गई। एलिसा ने कहा, ‘हम दोनों ही कप्तान की भूमिका अलग अलग तरह से निभाते हैं। मेरी तरफ से शत्रुता जैसा कुछ नहीं है। मैं स्टम्प के पीछे काफी आक्रामक रहती हूं और अगर आप इसका मुकाबला करना चाहते हैं तो उसी तरीके से व्यवहार करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में इस साल के अंत में होने वाले टी20 विश्व कप और भारत में अगले साल 50 ओवरों के विश्व कप को देखते हुए यह दौरा काफी अहम था। इससे हमें काफी कुछ सीखने को मिला।



# अगस्त्य नंदा ने इंस्टाग्राम पर किया डेब्यू

## रूमर्ड गर्लफ्रेंड सुहाना खान ने किया फॉलो

डायरेक्टर जोया अख्तर की फिलम *द आर्चीज* से डेब्यू कर चुके अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा (अगस्त्य नंदा) ने अब अपना डेब्यू सोशल ोडिया पर कर लिया है। पर्दे पर आने के बाद अब अगस्त्य इंस्टाग्राम पर भी चुके हैं, जो तक सोशल मीडिया से दूर थे। अगस्त्य नंदा (अगस्त्य नंदा) ने यानी 11 जनवरी को इंस्टाग्राम पर अपना डेब्यू किया और अपनी पहली ट की, जिस पर 6 हजार से भी ज्यादा लोगों ने लाइक किया है। वहीं अगस्त्य र्ी की बात करे तो महज 4 घंटों में 7 हजार से ज्यादा लोग उन्हें फॉलो कर रहे इंस्टाग्राम पर अगस्त्य के फॉलोवर्स बढ़ रहे है उससे अंदाजा लगाया जा सकता ा काफी समय से इंतजार कर रहे थें। अगस्त्य की इस फैन-फॉलोइंग में सबसे नकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड सुहाना खान का भी नाम सामने आ रहा है। बता दें, स्त्य नंदा के इंस्टाग्राम पर आते ही सुहाना खान ने उन्हें फॉलो किया और कमेंट र लिखा, वेलकम। सुहाना के अलावा गौरी खान ने भी अगस्त्य नंदा को ॉलो किया और कमेंट में लिखा, बहुत सारा हग और किसेज वाले इमोजी भी जे हैं। सुहाना खान ौर अगस्त्य नंदा छले काफी समय से । फिल्म के प्रमोशन देखी गई थी। कई ऐसे में चर्चाओं का को डेट कर रहे हैं, रफ से कोई बयान ो लेकर बीते दिनों क्ट में नजर आएंगे। अरुण खेत्रपाल की नंदा को कास्ट किया उनके पिता एमएल मिका निभाएंगे। कहा क जनवरी में इसकी ा होगी।





# गुणों का भंडार है मकर संक्रांति पर बनने वाली खिचड़ी




नए साल की शुरुआत के साथ ही अब त्योहारों का सिलसिला भी शुरू होने वाला है। कुछ ही दिनों में मकर संक्रांति का त्योहार आने वाला है। इस साल यह त्योहार 15 जनवरी को मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में इस त्योहार का बड़ा महत्व है। इस दिन सूर्य उत्तरायण होता है। मकर संक्रांति के दिन घरों में तिल के लड्डू और खिचड़ी बनाने की परंपरा है। खिचड़ी का नाम सुनते ही अक्सर लोग मुंह बनाने लगते हैं। कई लोगों का ऐसा मानना है कि यह बीमारों का खाना होती है, लेकिन यह पूरी गलत है। स्वादिष्ट होने के साथ-साथ खिचड़ी आपकी सेहत के लिए काफी फायदेमंद भी होती है। आइए जानते हैं इससे होने वाले कुछ गजब के फायदे- खिचड़ी को बीमारी में खाया जाने वाला खाना इसलिए कहा जाता है, क्योंकि बीमार होने पर खिचड़ी आपके लिए बढ़िया विकल्प होती है। कम मसाले और साबुत अनाज से बनी होने के कारण यह पचाने में आसान होती है। खिचड़ी ग्लूटेन फ्री फूड का एक बढ़िया और आसान विकल्प है। इसे आमतौर पर चावल, दाल और सब्जियों के साथ पकाया जाता है और इसमें गेहूं का इस्तेमाल बिल्कुल नहीं होता, जिससे यह एक ग्लूटेन फ्री ऑप्शन साबित होता है। कम तेल, घी और मसाले से बनी होने की वजह से खिचड़ी हमारे दिल के लिए काफी फायदेमंद होती है। अगर आप अपने बढ़ते वजन से परेशान हैं, तो वजन कम करने के लिए खिचड़ी एक बढ़िया विकल्प है। यह आपके पेट को लंबे समय तक भरा रखता है, जिससे मेटाबॉलिज्म बेहतर होता है और क्रेविंग्स कम होती है। अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो बेझिझक खिचड़ी को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। कम ग्लाइसेमिक इंडेक्स होने के कारण खिचड़ी डायबिटीज से पीड़ित लोगों के लिए एक बढ़िया विकल्प है। दाल, चावल और सब्जियों से मिलकर बनी खिचड़ी प्रोटीन से भरपूर होती है और इसलिए यह स्वास्थ्य के लिए ज्यादा फायदेमंद साबित होती है। खिचड़ी अपने आप में एक संतुलित भोजन है। यह कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, आहार फाइबर, विटामिन सी, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फास्फोरस और पोटेशियम से भरपूर होती है, जो इसे सेहत के लिए गुणकारी बनाते हैं।

# जानें कैसे पड़ा मालदीव का नाम और क्या है इसका भारत से कनेक्शन




मालदीव आज कल खूब चर्चा में है। भारत के साथ चल रहे टकराव के बीच हम आपको बताना चाहते हैं कि भारत और मालदीव का रिश्ता काफी पुराना और गहरा है। दरअसल, मालदीव का नाम भी इस बात का सबूत है। आइए आज यह जानते हैं कि मालदीव का नाम कैसे पड़ा और क्या है इसका भारत के साथ संबंध। दरअसल, मालदीव का नाम संस्कृत से आया है। यह नाम संस्कृत के शब्द मालाद्वीप यानी द्वीपों की माला से आया है। इसके अलावा, ऐसा भी माना जाता है कि मालदीव के नाम का माल, मलयालम भाषा के माला से आया है, क्योंकि यह कई द्वीपों के समूह से बना है, इसलिए इसे द्वीपों की माला कहा जाता है। जैसे एक माला कई मोतियों से मिलकर बनती है, वैसे ही यह देश कई द्वीपों के समूह से बना है, इसलिए इसे मालदीव कहा जाता है। इसके अलावा, श्रीलंका पर लिखी गईएक किताब महावंशा में भी इसके नाम के बारे में बताया गया है। इसमें मालदीव को महिलादिवा यानी महिलाद्वीप बताया गया है। दरअसल मालदीव, 1200 कोरल द्वीपों का एक समूह है, जो हिंद महासागर में मौजूद है। इस देश चारों ओर फैली नीला समुद्र, सफेद रेत और यहां की हरियाली, इस देश की खूबसूरती पर चार-चांद लगाते हैं। अपनी खूबसूरती और शानदार रिजॉर्ट्स की वजह से लोग यहां दुनियाभर से वेकेशन मनाने आते हैं। टूरिज्म मालदीव की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है, यही वजह है कि इस द्वीपों के देश को उसी तरह से विकसित किया गया है कि वे टूरिस्ट अट्रैक्शन बनें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कुछ दिनों पहले, अपने लक्षद्वीप विजिट की तस्वीरें शेयर की थीं, जिसके बाद, मालदीव के कुछ नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। जिसकी वजह से कई भारतीयों ने मालदीव घूमने जाने के अपने प्लान को रद्द कर दिया और इसके बाद सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव ट्रेंड करने लगा था। टूरिज्म कम होने की वजह से मालदीव को काफी नुकसान हो सकता है। आपको बता दें कि मालदीव के टूरिज्म इंडस्ट्री का बड़ा हिस्सा भारत के टूरिस्ट्स की वजह से आता है।

# बिपाशा ने अपने मालदीव भ्रमण की फोटो की डिलीट



अपने पति और बेटी के साथ मालदीव घूमने गईं एक्ट्रेस बिपाशा बसु को उस वक्त खूब ट्रोल किया गया, जब सोशल मीडिया पर मालदीव बनाम लक्षद्वीप को लेकर विवाद हो रहा था। इतना ही नहीं बिपाशा पर देश विरोधी टिप्पणियां भी की गईं। सोशल मीडिया पर तमाम नकारात्मकता को देखते हुए बिपाशा और उनके पति करण सिंह ग्रोवर ने मालदीव की सभी तस्वीरें डिलीट कर दीं। मालदीव के कुछ मंत्रियों ने भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। इसके बाद सोशल मीडिया पर बॉयकॉट मालदीव की का ट्रेंड चल पड़ा। मनोरंजन, उद्योग और खेल के दिग्गज और आम लोग भी लक्षद्वीप का प्रचार करने लगे। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ टिप्पणी पर मालदीव सरकार ने अपने संबंधित मंत्रियों को सीधे निलंबित कर दिया। हालांकि सोशल मीडिया पर अब भी मालदीव के खिलाफ गुस्सा देखने को मिल रहा है। वहीं इन सभी विवादों के बीच बिपाशा बसु और करण सिंह ग्रोवर बेटी के साथ मालदीव में छुट्टियां एन्जॉय कर रहे थे। मालदीव में छुट्टियां एन्जॉय करे बिपाशा बसु की फोटो पर नेटिजन्स ने कमेंट कर दोनों को निशाने पर ले लिया। लोगों ने कमेंट किया कि आधा फिल्म उद्योग मालदीव का बहिष्कार करने की बात कर रहा है और आप मालदीव को बढ़ावा दे रहे हैं। उनकी फोटो पर शर्म करो जैसे कमेंट भी आए। अब आखिरकार दोनों ने मालदीव की तस्वीरें डिलीट कर दिया है। कई लोगों ने उन्हें वापस आने के लिए चुनौती दी। मालदीव का भ्रमण रद्द करने और लक्षद्वीप का दौरा करने की सलाह भी दी गई। बिपाशा हाल ही में भारत लौट आई हैं।




मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं **गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।**
**संपादक : राकेश शर्मा,** मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● **कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 ( संपादकीय )** e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, **( सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन )**